वार्षिक पत्रिका : 2018-19 (वि.स. 2075-76)

तमसो मा ज्योतिर्गमय

चमन संदेश

चमन लाल महाविद्यालय, लंढौरा

जनपद हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

हमारे प्रेरणा पुंज

कीर्तिशेष पंडित चमन लाल शम

जगमग रहेंगे दीपक तुम तो जला गये हो, रोशन रहेंगी राहें तुम जो दि गये हो।
कर्म रहा जिन का धर्म शिक्षा को पूर्ण समर्पण, उस मानव को नमन प्रभु च पर अर्पण।।

चमन संदेश

वार्षिक पत्रिका : 2018–19 (वि.स. 2075–76)

मुख्य संरक्षक
श्री ईश्वर चन्द शर्मा, संस्थापक
(चमन लाल महाविद्यालय, लंढौरा, हरिद्वार)
श्री राम कुमार शर्मा, अध्यक्ष, प्रबंध समिति

संरक्षक
श्री अरुण कुमार हरित, सचिव, प्रबन्ध समिति
श्री अतुल हरित, कोषाध्यक्ष, प्रबन्ध समिति

मार्गदर्शक
डॉ. सुशील उपाध्याय, प्राचार्य

सम्पादक
डॉ. तरुण कुमार गुप्ता

सम्पादक मंडल
- श्री आशुतोष शर्मा
- डॉ. अनिता रानी
- डॉ. अपर्णा शर्मा
- डॉ. किरन शर्मा
- डॉ. ऋचा चौहान

छात्र सम्पादक
- अंशुल (B.Sc. Ist)
- अब्दुल समद (B.Com. Ist)
- युसरा (B.Sc. IInd)
- प्रतिभा (B.Com. IInd)
- तनु (B.A. Ist)
- स्वाति (B.A. IInd)

प्रकाशक
प्राचार्य, चमन लाल महाविद्यालय, लंढौरा (हरिद्वार)

मुद्रक
समय साक्ष्य, 15 फालतू लाईन
देहरादून–248001
फोन: 0135–2658894

ISBN : 978-93-88165-44-0

चमन लाल महाविद्यालय, लंढौरा
जनपद हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

आगामी अंक के लिए आपके सुझाव हेतु
Email:editorclm@gmail.com
Ph.: 9997998050, 9917489599

महाविद्यालय के संस्थापक

पंडित ईश्वर चन्द शर्मा

श्री राम कुमार शर्मा, अध्यक्ष, प्रबंध समिति

आज चमन लाल महाविद्यालय, लण्ढौरा शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम बन चुका है। यहाँ सुयोग्य अध्यापकों द्वारा विषयों के अध्यापन के साथ–साथ छात्र–छात्राओं के अन्दर समाज के प्रति सेवा भाव, राष्ट्र के प्रति श्रद्धा एवं प्रेम को ओर दृढ़ किया जाता है। ग्रामीण परिवेश में स्थित यह महाविद्यालय युवाओं का बहुमुखी विकास करेगा, इस आशा के साथ सभी अभिभावकों एवं छात्र–छात्राओं से राष्ट्र निर्माण के यज्ञ में सक्रिय सहयोग अपेक्षित है। हम सभी कीर्तिशेष पं. चमन लाल जी के जीवन–आदर्शों को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। इस अखण्ड यात्रा मे सभी सहयोगी, शुभचिंतकों, प्रबन्ध समिति के समस्त पदाधिकारी गण, प्राचार्य, शिक्षकवृंद एवं कर्मचारी और बड़े लक्ष्यों के लिए कार्य करेंगे, ऐसी कामना है।

श्री अरुण कुमार हरित
सचिव, प्रबंध समिति

श्री अतुल हरित
कोषाध्यक्ष, प्रबंध समिति

प्रकाश पन्त
मंत्री
विधायी, संसदीय कार्य, भाषा, वित्त,
आबकारी, पेयजल एवं स्वच्छता,
गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग

उत्तराखण्ड सरकार

विधान भवन
देहरादून – 248001
दूरभाष : 0135–2665088 (का.)
0135–2665988 (फै.)
0135–2740844 (आ.)
Email : pant174@gmail.com

संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि चमन लाल महाविद्यालय, लण्ढौरा, हरिद्वार द्वारा अपनी वार्षिक पत्रिका 'चमन संदेश'' का गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रिका के माध्यम से लण्ढौरा (रूड़की) के ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र समुदाय को उच्च शिक्षा से सम्बन्धित शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी मिलेंगी। महाविद्यालय द्वारा उच्च शिक्षा की विभिन्न गतिविधियों को प्रदर्शित करने एवं छात्र समुदाय की प्रतिभा को निखारने में यह पत्रिका ''चमन संदेश'' महत्वपूर्ण एवं उपयोगी सिद्ध होगी। उम्मीद करता हूँ कि पत्रिका के माध्यम से पाठकों को उच्च शिक्षा से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त होंगी, जो कि उनके भविष्य के लिए भी सहायक सिद्ध होगी। महाविद्यालय का यह प्रयास अत्यन्त सराहनीय है।

''चमन लाल महाविद्यालय'' की उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करते हुए वार्षिक पत्रिका ''चमन संदेश'' के उद्देश्यपूर्ण सफल प्रकाशन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

(प्रकाश पन्त)

पुण्य-स्मरण

इस पत्रिका के प्रकाशन की प्रक्रिया के दौरान दिनांक 05 जून, 2019 को श्री प्रकाश पंत जी का आकस्मिक निधन हो गया। महाविद्यालय परिवार एवं सम्पादक मण्डल उनके प्रति भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

सम्पादक

डॉ. हरक सिंह रावत
मंत्री
वन एवं जीव, पर्यावरण एवं
ठोस अपशिष्ट निवारण, श्रम, सेवायोजन,
कौशल विकास, आयुष एवं आयुष शिक्षा

उत्तराखण्ड सरकार

विधान सभा भवन उत्तराखण्ड
कक्ष सं. : 07
देहरादून - 248001
दूरभाष : 0135-2665155 (का.)
0135-2665399 (फै.)
0135-2531210 (आ.)
9411114793 (मो.)

संदेश

यह जानकार हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि चमन लाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लण्ढौरा, जनपद हरिद्वार द्वारा अपनी वार्षिक पत्रिका '**चमन संदेश**' का प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रिका में विभिन्न विषय विशेषज्ञों, पत्रकारों, सहित्यकारों व लेखकों के लेख प्रकाशित किये जाएंगे। पत्रिका में महाविद्यालय की गतिविधियों की जानकारी, विभिन्न समसायियक विषयों पर आधारित लेख, कहानी कविता, सामान्य जानकारियां व महत्वपूर्ण जानकारियां का भी प्रकाशन किया जायेगा। पत्रिका के माध्यम से ही महाविद्यालय की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की महत्वपूर्ण जानकारी व संस्कृति, धार्मिक तथा पारम्परिक रीति-रिवाजों का ज्ञान पाठकों एवं आम जनमानस को सहजता से प्राप्त हो सकेगी।

चमन लाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लण्ढौरा, जनपद हरिद्वार के द्वारा प्रकाशित पत्रिका '**चमन संदेश**' के सफल प्रकाशन हेतु मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

(डॉ. हरक सिंह रावत)

Email : info@cldcollege.com
cldegree21@gmail.com
Website : www.cldcollege.com

Mob. : 9997998050
Mob. : 09927027669

चमन लाल महाविद्यालय

CHAMAN LAL MAHAVIDHYALYA

सम्बद्ध- श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाही थौल, टिहरी (गढ़वाल)
लण्ढौरा (हरिद्वार) उत्तराखण्ड

पत्रांक :

दिनांकः .....

शुभ संदेश

यह हम सभी के लिए प्रसन्नता का विषय है कि चमन लाल महाविद्यालय, लंढौरा, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) की वार्षिक पत्रिका 'चमन संदेश' का नवीन संस्करण प्रकाशित होने जा रहा है। यद्यपि इस तरह की पत्रिकाओं में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं की रचनाओं को प्राथमिकता के आधार पर स्थान दिया जाता है, तथापि विद्यार्थियों की रचनाओं से संस्था की गुणात्मक झलक दिखाई पड़ती है।

महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के अनुशासनात्मक परिवेश में अध्ययन करने, प्रतियोगी परीक्षाओं में स्थान बनाने तथा सामाजिक क्षेत्र में रचनात्मक कार्य करते रहने संबंधी खबरें पढ़कर मुझे काफी प्रसन्नता होती है।

मैं महाविद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों व विशेष रूप से सम्पादक, सम्पादक मण्डल एवं प्राचार्य को बधाई देता हूँ। जिनके रचनात्मक प्रयास से पत्रिका के आगामी अंक का सफल प्रकाशन होने जा रहा है। इस श्रेष्ठ प्रकाशन के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं

R Sharma

(राम कुमार शर्मा)
अध्यक्ष, प्रबंध समिति

Email : info@cldcollege.com
cldegree21@gmail.com
Website : www.cldcollege.com

Mob. : 9997998050
Mob. : 9927027660

चमन लाल महाविद्यालय
CHAMAN LAL MAHAVIDHYALYA

सम्बद्ध- श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाही थौल, टिहरी (गढ़वाल)
लण्ढौरा (हरिद्वार) उत्तराखण्ड

पत्रांक :

दिनांक: ....

शुभ संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई है कि चमन लाल महाविद्यालय, लंढौरा, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) द्वारा अपनी वार्षिक पत्रिका "चमन संदेश" का आगामी अंक प्रकाशित करने जा रहा है।

आशा है, पत्रिका में महाविद्यालय से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारियां, कतिपय ज्ञानवर्द्धक, रूचिपरक एवं सारगर्भित जानकारियों का समावेश होगा। इस पत्रिका में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के सारगर्भित लेख भी छात्र-छात्राओं के लिए पथ प्रदर्शक का कार्य करेंगे। पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य एवं सम्पादक मण्डल को बहुत-बहुत बधाई। महाविद्यालय परिवार को नववर्ष 2019 की हार्दिक शुभकामनाएं।

(अरुण कुमार हरित)
सचिव, प्रबंध समिति

Email : info@cldcollege.com
cldegree21@gmail.com
Website : www.cldcollege.com

Mob. : 9997998050
Mob. : 09927027669

चमन लाल महाविद्यालय

CHAMAN LAL MAHAVIDHYALYA

सम्बद्ध- श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाही थौल, टिहरी (गढ़वाल)
लण्ढौरा (हरिद्वार) उत्तराखण्ड

पत्रांक :

दिनांकः .....

शुभ संदेश

हम सबका जीवन लक्ष्य एक हो, हृदय और मन एक हों ताकि हम परस्पर मिलकर जीवन में उस एक लक्ष्य को प्राप्त करें जो समन्वय और सहयोग की भावना से अनुप्राणित हो। कुछ भी बनने से पूर्व हम मनुष्य बनें और बनाये।

अस्तु 'चमन संदेश' को एक नये कलेवर में सादगी से सजाकर आपके समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। यह हार्दिक प्रसन्नता का विषय हैं। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'चमन संदेश' का प्रकाशन शैक्षणिक, समृद्धता, अर्थगाम्भीर्यता युक्त हो, ऐसी मै आशा करता हूँ।

मै माँ सरस्वती का वरदहस्त प्राप्त करने वाले महाविद्यालय के प्राचार्य, संपादक, संपादक मण्डल के सभी सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

(अतुल हरित)
कोषाध्यक्ष, प्रबंध समिति

उठो, जागो, लक्ष्य की ओर बढ़ो....

उठो, जागो, लक्ष्य की ओर बढ़ो...'चमन संदेश' का दूसरा अंक आपके सामने है। इस पत्रिका में गुणात्मक और रचनात्मक, दोनों स्तरों पर बदलाव दिखाई देंगे। यह रचनात्मक मंच और बड़े रूप में आपके सामने है। महाविद्यालय प्रबंध समिति के माननीय अध्यक्ष श्री रामकुमार शर्मा जी लगातार इस बात पर जोर देते रहे हैं कि महाविद्यालय पत्रिका एक उच्च स्तरीय प्रकाशन होना चाहिए और इसमें शिक्षकों, कार्मिकों और छात्र–छात्राओं की रचनात्मक सहभागिता होनी चाहिए। पत्रिका के स्तर को प्रामाणिक बनाने के लिए गत वर्ष से ही इसके लिए आईएसबीएन नंबर प्राप्त किया गया। इसका अर्थ यह है कि पत्रिका में प्रकाशित किसी भी लेख, टिप्पणी या सामग्री को वही स्तर प्राप्त है जो किसी पुस्तक में प्रकाशित सामग्री को होता है।

गत सत्र में पत्रिका में हिंदी, अंग्रेजी के अलावा संस्कृत में लिखी गई सामग्री को सम्मिलित किया गया है। इस बार उर्दू में लिखी गई सामग्री को भी पत्रिका का हिस्सा बनाया गया है। चूंकि, महाविद्यालय में लगभग आधे बच्चे अल्पसंख्यक समुदाय से संबंध रखते हैं, इसलिए उनकी भाषा के संरक्षण–संवर्धन के दायित्व को भी महाविद्यालय महसूस करता है। मौजूदा सत्र में महाविद्यालय में अनेक शैक्षिक– अकादमिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें राष्ट्रीय स्तर के आयोजन भी सम्मिलित हैं। सभी विभागों को इस बात के लिए प्रेरित किया गया कि वे अपने छात्र–छात्राओं को शैक्षिक टूर पर लेकर जाएं और विभाग में शोध–संगोष्ठियों आदि भी आयोजित कराए।

महाविद्यालय के स्तर से लगातार यह प्रयास किया जा रहा है कि कम्युनिटी के साथ और गहरा रिश्ता स्थापित किया जाए। इसी क्रम में गोपालपुर गांव के दो विद्यालय गोद लिए गए। इन विद्यालयों में पेयजल और शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई गई और सभी बच्चों को ट्रैक सूट वितरित किए गए। भारत सरकार की एक योजना के तहत चार गांवों के विकास कार्यों के मूल्यांकन का अवसर भी महाविद्यालय को मिला है। एन.एस.एस. के स्वयंसेवियों ने क्षेत्र में स्वच्छता, बालिका शिक्षा आदि को लेकर जागरुकता अभियान संचालित किए हैं। हम सभी के लिए यह बड़ी उपलब्धि है कि अभिभावकों और कम्युनिटी के जिम्मेदार लोगों का सहयोग निरंतर बढ़ रहा है। इस साल जो बड़े कार्य किए गए हैं, उनका विवरण आगामी पृष्ठों में दर्ज है। महाविद्यालय प्रबंध समिति ने वर्ष 2019 में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद यानि नैक से ग्रेडिंग हासिल करने का निर्णय लिया

है। इस कार्य में छात्र–छात्राओं की सक्रिय सहभागिता अनिवार्य होगी। इससे पूर्व महाविद्यालय नैशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिग फ्रेमवर्क अर्थात NIRF से रैंकिंग प्राप्त करने की प्रक्रिया पूर्ण की गई है।

महाविद्यालय ने लंढौरा ग्रामीण क्षेत्र के छात्र–छात्राओं के शैक्षिक–बौद्धिक और सामाजिक विकास के लिए जो लक्ष्य तय किए हैं, उनकी प्राप्ति के लिए सभी शिक्षक और कर्मचारी हर संभव कोशिश कर रहे हैं। पढ़ाई और अनुशासन हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण दायित्व है। इसी क्रम में परीक्षा की शुचिता को बनाए रखना और शिक्षण–सह गतिविधियों में छात्र–छात्राओं की भागीदारी तय करना भी महत्त्वपूर्ण लक्ष्य हैं। महाविद्यालय द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि प्रथम वर्ष में प्रवेश पाने वाला हरेक विद्यार्थी एन.सी.सी., एन.एस.एस., रोवर्स रेंजर्स, स्पोर्ट्स अथवा सांस्कृतिक गतिविधियों में से कम से कम किसी एक गतिविधि में अनिवार्य तौर पर प्रतिभाग करे।

निजी तौर पर मेरा मानना है कि चमन संदेश के आगामी अंक पूरी तरह छात्रों की रचनात्मक गतिविधियों पर केन्द्रित हों। इस वर्ष हिंदी विभाग द्वारा लोक कथाओं के संकलन का कार्य शुरु किया गया है। अच्छी संख्या में लोककथाएं एकत्र होने पर इन्हें विशेषांक के तौर पर प्रकाशित कराया जा सकता है। इसी तरह के प्रयास अन्य विभाग भी कर सकते हैं। जैसे चित्रकला विभाग के छात्र–छात्राओं के लिए इस पत्रिका में एक अलग सेक्शन निर्धारित किया जा सकता है।

इस सत्र में महाविद्यालय के जिन शिक्षकों ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, उन्हें साधुवाद। उनसे उम्मीद है कि आगामी सत्रों में भी इस क्रम को बनाए रखेंगे और ऐसी उपलब्धियां हासिल करने के लिए अन्य शिक्षकों को भी सहयोग देंगे। जिन छात्र–छात्राओं ने विशिष्ट उपलब्धियों प्राप्त की हैं, उनके शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई। हम सभी की जिम्मेदारी है कि उपलब्धियों का क्रम रुकना नहीं चाहिए। बड़े लक्ष्यों के लिए निरन्तर प्रयास करना चाहिए। शास्त्र कहते हैं – **"उत्तीष्ठत् जाग्रत, प्राप्य वरान्निबोधत।"**

इति शम

डॉ. सुशील उपाध्याय
प्राचार्य

सोशल मीडिया

असामाजिक तत्वों से रहें सावधान

मौजूदा दौर में आदमी भले ही अपने परिवार–पड़ोस के निरंतर सम्पर्क में नहीं रहता हो लेकिन अधिकतर सोशल मीडिया में एक्टिव जरुर रहते हैं। बैंक में एकाउंट हो न हो लेकिन फेसबुक, ट्विटर, वट्सअप पर एकाउंट जरूर मिलता है। सोशल मीडिया महिलाओं के लिए हथियार बनकर उभरा है। महिला उत्पीड़न के मामले अब घर की चारदीवारी में दफ़न नहीं होते बल्कि सोशल मीडिया पर वायरल होकर देश की सीमायें भी लाँघ जाते हैं। सबसे बड़ी उपलब्धि महिलाओं ने हासिल की, वह यह कि उन्होंने बोलना सीखा। वे मुखर रुप से अपनी समस्याओं को लेकर दुनिया के सामने आयीं। उन्होंने दुनिया के साथ न केवल अपनी सामाजिक समस्याएं साझा कीं, बल्कि अपनी बेहद निजी या व्यक्तिगत समस्याओं को भी साझा करने की हिम्मत दिखायी। सोशल मीडिया पर महिला समर्थित कई ऐसे कैंपेन चले, जिन्होंने उनकी आवाज को दुनिया के समक्ष रखने में उनकी मदद की।

सोशल मीडिया को हमने हथियार की तरह प्रयोग करना तो सीख लिया लेकिन महिलाओं ख़ासकर छात्राओं को ये भी समझना होगा कि सोशल मीडिया का दुरुपयोग भी होने लगा है। कुछ आपराधिक घटनाओं ने महिलाओं के लिए सोशल साइट्स पर सुरक्षा को लेकर सवाल खड़ा किया है। सोशल मीडिया का सबसे बड़ा खतरा हैकर्स का हैं। यानि साइबर क्रिमिनल। ये कोई भी टेक्निकल व्यक्ति हो सकता है जिसे सूचना प्रौद्योगिकी का ज्ञान हो और या तो फिर कोई ऐसा व्यक्ति जिसके पास आपके जाने अनजाने पर्सनल डिटेल हाथ लग जाये, तो वो इसका फ़ायदा उठा सकता है। साइबर क्राइम सबसे ज़्यादा महिलाओं के साथ होता है और 60% अपराधी ऐसे लोग होते हैं जो आपको जानते हैं। अनुष्का शर्मा, नर्गिस फाखरी, दीपिका पादुकोण इत्यादि अनेक सैलीब्रिटीज हैं जिन्हें सोशल मीडिया पर अभद्र कमैंट्स मिले। इसी प्रकार आम युवतियों की वॉल पर भी अनेक लोग महिलाओं को टार्गेट करके चुटकुले या अश्लील टिप्पणियां भेज देते हैं। ऐसा अक्सर उन महिलाओं के साथ होता है जो राजनीति, सामाजिक या महिलाओं के मुद्दों पर अपने विचार खुल कर रखती हैं।

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के मुताबिक, 2013 के मुकाबले 2016 में साइबर अपराधों के ग्राफ में 116% का उछाल आया। इससे भी ज्यादा तेजी सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म से हुए साइबर अपराधों में हुई हैं। चारों सालों में 553% की रफ्तार से सोशल मीडिया पर अपराध बढ़े हैं।

साइबर सेल या स्थानीय थाने सोशल वेबसाइट पर होने वाले अपराधों को आईटी एक्ट की धारा 66 बी से लेकर 66 ई तक में दर्ज करते हैं। देश में हर साल करीब 20 से 25% की रफ्तार से साइबर क्राइम बढ़ रहे हैं। कुल साइबर क्राइम में से हर तीसरा केस सोशल मीडिया से जुड़ा होता है।

महिलायें बरतें ये सावधानियाँ

महिलाओं को भी पुरुषों के समान ही आजाद और बेखौफ जिंदगी जीने का अधिकार है लेकिन सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते समय कुछ बातों का ख्याल रखने की जरुरत है। सबसे पहले तो सोशल मीडिया पर अपनी निजी तस्वीरें न डालें अगर कोई गलत मकसद से आपका प्रोफाइल देख रहा है तो वो आपकी तस्वीरों का इस्तेमाल कर सकता है।

अगर फिर भी आप तस्वीरें डालना चाहते हैं तो अपने फेसबुक अकांउट पर प्राइवेसी सेटिंग्स को पब्लिक न करें। सेटिंग्स ऐसे रखें कि आपकी फोटो आपके दोस्त या आपसे जुड़े हुए लोग ही देख पाएं। अनजान लोग उन तक न पहुंचे। अक्सर लोग अनजान लोगों को जोड़ लेते हैं ये सबसे बड़ी गलती साबित हो सकती है। किसी महिला के लिए क्योंकि जब आप किसी व्यक्ति को जानते नहीं हो, ता इस बात का फायदा तो अपराधी उठा सकता है और आपकी पर्सनल जानकारी का गलत इस्तेमाल कर सकता है, क्योंकि वो इस बात को जनता है की उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

अपने नाम के बारे में गूगल पर हमेशा सर्च करते रहें ताकि आपको पता रहे कि आपका नाम कहां पर और किस–किस वेबसाइट पर आ रहा है। अगर किसी गलत जगह पर या ऐसी जगह पर आपको नाम दिखाई देता है जिसकी अनुमति आपने नहीं दी है, तो उसे तुरंत हटाने के लिए कहें। ट्विटर के ऊपर बिल्कुल भी निजी तस्वीरें न डालें। यह एक सोशल नेटवर्किंग साइट नहीं है, यह एक ट्विटिंग प्लेटफार्म है। ट्विटर पर ऐसी सेटिंग्स की जा सकती हैं कि आपकी अनुमति के बिना लोग आपको फॉलो न कर सके। लेकिन, अमूमन लोग ऐसा करते नहीं है। सेटिंग्स को ज्यादा निजी करके आपका अकाउंट ज्यादा सुरक्षित रह सकता है। आप कई बार किसी का अकाउंट ब्लॉक कर देते हैं या उसकी रिपोर्ट कर देते हैं। इसके बाद ब्लॉक किया हुआ शख्स आपके अकाउंट तक नहीं पहुंच सकता, लेकिन ध्यान रखें कि वो किसी दूसरे अकाउंट से आप को ढूंढ सकता है और आप तक पहुंच सकता है। ऐसे में किसी दूसरे अनजान प्रोफाइल की फ्रैंड रिक्वेस्ट स्वीकारने से पहले इस बात को दिमाग में रखें की कहीं ये कोई ऐसा तो नहीं जो मेरी निजी जानकारी हैक कर ले और सबसे बड़ी बात अगर आपको किसी ऐसे व्यक्ति से फेसबुक पर रिक्वेसट आयी है जो आपके प्रोफाइल में पहले से है तो ये बात पहले उस व्यक्ति से पूछें कि क्या आपने अपने नाम से कोई दूसरा प्रोफाइल भी बनाया है अगर वो कहता है कि नहीं तो समझ लीजिए की ये कोई फेक एकाउंट है।

ध्यान रहे कि सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म पर हमें सावधानी बरतनी है, इसके बावजूद अगर आपको निशाना बनाया जाता है, आपके खिलाफ कोई अपराध होता है तो डरें नहीं, डटकर मुकाबला करें। कानून आपके साथ है।

डॉ. दीपा अग्रवाल
उप प्राचार्या

सम्पादक की कलम से

प्रियबन्धुओं,

नव वर्ष 2019 की शुभकामनाओं के संग महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'चमन संदेश' का नवीन संस्करण चमन संदेश के इस अंक में शैक्षिक, सांस्कृतिक, खेल, कला, विज्ञान के साथ ही ज्ञानवर्द्धक लेखों का भी समावेश है। आपके समक्ष रखते हुए मुझे अपार प्रसन्नता हो रही है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) व राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) जैसी गतिविधियों को भी सम्मिलित किया गया है। नवीन शोधों एवं उर्दू के लेखों को भी इस संस्करण के माध्यम से आप तक पहुँचाने का प्रयास किया गया है।

आजकल देश में Whatsapp/Facebook की बढ़ती लोकप्रियता से हमारा जीवन प्रभावित हुआ है। जिसमें विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास नहीं हो पा रहा है। अतः युवाओं को इंटरनेट का प्रयोग करते समय सावधानी बरतने की आवश्यकता है। गुरु आश्रित ज्ञान ही छात्र को नम्र और समाज सापेक्ष बनाता है।

मुझे प्रसन्नता है कि हमारे विद्यार्थी पुस्तकीय ज्ञान के अतिरिक्त शिक्षणोत्तर क्रिया कलापों में भी भागीदारी निभा रहे हैं, उनके बहुआयामी व्यक्तित्व को निखारने के लिए महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका सफल रही है। मुझे विश्वास है 'चमन संदेश' का यह नवीन संस्करण छात्र–छात्राओं को रचनात्मकता की और प्रेरित करेगा।

पत्रिका के प्रकाशन में सहयोग के लिए मैं महाविद्यालय प्रबंध समिति, प्राचार्य सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं एवं छात्र–छात्राओं का आभार व्यक्त करता हूँ जिनके सहयोग से पत्रिका का नवीन अंक आप तक पहुँच सका।

यह नवीन संस्करण आपको कैसा लगा आपकी प्रतिक्रियाओं का इंतजार रहेगा। आप सभी के प्रति आभार।

डॉ. तरुण कुमार गुप्ता
सम्पादक

अनुक्रमणिका

- शुभकामना संदेश
- प्राचार्यीय
- सम्पादकीय

क्रमांक	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण	 7
2.	वर्तमान में जैविक खेती की आवश्यकता	 9
3.	स्वच्छता एवं पर्यावरण	 10
4.	कार्यक्षमता को तीव्र करने वाली 21 न्यूरोबिक मस्तिष्क व्यायाम	 11
5.	वर्तमान समाज में शिक्षा की आवश्यकता	 12
6.	सुविचार	 13
7.	समूह बीमा–एक आवश्यकता	 14
8.	विचार	 15
9.	भारतीय संस्कृति की विशेषताएं	 16
10.	ग्लोबलाइजेशन (वैश्वीकरण)	 17
11.	ग्लोबल वार्मिंग	 18
12.	जीवन शैली बना रही बीमार	 19
13.	स्वच्छ भारत अभियान	 20
14.	डॉ. कलाम का जीवन परिचय	 23
15.	डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम	 24
16.	भारत के मिसाइलमैन	 25
17.	शिक्षा के विकास में पुस्तकालय की भूमिका	 26
18.	एशियाई राष्ट्रों की भूमिका एवं प्रभाव	 28
19.	भारत रत्न डॉ बी.आर. अंबेडकर	 29
20.	बाबा साहब भीमराव अंबेडकर	 29
21.	मित्रता की मिसाल	 30
22.	नीति वचन	 31
23.	भारत में जातिवाद व रंगभेद	 32
24.	हिन्दी है देश की धड़कन	 33
25.	शिक्षा का महत्व	 34
26.	माँ की अभिलाषा	 34
27.	आपकी वाणी आपका व्यक्तित्व	 35
28.	सड़क दुर्घटनाएं	 35
29.	नई पीढ़ी और स्मार्ट फोन	 36
30.	विश्वास खरीदा नहीं जा सकता	 36
31.	पलक झपकते ही निकालें वर्ग	 37
32.	गिलहरी धन्य हो गई	 38
33.	तितली का संघर्ष	 38
34.	सफलता के लिए	 39
35.	वीरांगना झाँसी की रानी	 40
36.	भारतीय काव्य शास्त्र में रस का महत्व	 41
35.	प्रेरक विचार जो आपकी जिन्दगी बदल देंगे	 42

36.	स्काउट का महत्व	 43
37.	हिन्दुस्तान स्काउट एण्ड गाइड	 43
38.	स्काउटिंग	 44
39.	वैज्ञानिक सोच	 45
40.	विज्ञान के आविष्कारक	 45
41.	जीवन में सफलता	 46
42.	योग विज्ञान है	 46
43.	रोचक जानकारियाँ	 47
44.	शत-प्रतिशत (100%)सफलता	 48
45.	अमृत वचन	 48
46.	महान गणितज्ञ एवं उनका योगदान	 49
47.	मेरे सपनों का भारत	 50
48.	हमारा महाविद्यालय	 50
49.	शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान	 51
50.	मेरी माँ	 51
51.	आदर्श शिक्षक	 51
52.	माँ	 52
53.	माँ की लोरी	 52
54.	बेटी से माँ तक का सफर	 53
55.	क्या है बेटियाँ	 53
56.	माँ क्या है	 53
57.	बेटी का जीवन	 54
58.	माँ की ममता	 54
59.	माँ की तड़प	 55
60.	बेटी की मुस्कान	 55
61.	घर की शान लड़कियाँ	 55
62.	भारत की बेटी	 56
63.	माँ का आर्शीवाद	 56
64.	माँ का रिश्ता	 57
65.	माँ की दुआ	 57
66.	ममता की छाँव	 57
67.	माँ-बाप को कभी भूलना नहीं	 58
68.	बेटियाँ	 58
69.	माता-पिता का प्यार	 59
70.	अमन का पैग़ाम	 59
71.	माँ के नाम	 60
72.	बेटियाँ	 60
73.	पिता	 61
74.	दोस्त	 61
75.	पिता का प्यार	 61
76.	दोस्ती का अहसास	 62
77.	गुरु	 62
78.	सुविचार	 63
79.	शांति वचन	 63
80.	कीमती विचार	 64
81.	राष्ट्र का निर्माण	 64
82.	प्रेरणादायी वचन	 65

83.	अमृत वचन	.....	65
84.	सुविचार	.....	65
85.	अनमोल विचार	.....	66
86.	जीवन मंत्र	.....	66
87.	अपना विचार	.....	67
88.	स्कूल के दिन	.....	67
89.	मैं बोझ नहीं हूँ	.....	68
90.	जिन्दगी का सफर	.....	68
91.	हिम्मत न हारो	.....	68
92.	अगर आप सोचते हैं	.....	69
93.	मेरे मन की अभिलाषा	.....	69
94.	एक दीया शहीदों के नाम	.....	70
95.	मैं गर्व कर सकूँगा	.....	71
96.	हिन्दी	.....	71
97.	स्टूडेन्ट	.....	72
98.	भगत सिंह के विचार	.....	72
99.	चिंतन	.....	72
100.	पेड़ लगाओ	.....	73
101.	कोशिश कर	.....	73
102.	जिंदगी का चिराग	.....	73
103.	जीतने वाला बनाम हारने वाला	.....	74
104.	समय का महत्व	.....	75
105.	नोटबंदी पर ग़ालिब का दर्द	.....	75
106.	मेरा गाँव	.....	76
107.	एक दीप जला दें	.....	76
108.	मुझे मत काटो	.....	76
109.	आज़ादी	.....	77
110.	ऐतिहासिक तथ्य	.....	77
111.	पैसा जीवन का उद्देश्य नहीं	.....	78
112.	जीवन के तीन मंत्र	.....	78
113.	प्रकृति	.....	78
114.	पैसे की सीमा	.....	79
115.	जिन्दगी के स्टेटस	.....	79
116.	नौकरी	.....	80
117.	आओ फिर दीप जलाएं	.....	80
118.	शायरी	.....	81
119.	शिक्षक	.....	81
120.	किताब	.....	81
121.	शांति की तलाश	.....	82
122.	जीवन बीत चला	.....	82
123.	अँधेरी रात	.....	83
124.	भूल	.....	83
125.	क्या लिखूँ	.....	83
126.	विश्वास कर्म पर	.....	83
127.	दुनिया का बोझ	.....	84
128.	आस	.....	84

129.	मेरे मन की अभिलाषा	85
130.	जीवन में अनमोल वचन	85
131.	कविता	85
132.	भारत के वीर जवान	86
133.	शिक्षक का ज्ञान	86
134.	अडिग मन	87
135.	कविता	87
136.	विचार	87
137.	कॉलेज की दुनिया	88
138.	जिन्दगी की कहानी	88

अंग्रेजी अनुभाग

क्रमांक	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	Anti-reflection Coating	91
2.	Importance of Home Science in Our Life	92
3.	A Note on Deterministic and Probabilistic Models of the Inventory System	93
4.	Passive Smoke Poses Risk to Children	95
5.	Importance of Language	96
6.	Industrial Importance of Microbiology	97
7.	Biotechnology- A Modern Tool to Resolve Hindrances in Genetic Improvement in Pulses	98
8.	Forest fire and its Impact on Deforestation and Environment in Uttarakhand	99
9.	Water Pollution in Our Surroundings	102
10.	Women Empowerment	103
11.	Happiness	104
12.	William Shakespeare	105
13.	The Role of a Teacher	105
14.	Discipline in Life	106
15.	Faith has Great Power	106
16.	Hope	106
17.	Importance of Education	107
18.	Clean India, Green India	107
19.	God India	107
20.	How Simplify Our Busy Life	108
21.	Yoga (21st June International Yoga Day)	108
22.	Just Like A Child	109
23.	Maths Tricks	109
24.	Importance of Yoga in Our Life	110
25.	Slogans	110
26.	Amazing Facts	110
27.	Life and work of Shri Bharati Krishna Teerth	111

संस्कृत अनुभाग

क्रमांक	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	मानवजीवने संस्काराणाम् उपयोगिता	115
2.	अति तृष्णा विनाशाय	116
3.	सावित्री बाई फुले	116
4.	गीता के उपदेश	117
5.	विद्यार्थी जीवनम्	117
6.	सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयात	118
7.	मानव की प्रकृति	118
8.	लक्ष्मी का स्वभाव	119
9.	विद्वानों का आदर करना चाहिए	120
10.	मानव जीवन में विद्या	120

ऊर्दू अनुभाग

हिन्दी अनुभाग

सुश्री कल्पना पंवार
अंशकालिक प्रवक्ता, चित्रकला विभाग



पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण

डॉ. नवीन त्यागी
असिस्टेन्ट प्रोफेसर, भूगोल विभाग

स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण मानव जीवन का आधार है। यही कारण है कि सृष्टि रचना में जल, वायु, सूर्य, पृथ्वी और वनस्पति वैभिन्य तथा जीवन विविधता की रचना के बाद मानव की सृष्टि की गयी। यद्यपि पर्यावरण एवं मानव का सम्बन्ध एवं पर्यावरण पर मानव की आश्रितता सृष्टि के प्रारम्भ से ही चली आ रही है। और पर्यावरण विकास एवं सुधार के प्रयास होते रहे हैं, फिर भी इसकी विशिष्ट आवश्यकता जनसंख्या विस्फोट एवं औद्योगीकरण के परिप्रेक्ष्य में महसूस की गयी। कारण यह है कि प्रकृति मानव की प्रत्येक आवश्यकता को पूरा कर सकती है परन्तु यह मानव की प्रत्येक लोलुपता को पूरा नहीं कर सकती है। प्राकृतिक संसाधनों के बेतहाशा दोहन से पारिस्थैतिकी संकट अतिशयवादी औद्योगीकरण से वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, मृदा प्रदूषण आदि की समस्याएँ बढ़ती गयीं।

पर्यावरणीय प्रदूषण से तात्पर्य है कि मानवीय कारकों द्वारा स्थानीय स्तर पर पर्यावरण की गुणवत्ता में ह्रास जबकि पर्यावरण अवनयन के अन्तर्गत प्राकृतिक एवं मानव जनित दोनों कारकों से स्थानीय प्रादेशिक एवं विश्व स्तर पर पर्यावरण की गुणवत्ता में गिरावट को सम्मिलित किया जाता है। पूरे विश्व के राष्ट्रों में विकास के लिए अंधी दौड़ ने मनुष्य के स्वयं के स्वास्थ्य को खतरे में डाल दिया है। किसी भी देश के विकास का एक साधारण लक्षण उसके कृषि और उद्योग में उन्नति से लिया जाता है। इस लालची होड़ का परिणाम हुआ प्राकृतिक सम्पदा के प्रत्येक अंष का असीमित आयोजन महान् प्राकृतिक सम्पदा को भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित रखना चाहिए।

मनुष्य की इस प्रकार की क्रियाओं का जीवन मण्डल में सभी प्रकार के जीव-जन्तुओं पर बुरा प्रभाव पड़ा। यह पृथ्वी गृह जो वायुमण्डल (वायु, भूमि, जल) के साथ मिलकर समस्त जीवों का पालन करता है, जीव मण्डल (Biosphere) कहलाता है। जीव मण्डल पृथ्वी पृष्ठ के लगभग 7 किमी अन्दर तक फैला है, नीचे की ओर महासागर में लगभग 10.67 किमी की गहराई तक और ऊर्ध्वाधर (Vertically) वायु में लगभग 10 किमी तक जहाँ जीवन होने के प्रमाण हैं। मनुष्य द्वारा प्राकृति का असीमित शोषण जीव मण्डल के जीवित और अजीवित घटक के बीच नाजुक पारिस्थितिक संतुलन विक्षुब्ध करता है। मनुष्य द्वारा उत्पन्न की गई प्रतिकूल अवस्थाओं ने न केवल मनुष्य की अपितु अन्य जीव-जन्तुओं की अति जीविता को भी खतरे में डाला है। सार्वजनिक स्थानों पर चेतावनी मिलना अति सामान्य है, जैसे 'वायु श्वसन के लिए अयोग्य (air unfit for breathing) 'पानी पीने के अयोग्य' (water unfit for drinking), 'यहाँ से पकड़ी गई मछलियाँ न खाएँ (do not eat fish caught here) और इसी प्रकार अनेकों चेतावनियाँ जगह-जगह देखने को मिलती हैं। इस तरह हमारे देश में प्रदूषण नियंत्रण नई पर्यावरणीय चिंता है। केवल भारत में ही नहीं बल्कि विकसित पश्चिमी विश्व में भी प्रदूषण एक भयावह शब्द है। प्रदूषण मुख्यत: धनी देशों की मानव निर्मित समस्या है।

पर्यावरण प्रदूषण न केवल वैश्विक समस्या है अपितु यह विभिन्न समस्याओं से जुड़ी एक समस्या है। इसके विविध आयाम एवं स्वरूप हैं, जो प्रकृति के आर्थिक, तकनीकी, राजनैतिक एवं विविध पहलुओं से सम्बन्धित है। यह एक संलिप्त एकल समस्या नहीं है अपितु स्थायी प्रक्रिया से सम्बन्धित समस्या है। सम्पूर्ण विश्व की समस्या वर्तमान में पर्यावरणीय प्रदूषण की समस्या से जुड़ गई है क्योंकि पर्यावरणीय प्रदूषण की समस्या एवं उसका प्रभाव न केवल किसी विशेष देश के लिए है अपितु यह सम्पूर्ण विश्व में एक समस्या का विषय बन चुकी है जो सम्पूर्ण मानव जाति के लिए निरंतर खतरा पैदा करती है। यद्यपि इस समस्या के समाधान के लिए यथा साध्य प्रयत्न भी किये जा रहे हैं किन्तु तीव्र औद्योगीकरण की प्रक्रिया नये-नये उद्योग की स्थापना एवं उत्तरोत्तर विकास ने एक ऐसी प्रतिस्पर्धा को जन्म दिया है, जिसका कारण प्रदूषण सम्पूर्ण विश्व के लिए चुनौती का विषय बन गया है।

पर्यावरण प्रदूषण से प्रभावित होने वाले अधिकांश लोग गरीब वर्ग के हैं। नवीकरणीय से विस्थापित तथा अन्य प्राकृतिक संसाधनों के बेतहाशा दोहन से प्रभावित, क्षीण, अयोग्य, प्रदूषित वायु, प्रदूषित जल एवं ईंधन हेतु

लकड़ी की न्यूनता के शिकार निर्धन वर्ग के लोग हैं। इसलिए यह प्रबल सम्भावना है कि भारत में लोकहित विधि आन्दोलन आवश्यक रूप से पर्यावरण बचाओ-प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण का रूप धारण कर लेगा। अत: हमें आवश्यकता है, ऐसी पर्यावरणीय दशाओं की जिससे हमारे भविष्य में आने वाली पीढ़ियों को भी स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त वातावरण मिल सके। हमें मनुष्य के द्वारा किये गये अनियंत्रित क्रिया कलापों पर रोक लगानी पड़ेगी एवं उसकी समस्या के हल के लिए अच्छी प्रकार की प्रौद्योगिकी का विकास करना होगा जिससे पर्यावरण के प्रदूषण में हम कमी ला सकें। सम्पूर्ण मानवीय सहयोग से ही हम पर्यावरण की दशाओं में सुधार कर सकते हैं पर्यावरण प्रदूषण व उनसे जुड़े सैद्धान्तिक पक्षों के साथ प्रदूषण निवारण के समुचित उपायों पर भी चर्चा की जायेगी।

मानव स्वयं पर्यावरण का एक अंग है, जब पर्यावरण में अहितकारी परिवर्तन होगा तो उसका दुष्परिणाम मानव सहित सम्पूर्ण पारिस्थितिकीय तंत्र पर पड़ेगा। चूँकि मानव सभी जातियों में प्रज्ञावान है, अत: उस पर दायित्व है कि वह अपनी वृद्धि व योजना के द्वारा स्वच्छ पर्यावरण के सम्वर्द्धन में अपना योगदान दे तथा उपायों का प्रयोग करके स्वस्थ पर्यावरण के विकास में अपना योगदान दे। वर्तमान पीढ़ी पर यह दायित्व है कि वह भावी पीढ़ी के लिए बेहतर भविष्य की परिकल्पना करके उसके क्रियान्वयन में अपना योगदान देते हुए सतत पोषणीय विकास की अक्षुण्णता को बनाये रखें। सभी मनुष्यों को पर्यावरण अवनयन की ओर ध्यान देना होगा जिससे पर्यावरण को क्षति न पहुँचे। पर्यावरण संरक्षण हेतु सरकारी संस्थाओं को चाहिए कि वे किसी योजना को क्रियान्वित करें। कोई भी नीति बनाते समय उस क्षेत्र के निवासियों और नेताओं से विचार-विमर्श करके उस क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करना चाहिए।

इस प्रकार उपरोक्त वर्णन से स्पष्ट हो जाता है कि हमें मानवीय सभ्यता के विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण हेतु भी सार्थक प्रयास करना होगा, जिससे सम्पूर्ण जीव जगत का कल्याण हो।

वर्तमान में जैविक खेती की आवश्यकता

डॉ.विमल कान्त तिवारी
असिस्टेन्ट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग

जैविक खादों के प्रयोग से मृदा का जैविक स्तर बढ़ता है जिससे लाभकारी जीवाणुओं की संख्या बढ़ जाती हैं और मृदा काफी उपजाऊ बनी रहती है। जैविक खाद पौधों की वृद्धि के लिये आवश्यक खनिज पदार्थ प्रदान करते हैं जो मृदा में मौजूद सूक्ष्म जीवों के द्वारा पौधों को मिलते हैं जिससे पौधे स्वस्थ बनते हैं और उत्पादन बढ़ता है। रासायनिक खादों के मुकाबले जैविक खाद सस्ती और टिकाऊ होती है। इनके प्रयोग से मृदा की आर्द्रता में बढ़ोतरी होती है। पौधों की वृद्धि के लिये आवश्यक पोषक तत्वों जैसे नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटास तथा काफी मात्रा में गौण पोषक तत्वों की पूर्ति जैविक खादों के प्रयोग से हो जाती है। जैविक खाद सड़ने पर कार्बनिक अम्ल में परिवर्तित हो जाती है जिससे मृदा का पी. एच. मान नियंत्रित हो जाता है तथा सूक्ष्म पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ जाती है। जैविक खादों के प्रयोग से एक फसल के बाद दूसरी फसल को लाभ मिलता है इससे मृदा का संतुलन एंव उर्वरता ठीक बनी रहती है।

वर्तमान में भारत के संदर्भ में जैविक कृषि का अर्थ एवं इसकी आवश्यकता विभिन्न राज्यों के अनुसार अलग-अलग है। उत्तराखण्ड, मिजोरम व अन्य पर्वतीय राज्यों में जैविक खेती विकट भौगोलिक परिस्थितियों में औषधीय, जड़ी-बूटी, सब्जी एवं फल जैसी उच्च श्रेणी की नगदी फसलों के उत्पादन के एक उपक्रम के रूप में देखी जा रही है। महाराष्ट्र जैसे राज्यों, जहाँ कृषक के मन में कृषि उत्पादन की अधिक लागत के कारण अवसाद की भावना बढ़ती जा रही है तथा जिसकी वजह से वहाँ आत्महत्या के बहुत से मामले प्रकाश मे आ रहे हैं, जैविक कृषि को वर्तमान स्थिति में सुधार की एक सम्भावना मानते हुए कम लागत की कृषि के रूप में देखा जा रहा है। पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों के सम्पन्न कृषक जैविक खेती को अपनी भूमि व मृदा की सुरक्षा एवं निर्यात के लिए प्रमाणित जैविक उत्पाद के उत्पादन के रूप में देख रहे हैं। कुछ राज्य सरकारें जैविक खेती को अपने यहाँ कृषि व्यवस्था में सकारात्मक और सार्थक बदलाव की कड़ी के एक विकल्प के रूप में देख रही हैं। इसके अतिरिक्त भारतीय कृषि में रसायनिक खाद का भरपूर प्रयोग होने के कारण सिंचाई हेतु जल का विकट संकट देखने को मिल रहा है, जिससे कृषको के समक्ष भयावह संकट उत्पन्न होने लगा है। भारत में ऐसी कृषि व्यवस्था की आवश्यकता है जिसमें जल की खपत न्यूनतम हो और जैविक कृषि की तकनीकें इस आवश्यकता को पूर्ण करने में पूरी तरह समर्थ है।

उच्च स्तर पर कृषि व्यवस्था को लेकर हो रहे चिंतन ने देश में 9 राज्यों को जैविक कृषि से जुड़े कार्यक्रम या परियोजनाओं को चलाने के लिए प्रेरित किया। उत्तराखण्ड जैसे राज्यों में जैविक कृषि को यहाँ के पर्वतीय क्षेत्रों में काश्तकारों के जीवन स्तर को सुधारने के एक उपक्रम के रूप में देखा गया। मिजोरम व सिक्किम जैसे पर्वतीय राज्यों ने बिना किसी विशेष परियोजना या कार्यक्रम के ही जैविक खेती को दोहरा प्रोत्साहन मिला जहां एक ओर सरकार द्वारा इस संबंध में विभिन्न कार्यक्रम शुरू किये गये वहीं दूसरी ओर कृषकों द्वारा भी जैविक कृषक संघ की स्थापना की गयी, जिसे राज्य सरकार ने विषेष सहायता प्रदान की। इसके अतिरिक्त महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल में अनेकों निजी प्रतिष्ठानों व काश्तकारों के मध्य जैविक खेती के विकास हेतु भागीदारी के बहुत से उदाहरण भी मिलते हैं। दक्षिण भारत में जैविक खेती के विकास में स्वयं सेवी संस्थाओं व कृषक संघों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अधिक उत्पादन के लिए फसलों में जो रासायनिक उर्वरक, और कीटनाशक दवाइयां डालते है, इसका प्रतिकूल प्रभाव जल, वायु, मृदा पर पड़ता है और हमारा स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। जैविक कृषि एक श्रम प्रधान तकनीकी है। इससे बेरोजगारी तथा अदृश्य बेरोजगारी की समस्या कुछ हद तक हल होगी तथा जैविक कृषि में स्थानीय पोषक तत्वों का प्रयोग किया जाता है जिससे विदेशों से आयात की जाने वाली कीटनाशक दवाइयों, रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम होने से कृषि लागत कम आएगी तथा किसानों को अधिक लाभ प्राप्त होगा तथा भारत के भुगतान संतुलन पर भी अनुकूल प्रभाव होगा। जैविक खेती कम लागत और अधिक उत्पादकता वाली विधि है।

स्वच्छता एवं पर्यावरण

रीना गुप्ता
प्रयोगशाला सहायक, गृह विज्ञान विभाग

एक स्वच्छ वातावरण सभी जीव-जन्तुओं के लिए बहुत ही आवष्यक है लेकिन आज विश्व में बढ़ती जनसंख्या के कारण पर्यावरण अस्त व्यस्त होता जा रहा है और यह सब मानव की लापरवाही का परिणाम है कि आज हम दूषित पर्यावरण के शिकार हो रहे है। हमारा पर्यावरण दिन प्रतिदिन गन्दा होता जा रहा है यह एक ऐसा मुद्दा है जिसके विषय में प्रत्येक व्यक्ति को पता होना चाहिए। खासकर के बच्चों को यह हर किसी को हमारे पर्यावरण को कैसे बचाया जाए तथा इसे कैसे सुरक्षित रखा जाये के विषय में जानकारी होनी चाहिए।

अगर आज हम यह जानकारी रख पाए तो वे दिन दूर नहीं जब हम अपनी आने वाली पीढ़ी को एक दूषित पर्यावरण में रहने के लिए मजबूर कर देंगे और समय से पहले ही हमारी आने वाली पीढ़ी का विकास रुक जायेगा। एक तरफ जहाँ मानव केवल अपनी सुख सुविधाओं के कारण विलसिता की वस्तुओं का प्रयोग कर रहा है और पर्यावरण को दूषित करके अपने जीवन की बलि देने के लिए तैयार है। जिसका परिणाम सबके समक्ष देखने को मिल रहा है। आज हमारा पर्यावरण इतना गन्दा हो चुका है कि ऋतुओं पर भी अपना प्रभाव दिखाना शुरु कर दिया है। जिसके कारण वर्षा के समय वर्षा, गर्मी के समय गर्मी तथा सर्दी के समय सर्दी नहीं हो पाती है और इस सब दोषी मनुष्य स्वयं होकर दोष ईश्वर को देता है। आज पर्यावरण बिगड़ जाने के कारण चारों दिषाओं में आपदा जैसे बाढ़, भूकम्प आदि का सामना मनुष्य को करना पड रहा है। परन्तु मनुष्य ने फिर भी अपनी आँखों पर काली पट्टी बांध कर रखी हुई है तथा अपने मस्तिष्क को सुन्न कर रखा है जो गन्दगी फैलाने में कसर नही छोड रहा है। लेकिन आज हमारे लिये यह सौभाग्य की बात है कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गाँधी जी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए 2 अक्टूबर गाँधी जयन्ती के अवसर पर स्वच्छ भारत अभियान का प्रारम्भ किया तथा लोगों में स्वच्छता एवं पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए जागरूक अभियान चलाया जा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री जी के मेहनत के कारण ही आज सभी राज्य सरकारों ने स्वच्छता तथा वृक्षारोपण पर बल दिया है। जिसके परिणाम स्वरूप लोगों में स्वच्छता तथा वृक्ष लगाने के प्रति जागरुकता बढी है। अब तो सरकार ने पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए सभी सरकारी तथा प्राइवेट कम्पनीयों को भी स्वच्छता एवं पेड लगाने के लिये समय-समय पर स्वच्छता अभियान चलाने के गाइड लाईन जारी की गई है। जिससे हमारा पर्यावरण सुरक्षित हो सके। हम सबको अपना कर्तव्य मानते हुए पर्यावरण को सुन्दर तथा स्वच्छ रखने के लिए तन मन धन से पेड-पौधे लगाने में अपना योगदान देना चाहिए। जिससे की हम सब एक स्वच्छ वातावरण का निर्माण कर सकें। अपनी इन सब बातों को मैं एक गीत के माध्यम से समझा रही हूँ।

आओ पेड लगाएं भाई, हम सब पेड बचाएंगे।
धरती माँ के फटे बसन को, हरा भरा कर पाएंगे।।
आओ पेड लगाएं भाई, हम सब पेड बचाएंगे।
धरती माँ के फटे बसन को, हरा भरा कर पाएंगे।।
गाँव-गाँव को चलो जगाएं, आज यही व्रत हम सब लें।
हरा-भरा छोटा-सा कानन, हर गाँव को हम सब दें।।
गौरव रक्षित हर गाँवों का, लोगों को समझाएंगे।
धरती माँ के फटे वसन को, हरा-भरा कर पाएंगे।।
आओ पेड लगाएं भाई, हम सब पेड बचाएंगे।
धरती माँ के फटे वसन को, हरा भरा कर पाएंगे।।
रक्षित वन ऐसा हो, जिसमें वन्य जीव रह पाएं।
गाये गीत सदा वन रक्षा के, रक्षित वन हम सब दे पाएं।।
आज विश्व की चिन्ता को, क्या दूर कभी कर पाएंगे।
धरती माँ के फटे वसन को, हरा भरा कर पायेगें।।
आओ पेड लगाएं भाई, हम सब पेड बचाएंगे।
धरती माँ के फटे वसन को, हरा भरा कर पाएगें।।
है कर्तव्य हमारा भैया, निर्वाहन हम कर पाएंगे।
गाँव नगर की गली सड़क को, हरा-भरा कर पाएंगे।।
धरती माँ के फटे बसन को, हरा भरा कर पाएंगे।।
आओ पेड लगाएं भाई, हम सब पेड बचाएंगे।
धरती माँ के फटे बसन को, हरा भरा कर पाएंगे।।

कार्यक्षमता को तीव्र करने वाली 21 न्यूरोबिक मस्तिष्क व्यायाम

डॉ. नीतू गुप्ता
असिस्टेन्ट प्रोफेसर, गृह विज्ञान विभाग

जिस प्रकार शारीरिक व्यायाम हमें स्वस्थ व मजबूत रखता है उसी प्रकार मस्तिष्क व्यायाम जिसे न्यूरोबिक कहा जाता है, हमारे मस्तिष्क (ब्रेन) की कोशिकाओं को पुर्नजीवित करता है न्यूरोबिक्स सभी 5 ज्ञानेन्द्रियों - दृष्टि, घ्राण, स्पर्श, स्वाद और श्रवण का प्रयोग करके ब्रेन की क्षमता को बढ़ाता है न्यूरोबिक व्यायाम सिर्फ खेल नहीं है लेकिन जब यह हमारे दिमाग को चतुर करता है इसे करने से आप नये नामों को ज्यादा अच्छी तरह याद रख पायेंगे और नये-नये प्रव्ययों को पकड़ पायेंगे और अपने कार्यभार को आसानी से पूरा कर पायेंगे।

1- दाँतों को ब्रश करने के लिये अपने विपरीत हाथ का प्रयोग करें या उस हाथ से फ्रिज खोलकर ब्रेकफास्ट करें।
2- जब भी किसी नये व्यक्ति से मिलें तो मिलते समय अपनी सभी ज्ञानेन्द्रियों का प्रयोग करें। शारीरिक वेशभूषा पर भी ध्यान दें। जैसे थॉमस के छोटे भूरे बाल, नीला चश्मा पहना हुआ, मुँह से सिगरेट की दुर्गध, हाथ मिलाने का तरीका और उसकी धीमी आवाज आदि।
3- चीजों की डेस्क पर आड़ी तिरछी रूप में रखें जिससे आपका दिमाग उन्हें विभिन्न रूपों में देखेगा।
4- टाइप के बजाय लिखने की कोशिश करें। रिसर्च बताती है कि लिखने से चीजों को ज्यादा अच्छा याद रखा जा सकता है हम चीजों को ज्यादा अच्छा याद रख पाते हैं यदि हम उन्हें लिखेंगे।
5- हमेशा गाड़ी चलाते, पैदल चलते व बाइक चलाते समय नये रास्तों का प्रयोग करें।
6- नयी भाषा सीखें या कोई वाद्य यन्त्र बजाना सीखें।
7- गणित ज्यादा से ज्यादा करें।
8- किसी नये भोजन को बनाने व खाने का प्रयत्न करें।
9- अगर आपको रॉक म्यूजिक या क्लासिकल म्यूजिक पसंद है तो कोई अन्य म्यूजिक सुनें।
10- विदेशी म्यूजिक सुनें।
11- बिना चाबी की तरफ देखे घर का या कार का लॉक खोलें।
21- आँखें बंद करके पानी की बौछार डालें।
13- किसी नई जगह पर लंच करें जैसे किसी दूसरी मेज, कमरे, रेस्टोरेंट या किसी भी दूसरी जगह पर।
14- किसी नये स्टोर से शॉपिंग करें।
15- रोज के समय से हटकर किसी अन्य टाइम पर शॉपिंग करें।
16- जिस किताब को आपने कभी न पढ़ा हो उसे पढ़ने की कोशिश करें।
17- यदि आप अच्छे धावक हैं तो योगा करें या आप अच्छे तैराक हैं तो टेनिस खेलने का प्रयास करें।
18- भोजन शांति में करें और हर टुकड़े के स्वाद को महसूस करें।
19- जब किसी परफ्यूम की खुशबू सूँघ रहे हों तो व्यायाम करें।
20- कपड़े, भोजन आदि के नये-नये ब्रांड का प्रयोग करें।
21- तेज आवाज में धीमी गति से कोई किताब पढ़ें।

वर्तमान समाज में शिक्षा की आवश्यकता

डॉ. नीशू कुमार
असिस्टेन्ट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग

भारतीय समाज में एक समय था, जब रोटी, कपड़ा और मकान की आवश्यकता थी, लेकिन वर्तमान में वैश्वीकरण के पश्चात् लोगों की आय व संसाधनों की उपलब्धता में अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है। वही शहरों व ग्रामीण स्तर पर सामान्य जीवन की लगभग सभी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति की जा रही है। जैसे, सड़क, पानी, बिजली आदि किन्तु 21वीं शताब्दी के सूचना एवं प्रौद्योगिकी के युग में एक महत्वपूर्ण पहलू सामने आया है वह है ''शिक्षा अर्थात् प्रभावी शिक्षा।'' भारत में वैदिक संस्कृति से ही शिक्षा महत्वपूर्ण रही एवं भारत ज्ञान-विज्ञान का देश रहा है लेकिन कुरीतियों, परम्परागत सामाजिक रूढ़िवादी सिद्धान्तों ने समाज के बहुत बड़े भाग को शिक्षा प्राप्ति व सहभागिता से दूर रखा। लेकिन आज जब हम वैश्वीकरण के माध्यम से अनेक संस्कृति व सभ्यता से परिचित हो रहे है यह आवश्यक हो जाता है कि भारत का जन मस्तिष्क तार्किक व विविध ज्ञान से परिपूर्ण हो। साथ ही राष्ट्र के स्वस्थ विकास में भारतीय मानव की जीवन शैली स्वस्थ व स्वच्छ होनी चाहिए।

शिक्षा के सम्बन्ध में महात्मा गाँधी ने कहा था कि ''व्यक्ति की पहचान उसके कपड़ों से नहीं उसके चरित्र से होती है'' एवं चीनी सन्त कन्फ्यूशियस द्वारा कहा गया कि- ''अज्ञानता एक ऐसी रात्रि के समान है, जिसमें न चाँद है, न तारे।''

दोनों अलग-अलग समय काल में दिये गये, किन्तु दोनों भावार्थ एक ही है कि शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान रूपी प्रकाश को प्राप्त कर अज्ञान रूपी अंधेरी रात्रि के अन्धकार को दूर करना है ताकि छात्र का सर्वांगीण विकास हो सके। छात्र किसी राष्ट्र का भविष्य होते हैं। भारत में भ्रष्टाचार, गरीबी, रूढ़िवादी-परम्परागत रीति-रिवाज, कर्म-कांडों में विश्वास, बेरोजगारी, बेगारी स्वच्छता, महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा व कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न शोषण आदि ने भारतीय समाज को हाशिये पर धकेल दिया है। जिसने विश्व पटल पर की शिक्षा, सामाजिक, महिलाओं की आर्थिक स्थितियों को लाल-रंग में प्रदर्शित किया है। वही जेंडर गेप इंडेक्स में 108 वी रैंक, जैंड इक्वेलिटी इंडेक्स में 87 रैंक व मानवीय विकास इंडेक्स में 131वीं ने भारत को पिछड़ते मानकों में रखा है।

वर्तमान में सूचना-प्रौद्योगिकी युग में जहाँ मानवीय जीवन सुगम, सरल बन रहा है। वही भारतीय समाज पारिवारिक नैतिक मूल्यों के ह्रास के दौर भी गुजर रहा है, विवाह संस्था पर अविश्वास स्थिति पैदा, एकल परिवार की प्रकृति में वृद्धि, वृद्ध माता-पिता का संरक्षण अतिरिक्त होने से भारतीय समाज में अनैतिकता का वास हो रहा है। वर्तमान समाज में स्वच्छता, जाति-भेदभाव, सम्प्रदाय, असहिष्णुता आदि ने आर्थिक परिक्वता की ओर बढ़ रहे भारत में कलंक के रूप में है।

उपरोक्त भारतीय परिदृश्य में मुद्दों पर विजय प्राप्ति के लिए शिक्षा बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। जिसमें सर्वप्रथम शिक्षा का प्राथमिक द्वितीयक सार पर बाल्यवस्था में छात्र में सामाजिक नैतिकता के मूल्यों का विकास हो सके। 21वीं शताब्दी में सूचना क्रान्ति के बाद सूचनाओं की पहुँच प्रत्येक व्यक्ति तक आसान हो गई है, अर्थात् शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति सुगमता से दूर-क्षेत्र में की जा सकती है। वर्तमान भारत में इंटरनेट कम्प्यूटर लगभग प्रत्येक तहसील व ब्लॉक स्तर तक पहुँच रहा है और सरकार ऑप्टिकल फाइबर नेट परियोजना द्वारा प्रत्येक पंचायत स्तर पर सूचनाओं को पहुँचाया जा रहा है। अत: इस सूचना क्रान्ति के माध्यम से हम सुदूर पिछड़े क्षेत्रों में प्रभावी शिक्षा की पहुँच से लोगों आधुनिक जीवन शैली का विकास, नैतिकता का विकास व वर्तमान समय में अलग-अलग जगहों सामने आ रही नाबालिग बच्चियों से दुष्कर्म व हत्या में दोषी व्यक्तियों की पहचान करने व सजा दिलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

प्रभावी शिक्षा की पहुँच से आधुनिक जीवन शैली के शिकार युवा छात्रों को अपने भविष्य में लक्षित दिशा दी जा सकती है क्योंकि आधुनिक जीवन में छात्रों का सामाजिक सहभागिता व उत्तरदायित्वों के प्रति उदासीनता ने व्यक्तिवाद को बढ़ावा दिया है। जिससे समाज, परिवार में एकल परिवार प्रकृति, बुद्ध-माता पिता के संरक्षण पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया।

अंतत: शिक्षा, मानवीय जीवन का वह पहलू रहा है। जिसने प्राचीन, माध्यमिक व आधुनिक तीनों स्तर पर अपनी प्रासंगिकता को समाज को मानवीय मूल्य व प्राकृतिक अधिकारों की सुनिश्चिता को हर स्तर नया आयाम दिया है। दिशा मनुष्य को तार्किक व अपने संरक्षण के लिए नये अविष्कार एवं खोजों के लिए प्रेरित करती रही है।

सुविचार

- अपने लक्ष्य में सफल होने के लिये, आपको लक्ष्य के प्रति एकमात्र दृढ़ भक्ति होनी चाहिए।

  अब्दुल कलाम
- सफल व्यक्ति बनने का प्रयास मत करिये, बल्कि सिद्धांतों वाला व्यक्ति बनने का प्रयत्न करिए।

  अल्बर्ट आंइस्टीन
- कमजोर कभी माफी नहीं मांगते, क्षमा करना तो ताकतवर व्यक्ति की विशेषता है।

  महात्मा गाँधी
- ब्रह्माण्ड की सारी शक्तियाँ पहले से ही हमारी है, वो हम ही है जो अपनी आँखों पर हाथ रख लेते है ओर फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है।

  स्वामी विवेकानंद
- कोई भी व्यक्ति ऊँचे स्थान पर बैठकर ऊँचा नहीं हो जाता बल्कि अपने गुणों से ऊँचा होता है।

  चाणक्य
- विज्ञान केवल तर्क का अनुयायी नहीं है, बल्कि रोमांस और जुनून का भी।

  स्टीफन हॉकिंग
- जीवन एक पाठशाला है जिसमें अनुभवों के आधार पर हम शिक्षा प्राप्त करते है।

  बिल गेट्स
- मैं एक धीमी गति से चलता हूँ, लेकिन कभी वापिस नहीं आता।

  अब्राहम लिंकन
- शिक्षा सबसे सशक्त हथियार है, जिससे दुनिया को बदला जा सकता है।

  नेल्सन मंडेला
- उच्चतम शिक्षा वो है जो हमें सिर्फ जानकारी ही नहीं देती बल्कि हमारे जीवन में समस्त अस्तित्व का सद्भाव लाती है।

  रविन्द्र नाथ टैगोर

समूह बीमा-एक आवश्यकता

डॉ. किरन शर्मा
असिस्टेन्ट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग

फेडरेशन ऑफ इन्श्योरेन्स इंस्टीट्यूट्स ऑफ इण्डिया के अनुसार ''सामूहिक बीमा, बीमा की एक योजना है जो एक ही योजना के अन्तर्गत अनेक लोगों को सुरक्षा प्रदान करती है''।

बीमा कोई नयी अवधारणा नहीं है। माना जाता है कि भारत में लगभग 3000 साल पहले भी आर्य व्यापारिक बीमा किया करते थे। वेदों में भी ''योग क्षेम'' शब्द का उल्लेख मिलता है जो बीमा का ही द्योतक है। ''बीमा '' फारसी का शब्द है जिसका अर्थ है जिम्मेदारी लेना।

मनुष्य का जीवन अनिश्चितताओं से भरा हुआ होता है। किन्तु अनिश्चितता के भय से मानव हाथ पर हाथ रखकर बैठा नहीं रह सकता। बीमा हानि की क्षतिपूर्ति का वचन देकर अनिश्चितता को निश्चितता में बदल कर मनुष्य की चिन्ताओं को दूर करने का प्रयास करता है। व्यक्ति चिन्तामुक्त होकर कार्य करता है जिससे उसकी उत्पादकता बढ़ती है।

वास्तव में बीमा सहकारिता एवं सम्भाविता के दो सिद्धान्तों पर आधारित है। जीवन में आने वाली विपत्तियों की सम्भाविता को देखते हुए व्यक्तियों के सूमह से थोड़ी थोड़ी धनराशि एकत्र कर के एक विशाल पूँजी का निर्माण कर लिया जाता है, जो विपत्ति ग्रसत मनुष्य की आर्थिक सहायता के लिए उपयोग की जाती है। बीमा की अवधारणा सर्वप्रथम समुद्री व्यापार में दृष्टिगोचर होती है। जब लोग एकत्रित होकर समुद्र के रास्ते व्यापार के लिए जाते थे किन्तु समुद्री विपत्ति में फँसकर किसी व्यापारी के वापस न लौटने की दशा में बाकी व्यापारी उसके परिवार को कुछ धनराशि प्रदान करके मदद करते थे। अथवा समुद्र में तुफान आने पर जहाज को बचाने के लिए कुछ सामान समुद्र में फेंक दिया जाता था और इस हानि को आपस में बाँट लिया जाता था।

समुद्र बीमा के पश्चात अग्नि बीमा का उल्लेख मिलता है। सन् 1666 में लंदन के भीषण अग्निकांड में लगभग 13200 घर जल गये थे। कहा जाता है कि यह अग्नि लगातार 4 दिन और 4 रातों तक धधकती रही थी। जिस के कारण लोगों ने अग्नि से सुरक्षा हेतु घरों का अग्नि बीमा कराना आरम्भ किया।

जीवन बीमा का आधुनिक रूप जनू 1583 से माना जाता है। कहा जाता है कि विलियम गिबन्स जो कि लंदन के निवासी थे सबसे पहले ऐसे व्यक्ति थे, जिनके जीवन का एक वर्ष का बीमा किया गया। जीवन बीमा में बीमाकर्ता बीमित व्यक्ति की मृत्यु अथवा एक निश्चित समय के बाद (जो दोनों में पहले हो) निश्चित रकम देने का आश्वासन देता है, बदले में बीमित व्यक्ति एक निश्चित समयावधि अथवा मृत्यु तक एक निश्चित प्रीमियम का भुगतान करता है।

सामान्य जीवन बीमा के अन्तर्गत एक अकेले व्यक्ति के जीवन का बीमा किया जाता है जबकि समूह बीमा कई व्यक्तियों के जीवनों के सामूहिक बीमा की अवधारण पर आधारित है। इसका प्रारम्भ भारत में सन् 1958 में हुआ। यह बीमा समूह विशेष को बीमा सुरक्षा उपलब्ध कराता है। एक साधन व्यक्ति अपने निजी साधनों का प्रयोग करके अपने जीवन को बीमित करा सकता है किन्तु जो व्यक्ति साधनहीन है अथवा किसी अन्य कारण से बीमा सुरक्षा लोने में सक्षम नहीं होते है उनके लिए समूह बीमा वरदान के समान है जिसमें समाज के मध्यम एवं निम्न आय वर्ग के व्यक्तियों के छोटे सूमहों का बीमा करने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जाती हैं। समूह बीमा योजना में सभी सदस्यों का जीवन एक ही पॉलिसी के अन्तर्गत किया जाता है। जो मास्टर पॉलिसी कहलाती है। बीमा हेतु सदस्य संख्या तथा प्रीमियम राशि योजना के अनुसार अलग-अलग होते है। किन्तु समूह बीमा की प्रीमियम लागत व्यक्तिगत आधार पर अलग-अलग नहीं होती है। इस तरह से समूह बीमा योजना एक व्यक्ति के जोखिम को सभी व्यक्तियों पर फैला देती है और न्यूनतम आर्थिक बोझ डालकर प्रत्येक सदस्य को पूर्ण बीमा हित प्रदान करती है। समूह बीमा जहाँ एक ओर कम खर्चीला होता है। वहीं इसका लाभ यह है कि समूह मे 50 से अधिक व्यक्ति होने पर डाक्टरी जांच की आवश्यकता नहीं पड़ती है। समूह बीमा में पॉलिसी नियोक्ता को दी जाती है जिससे बीमा शर्तें एवं सुविधाओं के बारे में लिखा होता है जबकि समूह के सदस्यों को अलग-अलग प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है।

समूह बीमा करने के लिए समूहों को दो आधार पर परिभाषित किया जाता है पहला परम्परागत समूह जिसमें नियोक्ता-कर्मचारी समूह होते हैं ये सभी कर्मचारी एक ही नियोक्ता के कर्मचारी होते है एवं नियोक्ता द्वारा ली गयी समूह बीमा को अनिवार्य रूप स्वीकार करना होता है दूसरा गैर परम्परागत समूह जो किसी नियोक्ता के कर्मचारी नहीं होते हैं एंव अपना समूह बना कर बीमा कराते हैं अथवा नियोक्ता द्वारा समूह बीमा न कराये जाने के कारण खुद का समूह बनाकर बीमा कराते है।

समूह बीमा के अन्तर्गत कई योजनाएं चलायी जा रही हैं जैसे- समूह उपदान या अनुग्रह राशि योजना, समूह अधिवर्षिता योजना, बचत सहबद्ध समूह बीमा योजना, सामाजिक सुरक्षा समूह बीमा, ग्रामीण समूह बीमा योजनाए आदि। भिन्न-भिन्न समूहों की आवश्यकता के अनुसार भिन्न-भिन्न योजनाएं चलन में है किन्तु उद्देश्य सभी योजनाओं का समान है कि कम से कम प्रीमियम में अधिक से अधिक व्यक्तिओं को जोखिम से सुरक्षा प्रदान करना एवं मृत्यु अथवा अपंगता की दशा में व्यक्ति के परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना। जहाँ एक ओर समूह बीमा कर्मचारी कल्याण का एक साधन है वहीं दूसरी ओर नियोक्ता एवं कर्मचारी के बीच मजबूत सम्बन्ध का एक आधार भी है जिससे औद्योगिक सम्बन्धों में सुधार आता है और अंततः उत्पादकता में वृद्धि होती है।

सन्दर्भ:-1.नवीन अग्रवाल-भारतीय बीमा निगम का विनियोग प्रबन्धक
2. आर.के. विरनोई-बीमा के सिद्वान्त
3. LIC & Group Schemes
4. बालचन्द्र श्रीवास्तव- बीमे के तत्व
5. ओ.पी. वाजपेई-भारत के जीवन बीमा निगम के वित्त

विचार

उस्मान आलम
बी.ए.-द्वितीय वर्ष

गरीब वह नहीं जिसके पास कम है, बल्कि वह जो अधिक चाहता है।

अँधेरी रात कितनी भी अँधेरी क्यों न हो, सूर्य आने के बाद समाप्त हो ही जाती है।

शिक्षक एवं शिक्षार्थी एक दूसरे के पूरक एवं पहचान हैं।

पुरूषार्थ वह है जो मानव को सप्रयास, प्रयत्नशील व महान बनाता है।

श्रेष्ठ ग्रन्थों को पढ़कर नहीं, जीवन में ग्रहण ही व्यक्ति महान बनता है।

भाषा बुद्धि का उपकरण मात्र है, जिसका सावधानी पूर्वक प्रयोग हो।

समय मूल्यवान है, आज का काम कल पर मत छोड़ो।

अगर सूरज की तरह चमकना है, तो सूरज की तरह जलना सीखो।

भारतीय संस्कृति की विशेषताएं

डॉ. सूर्यकान्त शर्मा
असिस्टेन्ट प्रोफेसर, इतिहास विभाग

संस्कृति का उद्देश्य मानव जीवन को सुंदर बनाना है। मानव की जीवन पद्धति उसका विकास, समाज ,उस समाज का धर्म, इतिहास एवं परंपरा आदि सभी बातों का आधार संस्कृति ही है। इस संस्कृति का मूल वेदों में मिलता है भाषा की उच्चता से समृद्ध ,विचारों से परिपक्व, मानवीय मूल्यों का संरक्षक, समाज रचना एवं जीवन पद्धति का समुचित मार्गदर्शन करने वाला यह वैदिक वाङ्मय गुरु शिष्य परंपरा की असाधारण प्रणाली से उसके मूल स्वरुप में आज तक धरती की प्राचीनतम पुस्तक है और वे वेद जिस संस्कृति के मूल है वह संस्कृति भी इस पृथ्वी पर सर्वप्रथम ही उदित हुई। भारतीय ऋषियों ने लोकमंगल की कामना से द्रवित होकर मानवीय गुणों को दैवीय उच्चता से विभूषित करने के लिए संस्कारों की अत्यंत वैज्ञानिक एवं सार्वकालिक सार्वभौमिक व्यवस्था दी है। किसी भी भू-भाग के मानवीय गुणों के उत्थान हेतु यह संस्कार समीचीन है। इसमें किसी भी प्रकार का बंधन जातीय, वर्णीय, आर्थिक, सामाजिक देशकालीय लागू नहीं होता। उत्तम से उत्तम कोटि का हीरा खान से निकलता है। उस समय वह मिट्टी आदि अनेक दोषों से युक्त रहता है।पहले इसे सारे दोषों से मुक्त किया जाता है। फिर तराशा जाता है, तराशने के बाद कटिंग की जाती है। तब वह हार में पहनने लायक होता है। जैसे-जैसे उसका गुणाधान-संस्कार बढ़ता चला जाता है, वैसे ही मूल्य भी बढ़ता चला जाता है। संस्कारों द्वारा ही उसकी कीमत बढ़ी। संस्कार के बिना कीमत कुछ भी नही। इसी प्रकार संस्कारों से विभूषित होने पर ही व्यक्ति का मूल्य और सम्मान बढ़ता है। इसीलिए हमारे यहां संस्कार का महात्म्य है। संस्कार और संस्कृति में जरा-सा भी भेद नहीं है। संस्कार और संस्कृति दोनों शब्दों का अर्थ है-धर्म। धर्म का पालन करने से ही मनुष्य, मनुष्य है। अन्यथा खाना, पीना, सोना, डरना, मरना, संतान पैदा करना ये सभी काम पशु भी करते हैं। पशु और मनुष्य में भेद यह है कि मनुष्य उक्त सभी कार्य संस्कार के रुप में करता है। संस्कार, संस्कृति और धर्म के द्वारा मानव में मानवता आती है।

हमारे यहां प्रत्येक कर्म का संस्कृति के साथ संबंध है। जन्म से लेकर मृत्युपर्यंत हम जितने भी कार्य करें,वे सभी वैसे हो जिससे हमारे जीवन का केवल विकास ही नही हो बल्कि वे अलंकृत, सुशोभित और विभूषित भी करें। ऐसे कर्म कौन से हैं,उनका ज्ञान मनुष्य को अपनी बुद्धि से नही हो सकता। सामान्यता बुद्धिमान व्यक्ति सोचता है कि वह वही कार्य करेगा जिससे उसे लाभ हो। लेकिन मनुष्य अपनी बुद्धि से अपने लाभ और हानि का ज्ञान कर ही नहीं सकता। अन्यथा को मनुष्य निर्धन और द

जिन्दगी के स्टेटस

मैं कुछ खास तो नहीं हूँ दुनिया में, लेकिन मेरे जैसे लोग कम हैं।

खुश हूँ मैं.....क्योंकि मुझे सपनों से ज़्यादा अपनों की फिक्र है।

हो सके तो दिलों में रहना सीखो, गुरूर में तो हर कोई रहता है।

गलतियाँ कर सकती हूँ, पर किसी का गलत नहीं कर सकती।

सोच ब्रांडेड होनी चाहिए, कपड़े नहीं,

ज़िन्दगी को रिवाइंड में नहीं, प्ले मोड में जीना चाहिए।

लाइफ का फण्डा कहता है, बातें उन्हीं से करो जिनसे करना पसंद हो

बट आई वाँट टू टेल यू

बातें उन्हीं से करो जिन्हें आपकी बातें सुनना पसंद हो।

जिन्दगी ने दिए है बहुत धोखे, बट कोई बात नहीं इट्स ओके

लाइफ तो एक फोटोग्राफी है, उसे अच्छे से एडिट करो, फिर देखो ये दुनिया उसे कितना लाइक करती है।

मुझे दोस्ती करनी है वक्त के साथ, सुना है ये अच्छे-अच्छे को बदल देता है।

कुछ लोगों ने मुझसे कहा- बहुत बदल गई है यार तू... मैंने मुस्कुराकर कहा- लोगों के हिसाब से जीना छोड़ दिया है मैंने।

जो लोग पीठ पीछे मेरी बुराई करते हैं न, उन्हें मैं बहुत पसंद करती हूँ, क्योंकि ये वो लोग हैं जो निःशुल्क मेरा प्रचार करते हैं।

गुस्से के तेज़ लोग अक्सर दिल के साफ हुआ करते हैं।

हमेशा ज़िन्दगी में ऐसे लोगों को पसंद करो, जिनका दिल चेहरे से ज़्यादा खूबसूरत हो।

ग्लोबलाइजेशन (वैश्वीकरण)

अमित बहादुर
प्रयोगशाला सहायक, चित्रकला विभाग

वैष्वीकरण (ग्लोबलाइजेशन) अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए व्यवसाय को बढ़ाने, तकनीकी वृद्धि, अर्थव्यवस्था में सुधार करने आदि का तरीका है। इस तरह से, निर्माणकर्ता या उत्पादक अपने उत्पादों या वस्तुओं को पूरे विश्व में बिना किसी बाधा के बेच सकता है। यह व्यवसायी या व्यापारी को बड़े स्तर पर लाभ प्रदान करता है, क्योंकि उन्हें ग्लोबलाइजेशन (वैश्वीकरण) के माध्यम से गरीब देशों में आसानी.से कम कीमत पर मजदूर मिल जाते हैं। यह कम्पनियों को बड़े स्तर वैश्विक बाजार में अवसर प्रदान करता है। यह किसी भी देश को भागीदारी, मिश्रित कारखानों की स्थापना, समता अंशों में निवेश, उत्पादों या किसी भी देश की सेवाओं का विक्रय आदि करने की सुविधा प्रदान करता है।

ग्लोबलाइजेशन की कार्यप्रणाली

वैश्वीकरण (ग्लोबलाइजेशन) पूरे विश्व के बाजार को एक बाजार मानने में मदद करता है। व्यापारी व्यवसाय के क्षेत्र को संसार को एक वैश्विक गाँव मानकर बढ़ाते हैं। 1990 के दशक से पहले, भारत में कुछ निश्चित उत्पादों का आयात करने पर रोक थी, जिनका निर्माण पहले से ही भारत में किया जाता था, जैसे – कृषि उत्पाद, इन्जीनियरिंग वस्तुएं, खाद वस्तुएं आदि। यद्यपि, 1990 के दशक में धनी देशों का विश्व व्यापार संगठन, विश्व बैंक और अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष पर गरीब और विकासशील देशों में अपने व्यवसाय को फैलाने के लिए दबाव था। भारत में उदारीकरण और वैश्वीकरण की शुरूआत 1991 में संघीय वित्त मंत्री (डॉ. मनमोहन सिंह) द्वारा की गई थी।

बहुत सालों के बाद, वैश्वीकरण (ग्लोबलाइजेशन) के कारण भारतीय बाजार में मुख्य क्रान्ति आई, जब बहुत से बहुराष्ट्रीय ब्रांड़ो ने जैसे - पेप्सीको, के एफ सी, मैक-डोनाल्ड, आई बी एम, नोकिया आदि ने भारत में सस्ती कीमत पर विभिन्न विस्तृत गुणवत्ता के उत्पादों की बिक्री की। सभी नेतृत्वकर्ता ब्रांड़ो ने वैश्वीकरण या ग्लोबलाइजेशन की वास्तविक क्रान्ति को प्रदर्शित किया, जिसके परिणामस्वरूप यहाँ औद्योगीकरण और अर्थव्यवस्था में चौकाने वाली वृद्धि हुई। बाजार में गला काट प्रतियोगिता के कारण गुणवत्ता वाले उत्पादों की कीमत कम हो गई।

वैश्वीकरण के सकारात्मक प्रभाव

वैश्वीकरण ने भारतीय विद्यार्थियों और शिक्षा के क्षेत्र को इंटरनेट के माध्यम से विदेशी विश्वविद्यालयों को भारतीय विश्वविद्यालयों से जोड़ा है, जिसके कारण शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ी क्रान्ति आई है।

वैश्वीकरण या ग्लोबलाइजेशन के द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र भी प्रभावित हुआ है, इसके कारण सामान्य दवाईयाँ स्वास्थ्य को नियमित करने वाली विद्युत मशीन आदि उपलब्ध हो जाती है।

यह रोजगार के क्षेत्र में भी व्यापार, जैसे- लघु उद्योगों, हाथ के कारखाने, कारपेट, ज्वैलरी और काँच के व्यवसाय आदि को बढ़ाने के माध्यम से, बड़े स्तर पर क्रान्ति लाया है।

ग्लोबल वार्मिंग

भुवन चन्द्र ब्रजवासी
प्रयोगशाला सहायक, जन्तु विज्ञान विभाग

ग्लोबल वार्मिंग के रूप में आज हम लोग एक बड़ी चुनौती का सामना कर रहे हैं जिसका हमें स्थायी समाधान निकालने की जरूरत है। असल में, धरती के सतह के तापमान में लगातार और स्थायी वृद्धि ग्लोबल वार्मिंग है। इसके प्रभाव को खत्म करने के लिए पूरे विश्व को व्यापक तौर पर चर्चा करने की जरूरत है। इससे दशकों से धरती की आबोहवा और जैव-विविधता प्रभावित हो रही है।

धरती पर ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने का मुख्य कारण CO_2 और मिथेन जैसे ग्रीनहाउस गैस है, जिसका सीधा प्रभाव समुद्र जल स्तर में वृद्धि, ग्लेशियरों का पिघलना, अप्रत्याशित वायुमण्डलीय परिवर्तन जो धरती पर जीवन की सम्भावनाओं को प्रभावित करता है। आंकड़ो के अनुसार बीसवीं सदी के मध्य से ही धरती का तापमान निरन्तर बढ़ रहा है और इसका मुख्य कारण लोगों के जीवनशैली में बदलाव है।

1983,1987,1988,1989 और 1991 बीती सदी के सबसे गर्म साल रहे। पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ने से धरती पर बाढ़, सूखा, चक्रवात, भूस्खलन, सुनामी, महामारी आदि जैसे प्रकोप जीवन के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं जो प्रकृति के असन्तुलन को दिखाती है।

ग्लोबल वार्मिंग की वजह से जल का वाष्पीकरण वातावरण में हो जाता है, जिसकी वजह से ग्रीन हाउस गैस बनती है और जिसके कारण फिर से ग्लोबल वार्मिंग बढ़ती है दूसरी क्रियाएं जैसे जीवाश्म ईधनों का जलना, खादों का इस्तेमाल, CFCs जैसी गैसों में वृद्धि, ट्रौपोसफेरिक ओजोन और नाइट्रस ऑक्साइड भी ग्लोबल वार्मिंग के लिए जिम्मेदार हैं। इसके बढ़ने का मौलिक कारण तकनीकी उन्नति, जनसंख्या विस्फोट, औद्योगीकरण, वनों की कटाई और शहरीकरण आदि है।

अत्यधिक वन-कटाई से हम प्रकृति के सन्तुलन को बिगाड़ रहे हैं साथ ही तकनीकी उन्नति से ग्लोबल कार्बन साईकिल, ओजोन परत में छेद कर रहे हैं और इससे अल्ट्रावॉयलेट किरणों को धरती पर आसानी से आने का मौका मिल रहा है जो ग्लोबल वार्मिंग में बढ़ोत्तरी का कारण बन रही है। हवा से कार्बनडाई ऑक्साइड को हटाने के लिए पेड़-पौधे सर्वश्रेष्ठ विकल्प है अत: वनों की कटाई को रोकना होगा तथा ग्लोबल वार्मिंग के खतरे को खत्म करने के लिए पेड़ों को लगाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना होगा जिससे हमें इसके खतरे को कम करने में हमें बड़े स्तर की सफलता मिल सकती है। पूरे विश्व में जनसंख्या विस्फोट को भी रोकने की आवश्यकता है क्योंकि इससे धरती पर विनाशकारी तकनीकों का इस्तेमाल कम होगा।

ग्लोबल वार्मिंग का समाधान

हमें वातावरण से ग्रीनहाउस गैसों का कम से कम उत्सर्जन करना चाहिये और उन जलवायु परिवर्तनों को अपनाना चाहिये जो वर्षों से होते आ रहे हैं बिजली की ऊर्जा के बजाए शुद्ध और साफ ऊर्जा के इस्तेमाल की कोशिश करनी चाहिये अथवा सौर, वायु और जियोथर्मल से उत्पन्न ऊर्जा का इस्तेमाल करना चाहिये। तेल जलाने और कोयले के इस्तेमाल, परिवहन के साधनों, और बिजली के सामानों के स्तर को घटाने से ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों को घटाया जा सकता है।

जीवन शैली बना रही बीमार

सोनिया
प्रयोगशाला सहायक, गृह विज्ञान विभाग

आज के समय में या आधुनिक युग में जीवन शैली का प्रारूप तेजी से बदल रहा है जिस रफ्तार से हम आधुनिक युग की ओर बढ रहे है स्वयं को उतना ही पीछे छोड़ रहे है।

आधुनिकीकरण की रूप रेखा ने हमारी जीवन शैली को बदल कर रख दिया है। उसका सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

बहुराष्ट्रीय कंपनियों और कार्य के आधुनिकीकरण ने दिन और रात के भेद को खत्म कर दियाहै। कॉल सेन्टर और इन्टरनेट के बाद सोशल मीडिया ने भी जीवन शैली को बदलने में पूरी भूमिका निभाई है। अब देर रात जागना, सुबह देर से उठना और इसके बाद काम पर चले जाना ही जीवन हो गया है। ऐसे युवा जो काम पर नहीं जाते या पढ़ते है उनका जीवन भी कमोबेश ऐसा ही है।

ऐसे में खान पान का प्रभावित होना लाजमी है अर्थात् अस्वस्थ जीवन शैली यानी समय से खाना न खाना, बाहर का तला भुना खाना, समय से ना सोना, समय से ना जागना, व्यायाम न करना या यू कहें कि किसी भी काम का तय समय अनुसार न करना ऐसे में आज बढ़ती बीमारियों का सबसे बड़ा कारण अशुद्ध भोजन है।

लोगो को नई-नई बिमारियाँ हो रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक भारत में 10 से 24 आयु वर्ग की करीब 23 लाख युवा आबादी हर साल असामयिक मौत की शिकार हो जाती है।

आज की शहरी कार्य शैली में पीठ दर्द, मोटापा, तनाव, थकान, सरदर्द, अवसाद, ब्लड़प्रेशर, डायबिटीज, कोलोस्ट्रॉल आदि बीमारियाँ तेजी से घर करती जा रही हैं। देश के बड़े-बड़े चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार स्वस्थ जीवन जीने के लिए जरूरी सलाह-

- **नियमित रूप से शरीर की पूरी जांच करायें** :- अस्वस्थ जीवन शैली और पारिवारिक पुरानी बीमारी दोनों को ध्यान में रखते हुए अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच कराते रहे। अपने डॉक्टर को पारिवारिक बीमारी के बारे में बताएं और उसके लक्षण भी देखें की कहीं आपको उससे पीडित होने की संभावना तो नहीं।
- **स्वस्थ आहार (हेल्दी डाइट)** :-हम प्रतिदिन बाहर का फास्ट फूड, जंक फूड, अधिक ऑयली खाना खाते है। ज्यादा तला भुना, ऑयली खाना सीधे हमारे हृदय, दिमाग और सम्पूर्ण स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। स्वस्थ रहने के लिए हमें प्रतिदिन के खाने में हरी सब्जियाँ, फल, अंकुरित बीज और सलाद का सेवन करना चाहिए। इनसे शरीर को आवश्यक पोषक तत्व मिल जाते हैं और हम रोगग्रस्त नहीं होते।
- **रोजाना व्यायाम** :- आपका दिल अच्छे से काम करे, हमेशा प्यार से धड़कता रहे इसके लिए जरूरी है कि आप हर दिन खुली स्वच्छ हवा में व्यायाम(Exercise)करें। व्यायाम के कई विकल्प आप के पास है जैसे खुले में चलना, दौड़ना, साइकिल चलाना, तैराकी आदि। चलना(Walking) सबसे अच्छा व्यायाम है। प्रतिदिन कम से कम 10 मिनट चलने से आपका स्वास्थ्य एक दम सही रहेगा।
- **वजन कम करें** :-अधिक मोटापा शरीर के लिए हानिकारक होता है। मोटा शरीर जानलेवा बिमारियों का घर होता है, इसलिए यदि आप पूरी तरह स्वस्थ रहना चाहते हैं तो सबसे पहले बढ़े हुए वजन को घटाएं। वजन घटाने के लिए अधिक कैलोरी वाला खाना न खायें। व्यायाम करें, इससे आप सभी गंभीर बीमारियों को अपने से दूर कर देंगे।
- **तनाव को कम करें** :-तनाव शरीर में कई बिमारियों को निमंत्रण देता है। इससे दिमागी बिमारियाँ सबसे ज्यादा होती है। किसी भी प्रकार के तनाव में न रहें, इससे आप अस्वस्थ हो सकते हैं।

अगर आप बहुत ज्यादा तनाव में हैं तो अपने परिवार और दोस्तों के साथ वक्त बिताएं। खाने पीने का ध्यान रखें। नींद अच्छी तरह लें और व्यायाम भी करें। इस सबसे निश्चित ही आपका तनाव कम होगा। जो लोग अपने घर के बुजुर्गों और बच्चों की देखभाल करते हैं उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण सलाह है हैल्दी भोजन के साथ पूर्ण नींद और व्यायाम का ध्यान रखें।

स्वच्छ भारत अभियान

विपिन कुमार
कनिष्ठ सहायक, आई.टी.इंचार्ज

स्वच्छ भारत अभियान माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा चलाया गया भारत सरकार का एक सफाई अभियान है यह एक महत्वपूर्ण विषय है और हमारे बच्चों, छात्र-छात्राओं को इसकी जानकारी होना आवश्यक है। यह एक राष्ट्रीय स्तर पर चलाया जा रहा अभियान है और शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की सफाई के लिए आरम्भ किया गया है इस अभियान में शौचालयों का निर्माण, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देना, गलियों व सड़कों की सफाई, देश के बुनियादी ढाँचे को बदलना आदि शामिल है इस अभियान को आधिकारिक तौर पर राजघाट, नई दिल्ली में 2 अक्टूबर 2014 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरु किया गया।

स्वच्छ भारत का सपना महात्मा गांधी जी ने देखा था जिसको पूरा करने के लिए ही मा. प्रधानमंत्री जी ने कदम बढाया है अत: हम सभी भारतियो का कर्तव्य है कि इसमें सहयोग करें।

यह एक अभियान राजनीति मुक्त अभियान है देशभक्ति से प्रेरित है। इस अभियान की प्रति देश के प्रत्येक व्यक्ति की एक जिम्मेदारी है और अपने भारत वर्ष को स्वच्छ देष बनाने के लिये हर भारतीय नागरिक की भागीदारी की आवश्यकता है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए विश्व स्तर पर पहल की गयी। शिक्षक और स्कूल के छात्र इसमें पूर्ण उत्साह और उल्लास के साथ शामिल हो रहे है और स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने का प्रयास कर रहे है।

इसके अंतर्गत मार्च 2017 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने एक और स्वच्छता पहल की शुरूआत की है। उनहोंने उत्तर प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में चबाने वाले पान, गुटखा और अन्य तम्बाकू उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस अभियान को 2019 तक एक स्वच्छ भारत का लक्ष्य रखते हुए 2 अक्टूबर 2014 को महात्मा गांधी की 145 वीं जन्मदिन के सुबह अवसर पर शुरू किया गया था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने भारत को एक स्वच्छ भारत बनाने का सपना देखा और इसके लिए हमेशा कठिन प्रयास किये। राष्ट्रपिता के सपने को साकार ने इस अभियान को शुरू करने का फैसला किया।

1. खुले में शौच की प्रवृति को समाप्त करना।
2. अस्वास्थ्यकर शौचालयों को पानी से बहाने वाले शौचालय में परिवर्तित करना।
3. हाथ से मल की सफाई को रोकना।
4. लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करना।
6. अच्छी आदतो के लिए प्रेरित करना।
7. शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था अनुकूल बनाना।
8. भारत में निवेश के लिए रूचि रखने वाले सभी निजी क्षेत्रों के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करना आदि।

इस अभियान में बहुत ही रूचि पूर्ण तरीका इस्तेमाल हो रहा है जिसमे प्रत्येक व्यक्ति 9 लोगों को इससे जुड़ने के लिए आंमत्रित करेगा और फिर वह प्रत्येक व्यक्ति अगले 9. लोगों को जुड़ने के लिए आमंत्रित करेंगे और ये श्रृंखला तब तक चलती रहेंगी जब तक की भारत का प्रत्येक नागरिक इससे जुड न जाए। हमारे मा. प्रधानमंत्री जी ने शौचालय को नया नाम दिया ''घर की इज्जत''।

स्वच्छ भारत अभियान को सरकार द्वारा देश की स्वच्छता के प्रतिक के रूप में शुरू किया गया है। अगर आंकड़ों की बात की जाये तो बहुत ही कम लोग ऐसे हैं जिनके घरों में शौचालय है। इसलिए सरकार गंभीर रूप से सभी को महात्मा गाँधी जी के सपने के साथ जोड़ने का प्रयास कर रही है।

इस अभियान को सफल बनाने के लिए सरकार ने सभी लोगों से निवेदन किया वे अपने आस-पास की दूसरी जगहों की सफाई के लिए साल में केवल 100 घंटों के लिए अपना योगदान दे। स्वच्छता अभियान स्वच्छ भारत अभियान एक राष्ट्रिय स्वच्छता अभियान है जो

भारत सरकार द्वारा स्थापित किया गया है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत 4041 सांविधिक नगरों के सडक, पैदल मार्ग और अन्य कई स्थान आतें हैं। यह एक बहुत ही बड़ा आन्दोलन है जिसके तहत भारत को 2019 तक पूरी तरह से स्वच्छ बनाना है।

भारत सरकार द्वारा शहर विकास, पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के तहत इस अभियान को ग्रामीण और पहरी दोनों क्षेत्रों में लागू किया गया है। इस मिशन का पहला स्वच्छता अभियान मा. प्रधानमंत्री द्वारा पहले ही शुरू किया जा चुका था। स्वच्छ भारत अभियान के द्वारा सफाई व्यवस्था की समस्या का समाधान निकालना साथ में सभी को स्वच्छता की सुविधा के निर्माण द्वारा पूरे भारत में मल प्रबंधन करना है।

स्वच्छ भारत अभियान की जरूरत

स्वच्छता अभियान की आवश्यकता अपने उद्देश्य की प्राप्ति तक भारत में स्वच्छता अभियान की कार्यवाई लगतार चलती रहनी चाहिए। भौतिक, मानसिक, सामाजिक, बौद्धिक कल्याण के लिए भारत के लोगों में इसका एहसास होना बहुत ही जरूरी है। यह भारत की सामाजिक स्थिति को बढ़ावा देने के लिए है जो हर तरफ स्वच्छता लाने से शुरू किया जा सकता है। स्वच्छ भारत अभियान की आवश्यकता को देखते हुए निम्न बिन्दु पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

1. भारत के घर-घर में शौचालय हो साथ ही खुले में शौच की प्रवृति को भी खत्म करने की आवश्यकता है।
2. अस्वास्थ्यकर शौचालय को पानी से बहाने वाले शौचालयों से बदलने की आवश्यकता है।
3. हाथ के द्वारा की जाने वाली साफ-सफाई की व्यवस्था का जड़ से खात्मा जरूरी है।
4. नगर निगम के कचरे का पुनर्चक्रण और दुबारा इस्तेमाल, सुरक्षित समापन, वैज्ञानिक तरीके से मल प्रबंधन को लागू करना।
5. खुद के स्वास्थ्य के प्रति भारत के लोगों की सोच और स्वाभाव में परिवर्तन लाना और स्वस्थ्यकर साफ-सफाई की प्रक्रियों का पालन करना।
6. ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों मे वैश्विक जागरूकता का निर्माण करने के लिये और सामान्य लोगों को स्वास्थ्य से जोड़ने के लिये।
7. इसमें काम करने वाले लोगों को स्थानीय स्तर पर कचरे के निष्पादन का नियंत्रण करना, खाका तैयार करने के लिए मदद करना।
8. पूरे भारत में साफ-सफाई की सुविधा को विकसित कने के लिये निजी क्षेत्रों की हिस्सेदारी बढ़ाना।
9. भारत को स्वच्छ और हरियाली युक्त बनाना।
10. ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना।
11. स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से समुद्रायों और पंचायती राज संस्थानों को निरंतर साफ-सफाई के प्रति जागरूक करना। ये सब हमे राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी के सपनों को सच करने लिए करना है।

शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ भारत अभियान :

शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन का लक्ष्य हर नगर में ठोस कचरा प्रबंधन सहित लगभग सभी 1.04 करोड घरों 2.6 लाख सार्वजनिक शौचालय, 2.5 लाख सामुदायिक शौचालय उपलब्ध कराना है। सामुदायिक शौचालय के निर्माण की योजना रिहायशी इलाकों में की गई है जहाँ पर व्यक्तिगत घरेलू शौचालय की उपलब्धा मुश्किल है इसी तरह सार्वजनिक शौचालय की प्राधिकृत स्थानों पर जैसे बस अड्डों, रेलवे स्टेशन, बाजार आदि जगहों पर। शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता कार्यक्रम को पाँच वर्षो के अंदर 2019 तक पूरा करने की योजना है। इसमें ठोस कचरा प्रबंधन की लागत 7,366 करोड़ रूपये है, 1,828 करोड़ जन सामान्य को जागरूक करने के लिये है, 655 करोड रूपये सामुदायिक शौचालयों के लिये, 4,165 करोड़ निजी घरेलू शौचालयों के लिये आदि। कार्यक्रम जिन्हें पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है-खुले में शौच की प्रवृति को जड़ से हटाना, शौचालय को पानी से बहाने वाले शौचालयों में परिवर्तन, खुले हाथों से साफ-सफाई की प्रवृति को हटाना, लोगों की सोच में परिवर्तन लाना के रूप में लागू किया जाना है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत अभियान को स्वच्छता कार्यक्रम के रूप में लागू किया जाना है। ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ बनाने के लिए

इससे पहले भारतीय सरकार द्वारा निर्मल भारत अभियान की स्थापना की गई किन्तु इस समय इसका पुनर्गठन स्वच्छ भारत अभियान के रूप में किया गया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को खुले में शौच करने की मजबूरी से रोकना, इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए सरकार ने 11 करोड़ 11 लाख शौचालयों के निर्माण के लिए एक लाख करोड़ रूपय की राशी को खर्च करने की योजना बनाई है। सरकार ने कचरे को जैविक खाद और इस्तेमाल करने लायक उर्जा में परिवर्तित करने की योजना की है। इससे ग्राम पंचायत, जिला परिषद, पंचायत समिति की बहुत अच्छी भागीदारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार करने के लिए चलाया गया है।

2019 तक स्वच्छ भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। साफ-साफाई की जरूरी सुविधाओं को लगातार उपलब्ध करने के लिए पंचायती संस्थान, समुदाय आदि को प्रेरित करते है।

ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार साफ-सफाई और पारिस्थितिक प्रोत्साहित करना होगा।

स्वच्छ भारत स्वच्छ विद्यायालय अभियान स्वच्छ भारत अभियान केन्द्रिय मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा चलाया गया है और इसका उद्देश्य गाँव, शहर और स्कूलों में स्वच्छता लाना है। इस अभियान के तहत 25 सितम्बर 2014 से 31 अक्टूबर 2014 तक केन्द्रिय विद्यालय और नवोदय विद्यालय संगठन जहाँ कई सारे स्वच्छता क्रियाकलाप आयेजित किये गये हैं जैसे छत्रों द्वारा स्वच्छता के पहलुओं पर चर्चा, इससे संबंधित महात्मा गाँधी की शिक्षा, स्वच्छता और स्वच्छता विज्ञान के विपय पर चर्चा, स्वच्छता क्रियाकलाप।

चमन लाल महाविद्यालय, द्वारा स्वच्छता अभियान 12 अक्टुबर 2017 को महाविद्यालय परिसर एंव कस्वा लण्ढौरा में चलाया गया। स्वच्छता अभियान में श्री राम कुमार शर्मा (अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति), श्री अरुण कुमार (सचिव, प्रबन्ध समिति), श्री अतुल हरित (कोषाध्यक्ष, प्रबन्ध समिति), डॉ. देवपाल (प्राचार्य), श्री दिनेश कुमार(कार्यलय अधीक्षक), विपिन कुमार (कनिष्ठ सहायक) एवं समस्त शिक्षकगण, गैरशिक्षकगण, कर्मचारियों और छात्र/छात्राओं ने सक्रिय प्रतिभाग किया।

स्वच्छ भारत अभियान पर नारे:

1. कदम से कदम मिलाओ स्वच्छता की तरफ हाथ बढ़ाओ।
2. युवा शक्ति हैं सब पे भारी, उठाओ झाड़ू गंदगी बाहर करो सारी।
3. स्वच्छता ही है देश का सौन्दर्य, जिसे लाना है हमारा कर्तव्य।
4. एक नया सवेरा लायेंगे, पूरे भारत को स्वच्छ और सुंदर बनाएंगे।
5. स्वच्छता का रखना हमेशा ध्यान, तभी तो बनेगा हमारा भारत देश महान।
6. आओ मिलकर सबको जगाएं, गंदगी को स्वच्छता से दूर भगाएं।
7. आओ मिलजुलकर खुशियाँ मनाये, भारत को स्वच्छ बनाएं।
8. स्वच्छता भारत अभियान में सब मिल जाओ, मिलकर सब अपने प्यारे भारत को स्वच्छ बनाओ।
9. सफाई से खुद को स्वच्छ बनाना है स्वच्छता से पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाना है।
10. अब हर भारतीयों ने मन में यही ठाना है पूरे भारत को स्वच्छ बनाना है।
11. गाँव-गाँव गली-गली ऐसी ज्योति जलाएंगे पूरे भारत को स्वच्छ बनाएंगे।
12. बापू का घर-घर पहुंचे संदेश, स्वच्छ और सुंदर हो अपना देश।

निष्कर्ष

2019 तक भारत को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के लिए स्वच्छ भारत अभियान एक बहुत ही अच्छा कदम है। अगर भारत की जनता द्वारा प्रभावी रूप से इसका अनुसरण किया गया तो हमें भी अपने जीवन में स्वच्छता को जारी रख कर उनको बनाए रखने की जरूरत है, एक स्वस्थ देश और स्वस्थ समाज को जरूरत है कि उसके नागरिक स्वस्थ और स्वच्छ हों।

डॉ. कलाम का जीवन परिचय

निबन्ध लेखन-1

भावना राज
बी.ए.-प्रथम वर्ष

डॉ. अब्दुल कलाम का जीवन परिचय- अब्दुल कलाम आज़ाद का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को रामेश्वर (तमिलनाडु/भारत) के धनुषकोड़ी गाँव में हुआ था। अब्दुल कलाम का पूरा नाम 'अबुल पाकिर जैनुलआब्दीन अब्दुल कलाम' था। उनकी माता का नाम 'अरसिम्मा' और पिता का नाम 'जैनुलआब्दीन' था।

अब्दुल कलाम ने अपनी शिक्षा सेठ जोसेव कॉलेज से की तथा आगे की शिक्षा 'चेन्नई इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी' से की। अब्दुल कलाम शिक्षा में निपुण थे तथा पिक्षा के प्रति बहुत ही जागरूक एवं सक्षम थे।

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का जीवन चरित्र- डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का परिवार निम्न स्तर का था। तथा उनकी आर्थिक स्थिति ज़्यादा अच्छी नहीं थी। वे बचपन में अखबारों के बंडलों को बेचकर अपना गुज़ारा करते थे तथा उन्हीं पैसों से शिक्षा ग्रहण करते थे तथा वे जानते थे कि उनके जीवन में शिक्षा का क्या योगदान है इसलिए वह शिक्षा को सर्वोपरि मानकर मेहनत और लगन से शिक्षा ग्रहण करते थे।

उन्हें गणित, भौतिकी और रसायन विज्ञान में अधिक रूचि थी, इसलिए उन्होंने 'चेन्नई इन्स्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग' से इंजीनियरिंग की और इस तरह वे वैज्ञानिक बनने की ओर अग्रसर हुए।

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का शिक्षा में योगदान- डॉ. ए.पी.जे. अब्दु कलाम ने शिक्षा के द्वारा ही अपनी छवि उभारी थी। इसी कारण उन्हें वैज्ञानिकी में कई उपग्रह, सेटेलाइटों का निर्माण करवाया। उन्होंने बहुत से ऐसे उपग्रहों की खोज की जो आगे चलकर बहुत सक्षम एवं निपुण साबित हुए।

उन्होंने भारत के पहले परमाणु परीक्षण 1974 में भाग लिया तथा दूसरे परमाणु परीक्षण 1992 में पोखरण (राजस्थान) में हुआ, उसमें उन्होंने अपना पूर्ण योगदान दिया।

उन्होंने भारत का पहला स्वदेशी उपग्रह (एस.एल.पी.-3) बनाया। जो उनकी सबसे प्रशंसनीय खोज थी।

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को दिये गए पुरस्कार- डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को उनकी खोजों एवं योग्यता के आधार पर उन्हें 'वैज्ञानिकी क्षेत्रों में इंजीनियर मैन' के रूप में जाना जाता है।

इसलिए उन्हें इंदिरा गाँधी पुरस्कार (1990), पदम् विभूषण (1990), तथा पदम् भूषण (1981), रामेश्वरम् पुरस्कार (2000) तथा अन्य बहुत से पुरस्कारों से सम्मानित किया गया तथा 1997 में उन्हें भारत रत्न से नवाजा गया।

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम राजनीति में- डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को एक रक्षामंत्री के रूप में भी वे 1992 से लेकर 1999 तक और वैज्ञानिकी एवं राजनीति में दोनों में संलग्न रहे।

2002 में उन्हें भारत के राष्ट्रपति के रूप में चुना गया। वे भारत के 11वें राष्ट्रपति थे। वे 2002 से लेकर 2007 तक राष्ट्रपति के पद पर आसीन रहे।

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की मृत्यु- डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की स्वास्थ्य स्थिति 2010 से ही बिगड़ने लगी थी तथा समय बढ़ने के साथ-साथ वे और ज़्यादा बीमार हो गए। उन्हें कई बार अस्पताल में भर्ती करना पड़ा।

परन्तु अब्दुल कलाम को लगा कि शायद अब वह ज़्यादा दिन तक नहीं जीवित रह पायेंगे, किन्तु उन्होंने हार नहीं मानी। जब उनकी स्थिति ज़्यादा बिगड़ने लगी तो नरेन्द्र मोदी (जो तत्कालीन प्रधानमंत्री) हैं उन्होंने अब्दुल कलाम से मुलाकात की और अब्दुल कलाम आज़ाद ने 25 जुलाई 2015 को अपना एक भाषण भी दिया और जनता को शिक्षा के प्रति सम्बोधित किया।

और नरेन्द्र मोदी जी से कहा- कि वे उनकी मृत्यु दिवस पर

अवकाश न रखें। परन्तु उनके सम्मान हेतु उन्होंने 27 जुलाई 2015 को उनकी मृत्यु दिवस पर अवकाश रखा। इस प्रकार एक महान वैज्ञानिक व राजनीतिज्ञ तथा एक निपुण राष्ट्रपति जो 27 जुलाई 2015 को हमारे बीच नहीं रहे। परन्तु वे हमेशा भारतीय इतिहास में अमर रहेंगे। उनकी जीवनी का नाम 'अब्दुल कलाम का जीवन परिचय' है।

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

निबन्ध लेखन-2

तनु सिंह
बी.ए.- प्रथम वर्ष

देश को परमाणु शक्ति से सुसज्जित करने वाले डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का जन्म तमिलनाडु के रामेश्वरम में एक मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ था। इनका जन्म 15 अक्टूबर 1931 को हुआ था। इनका पूरा नाम अबुल पाकिर जैनुलाआबद्दीन था। इनके पिता का नाम जैनुलाआबद्दीन था, इनकी माता का नाम आसीमा था। डॉ. कलाम अपने पिता से बहुत अधिक प्रभावित थे। इनके पिता अधिक पढ़े-लिखे न थे किन्तु वे कलाम को एक महान् व्यक्ति बनाना चाहते थे। इनकी शिक्षा रामनाथपुरम के स्क्वॉर्ट्ज़ में हुई थी। कई लोग इनको एक अच्छा कवि भी मानते थे। इन्होंने दो पुस्तकें लिखीं जो काफी प्रसिद्ध हुई। 'इण्डिया 2020' और विंग्स ऑफ फायर-एन ऑटोबायोग्राफी'। डॉ. कलाम ने एक समय में अखबार भी बेचे परन्तु शायद ये किसी को मालूम न था कि यही व्यक्ति एक दिन भारत का नाम रोशन करेगा। डॉ. कलाम एक धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे वे नित्य ही नमाज़ अदा किया करते थे और साथ ही दूसरे धर्मों का भी सम्मान किया करते थे। वे राम के चरित्र से बहुत अधिक प्रभावित थे। इन्होंने मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी से एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा प्राप्त किया तथा डी.टी.डी. में बतौर वरिष्ठ सहायक वैज्ञानिक के तौर पर कार्य किया। इसके बाद ही आर. डी.ओ. में भी वैज्ञानिक के तौर पर कार्य किया।

डॉ. कलाम ने डी.आर.डी.ओ. को कुछ समय बाद छोड़ दिया तथा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान में कार्य किया। यहाँ पर इन्होंने 19 वर्षों तक कार्य किया। इसके कुछ समय बाद इन्होंने एस.एल.वी. के तीन डिज़ाइन तैयार किये और फिर उनका सफल प्रक्षेपण किया। इस सफल प्रक्षेपण के बाद डॉ. कलाम को सन् 1981 में पदम् भूषण से सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय अनुसंधान के तहत् इन्हें 25 नवम्बर 1997 को भारत रत्न से तथा 1998 में राष्ट्रीय एकता के लिए इंदिरा गाँधी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इन्होंने कम ही समय में हमारे देश को अंतरिक्ष की नई ऊँचाईयों तक पहुँचा दिया था। ए.पी.जे. कलाम एक ऐसा नाम बन चुका था जो इतिहास को नए नचम पर ले गया। इसी के कारण 1999 में इन्हें भारत का राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त किया गया और 2002 में इन्हें भारत का 11वां राष्ट्रपति नियुक्त कर दिया गया।

आज उनके अथक प्रयासों का ही नतीजा है कि भारत आज विकसित देशों की सूचि में गिना जाता है। वे जाने-माने चेहरे थे जो भारत को आगे ले गए। परन्तु 27 जुई 2015 को अंतरिक्ष अनुसंधान के बारे में शिलौंग में ये भाषाण दे रहे थे तो अचानक भाषण के दौरान एक ज़ोरदार दिल का दौरा पड़ा और ये बेहोश हो गए। तभी इन्हें अस्पताल ले जाया गया परन्तु दो घन्टे बाद ही इनकी मृत्यु की पुष्टि कर दी गई।

पूरा देश इनकी अकस्मात् मौत से सन्न रह गया तथा आज तक इस महान् व्यक्ति या कहें तो 'मिसाइलमैन' को याद करता है। ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का कहना था कि-

"आप अपना भविष्य नहीं बदल सकते, परन्तु अपने आदतें तो बदल सकते हैं। और निश्चित् ही आपकी आदतें आपका भविष्य बदल देंगी।"

भारत के मिसाइलमैन

निबन्ध लेखन - 3

सरिता सैनी
बी.ए.-द्वितीय वर्ष

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का पूरा नाम अब्दुल पाकिर जैनुलआब्दीन अब्दुल कलाम है। उनका जन्म 15 अक्टूबर 1931 को रामेश्वरम् (तमिलनाडु) में हुआ था। वे भारत के ग्यारहवें राष्ट्रपति थे। वे 2002 से 2007 तक भारत के राष्ट्रपति पद पर आसीन रहे। उनका जन्म एक गरीब परिवार में हुआ था लेकिन उन्होंने कभी भी अपनी पढ़ाई को नहीं छोड़ा। अब्दुल कलाम आज़ाद ने प्रारम्भ में फिज़िक्स की पढ़ाई पूरी की और बाद में एमरोस्पेस इंजीनियरिंग किया। वे भारतीय के दिल में "जनता के राष्ट्रपति" व "भारत के मिसाइलमैन" के रूप में जाने जाते हैं।

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम आज़ाद एक महान इंसान थे जिन्हें 1997 में भारत रत्न, 1990 में पद्म विभूषण, 1981 में पद्म भूषण,1997 इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार में मिला। उन्हें रामानुजन एवॉर्ड 2000 में, किंग्स चार्ल्स द्वितीय मेडल 2007 में, इंटरनैशनल वॉर्न अवार्ड 2009 आदि से सम्मानित किया गया।

अब्दुल कलाम के जीवन में लेखक, शिक्षा और लोक सेवा का विशेष योगदान था। वे भारत के कैबिनेट मंत्रालय में भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार बने। उन्हें कम से कम 30 विश्वविद्यालयों के द्वारा "डॉक्टरेट" की उपाधि से सम्मानित किया गया। वे एक महान् व्यक्तित्त्व के साथ ही साथ देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत भी थे। अचानक हृदयगति रूक जाने के कारण मेघालय के शिलौंग में आई.आई.एम. में लेक्चर देते समय 27 जुलाई 2015 को उनका निधन हो गया। वे एक महान वैज्ञानिक के साथ ही साथ एक महान् व्यक्ति भी थे। वे शारीरिक रूप से भले ही आज हमारे बीच मौजूद नहीं हैं लेकिन उनके द्वारा दिया गया योगदान हमेशा उनको हमारे बीच जीवित रखेगा। उन्होंने भारत को एक विकसित राष्ट्र के सपने के रूप में देखा था। इसलिए वे हमारे लिए एक प्रेरणास्रोत के रूप में माने जाते हैं। उन्होंने अपनी पुस्तक "भारत 2020-नवनिर्माण की रूपरेखा" में भारत को एक विकसित सपने के रूप में लिखा है। उनकी यही पुस्तक हमारे लिए प्रेरणास्रोत रही है।

अब्दुल कलाम आज़ाद एक वैज्ञानिक के रूप में- अब्दुल कलाम आज़ाद एक वैज्ञानिक के तौर पर डी. आर.डी.ओ. (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन) में कार्य किया। जहाँ उन्होंने भारत सेना के लिए एक हेलीकॉप्टर डिज़ाइन किया। बाद में कलाम साहब प्रक्षेपात्र उपग्रह स्वदेशी के निदेशक के रूप में भारत से जुड़े रहे। उन्होंने पोखरन-द्वितीय परमाणु परीक्षक 1998 में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

अब्दुल कलाम आज़ाद का जीवन बेहद संघर्षपूर्ण था। हालांकि भारत की नई पीढ़ी के लिए वे एक प्रेरणास्रोत व प्रेरित करते रहे हैं। वे कहते थे "राष्ट्र को नेतृत्त्व में आदर्श की ज़रूरत है जो युवाओं को प्रेरित कर सके।"

उपसंहार- 27 जुलाई 2015 को मेघालय के शिलौंग में आई.आई.एम. में लेक्चर देते समय शाम के लगभग इन्होंने आखिरी साँस ली। वे एक सच्चे देशभक्त के रूप में जाने जाते हैं। इतने उच्च पद पर रहने के बाद भी वे साधारण जीवन व्यतीत करते थे। उनके इस सपने के कारण भारत नई-नई ऊँचाइयों को छू रहा है। अब्दुल कलाम आज़ाद में एक सफल वैज्ञानिक थे। उनके ऊपर 2011 में एक फिल्म आई थी जिसका नाम था "आई एम ए कलाम" फिर बाद में परमाणु फिल्म बनी। हालांकि उन्होंने कहा था कि-

"सपने वो नहीं जो तुम रात में देखते हो, बल्कि सपने वो होते हैं, जो तुम्हें सोने न दें।"

शिक्षा के विकास में पुस्तकालय की भूमिका

डॉ. पुनीता शर्मा
असिस्टेन्ट प्रोफेसर, पुस्तकालय विज्ञान विभाग

शिक्षा एवं ग्रंथालय दो जुड़वा बहने हैं, इसलिए इन्हें एक को दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता। ग्रंथालय आधुनिक शैक्षणिक संरचना की नींव है इसलिए कोई भी शैक्षणिक संस्था ग्रंथालय के बिना अधूरी है क्योंकि एक ओर उक्त शिक्षण संस्थान अपने सभी शैक्षिक कार्यों को पूरा करती है तो दूसरी ओर उनके ग्रंथालय अपनी ज्ञान-सामग्री को सही समय पर सही व्यक्ति को सही रूप में प्रदान कर उसे शैक्षणिक कार्यक्रमों को बल एवं प्रोत्साहन प्रदान करते हैं। अत: ग्रंथालय किसी भी शैक्षिक संस्था का महत्वपूर्ण अंग है, उसे किसी शिक्षण संस्था के हृदय के रूप में निरूपित किया जा सकता है।

एक संस्था में अध्ययन एवम् शोध की प्रकृति का सीधा प्रभाव पुस्तकालय की आवश्यकता उपयोग पर पड़ता है। व्याख्यान निर्देशित अथवा पाठ्य पुस्तक निर्देशित कक्षाएं पुस्तकालय पर ज़्यादातर आधारित नहीं होती। व्यापक पठन एवं लिखित प्रतिवेदन विद्यार्थी द्वारा पुस्तकालय के गहन उपयोग की माँग करता है। सम्मेलनों, ट्यूटोरियल्स सम्बन्धी एवं अन्य अध्ययन विधियों की आवश्यकता विद्यार्थियों द्वारा व्यक्तिगत अध्ययन एवं लिखित कार्य के लिए सम्बद्ध पुस्तकालय संग्रह की मांग करता है। शोध के लिए प्रथम और द्वितीय स्रोत सामग्री के विस्तृत संग्रह की आवश्यकता होती है। पाठ्यक्रम आवश्यकताओं को पूरा करने में पुस्तकालय न केवल सुदृढ़ संग्रह निर्माण की आवश्यकता पड़ती है परन्तु आवधिक संग्रह मूल्यांकन की ज़रूरत भी पड़ती है।

शिक्षा का अर्थ- शिक्षा शब्द की व्युत्पति लैटिन भाषा के एड्केटम (Educatum) शब्द से हुई है। एडुकेटम का अर्थ है शिक्षण का कला ए (E) का अर्थ है अन्दर से और डूको (Duco) का अर्थ है-आगे बढ़ना या प्रगति करना। इस प्रकार आधुनिक धारणा के अनुसार शिक्षा बालक के अंदर छिपी हुई समस्त शक्तियों को सामाजिक वातावरण में विकसित करने की कला है।

शिक्षा शब्द का मूलभूत अर्थ सीखना और समझना है। मनुष्य को बचपन में समझने और सीखने की शिक्षा दी जाती है। उसके लिए उसकी बौद्धिक शक्तियों को विकसित किया जाता है तथा उसे स्वयं आगे बढ़ने तथा अधिक बातें जानने के लिए प्रेरित किया जाता है। इस अवस्था में व्यक्ति अधिक से अधिक बातें दूसरे के मार्गदर्शन में सीखता है और बाद में स्वयं सीखने एवं समझाने में समर्थ हो जाता है। दूसरे अध्यापकों के द्वारा शिक्षण से भी मार्गदर्शन एवं ज्ञान दिया जाता है। इस प्रकार नियमित शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति को स्वध्याय की ओर प्रेरित किया जाता है। मानव जीवन पर्यन्त सीखता एवं समझता रहता है परन्तु अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उसे शिक्षा का नियमित अध्ययन करना पड़ता है।

शिक्षा जागरूकता का माध्यम है, संस्कारों का परिमार्जन है, कर्तव्यबोध की शक्ति है। अत: शिक्षा प्राकृतिक विपदाओं, राष्ट्रीय, सामाजिक, जातिगत बुराईयों का अनावरण कर झूठी धार्मिक कुण्ठाओं से सजग कर सुगम मार्ग प्रशस्त करती है। शिक्षा सम्पूर्णता में समझने तथा अभिव्यक्त करने का साधन है। समझने की क्षमता है। शिक्षा जीवन पर्यन्त चलने वाला कार्य है, निरन्तर प्रक्रिया संचालन से ज्ञान का विकास होता है।

स्वतंत्रता के बाद निरंतर आयोगों तथा समितियों गठन कर भारत सरकार शिक्षा विकास के प्रति प्रतिबद्धता दुहराती है। इनमें मुख्य रूप से उच्च शिक्षा आयोग (1948-1949) डॉ. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में, शिक्षा आयोग (1964-1966) डॉ. कोठारी की अध्यक्षता में, नई शिक्षा नीति 1986 प्रोग्राम ऑफ एक्शन 1992, रामामूर्ति समिति रिपोर्ट 1990 आदि प्रमुख हैं।

उच्च शिक्षा संस्थानों के माध्यम से शोध की विशिष्ट उपलब्धियाँ आगे जाने वाली पीढ़ी के लाभ क लिए कार्यान्वित होती है। उपलब्धियों के सहारे उपयुक्त प्रका के व्यवसायिक वरीयता के आधार पर अनेक कार्य क्षेत्रें में प्रबन्धन वरीयता प्राप्त करते हैं। इन्हीं विशेषताओं के आधार को ध्यान में रखकर विश्वविद्यालय तथ महाविद्यालयों के कार्य निश्चित् किए गये हैं।

इन सभी समीतियों तथा आयोगों ने पुस्तकालय सेव

की आवश्यकता को शिक्षा की गुणवत्ता के साथ जोड़कर देखा है। परिमाणत: आवश्यक धन, पुस्तकालय कर्मियों की शैक्षणिक योग्यता एवं तकनीकी विकास की पुस्तकालय विकास से जोड़ने सम्बन्धी सुझाव दिए हैं।

इसी क्रम में 1956 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का गठन विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय पुस्तकालय विकास में सर्वाधिक महत्वपूर्ण कड़ी है।

शैक्षणिक पुस्तकालय- शिक्षण संस्थाओं से संलग्न पुस्तकालय को शैक्षणिक पुस्तकालय कहा जाता है। शिक्षण संस्थान शिक्षा और शोध के ऐसे संस्थान हैं जो किसी निर्धारित पाठ्यक्रम के आधार पर किसी निश्चित् स्तर, उपाधि या प्रमाण पत्र की प्राप्ति के लिए छात्रों को औपचारिक शिक्षा प्रदान करते हैं। विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय और इंजीनियरिंग, चिकित्सा आदि की शिक्षा से सम्बन्धित संस्थान ऐसे ही संस्थान हैं। अपने संस्थान की शैक्षणिक आवश्यकताओं में सहयोग देने के लिए हर शिक्षण संस्थाओं में पुस्तकालय की स्थापना की जाती है। इस प्रकार अपनी संस्था के अनुरूप आकार, प्रकार, संग्रह तथा सेवाएं प्रदान करने में शैक्षणिक पुस्तकालय एक दूसरे से भिन्न हो सकते हैं। परन्तु साथ ही साथ हर शैक्षणिक पुस्तकालय में कुछ सामान्य तत्त्व भी होते हैं। वह तत्त्व यह है कि प्रत्येक शैक्षणिक पुस्तकालय संस्थान की शिक्षा तथा शोध की आवश्यकताओं को पूरा करने में पूर्ण सहयोग प्रदान करना है।

शैक्षणिक पुस्तकालय के प्रकार-

विद्यालय पुस्तकालय- विद्यालय व संस्था होती है जहाँ से छात्र-छात्राएं शिक्षा जगत में प्रवेश करते हैं। यह कार्य निम्न तीन स्तरों से पूरा होता है।

प्राथमिक विद्यालय पुस्तकालय
माध्यमिक विद्यालय पुस्तकालय
उच्चतर विद्यालय पुस्तकालय

विद्यालय के इस प्रत्येक स्तर पर अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए पुस्तकालय का होना आवश्यक है। छात्रों की शैक्षणिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु विद्यालय अधिकारी अनेक सुविधा प्रदान करते हैं। इनमें सर्वाधिक प्रचलित पुस्तकालय सुविधा है। पुस्तकालय छात्र व अध्यापक दोनों की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। पुस्तकालय छात्रों के शैक्षणिक व अशैक्षणिक दोनों क्षेत्रों में प्रतिभा का विकास करता है। विद्यालय पुस्तकालय वास्तव में विद्यालय का द्वितीय अध्ययन कक्ष (Class-room) होता है। पुस्तकालय विद्यार्थियों में मौलिक चिंतन की प्रवृत्ति विकसित करने, अपनी शक्तियों का राष्ट्र के निर्माण में उपयोग करने, उच्च आदर्श को अपनाने एवं भावी जीवन का निर्माण करने में सहायक होते हैं।

महाविद्यालय पुस्तकालय- शिक्षा प्रक्रिया में महाविद्यालय महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। महाविद्यालय उच्च शिक्षा का प्रवेश द्वार है।

किसी भी विषय का गंभीर अध्ययन यहीं से आरम्भ होता है। अध्ययन को व्यापक, तुलनात्मक और प्रायोगिक रूप देने के लिए कक्षा शिक्षण के अतिरिक्त स्वध्याय करना अति आवश्यक होता है। स्वाध्याय को सरल और सुगम बनाने के लिए महाविद्यालय स्तर पर पुस्तकालय की व्यवस्था की जाती है। कक्षा में प्रदत्त शिक्षा को छात्र स्वयं परिवर्धित कर सकें इस उद्देश्य से शिक्षकों की शिक्षण पद्धति पुस्तकालयोन्मुखी होनी चाहिए।

विश्वविद्यालय पुस्तकालय- उच्च शिक्षा प्राप्ति में विश्वविद्यालय मुख्य भूमिका निभाते हैं। विश्वविद्यालय, शिक्षण के अतिरिक्त शोध, विचारों के संरक्षण और व्याख्या सम्बन्धी कार्य करता है। शोध कार्य विश्वविद्यालय का एक ऐसा प्रमुख कार्य है जो उसको महाविद्यालय से अलग करता है। विश्वविद्यालय में अभीष्ट विषय पर विशेष अध्ययन और अधिकार प्राप्त किया जाता है। भौतिक ज्ञान का यहाँ सृजन होता है और ज्ञान के विक्रेन्द्रिकरण का यह मुख्य केन्द्र है। ज्ञान का संरक्षण और विकास विश्वविद्यालय शिक्षा पर निर्भर करता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची-

1. पुस्तकालय तथा समाज- अग्रवाल, श्याम सुंदर
2. पुस्तकालय एवं समाज- व्यास, एस.डी.।
3. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग प्रतिवेदन 2004-2005, नई दिल्ली।

एशियाई राष्ट्रों की भूमिका एवं प्रभाव

(ब्रिक्स एवं संयुक्त राष्ट्र के विशेष संदर्भ में)

डॉ. धर्मेन्द्र कुमार
असिस्टेन्ट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग

यदि हम 21वीं सदी में अपने सम्पूर्ण रूप में जीवित रहना चाहते हैं तो इसके लिए हमें अधिक संसूचित, अधिक ज्ञानवान, अधिक बुद्धिमान एवं सर्वाधिक सचेत होने की आवश्यकता है। 21वीं सदी को 'एशियाई सदी के रूप में परिकल्पित किया जा रहा है जिसमें एशियाई राजनीति एवं संस्कृति, जिसकी कुछ विशिष्ट जनांकीय एवं आर्थिक पहचान एवं प्रवृत्तियाँ हैं, का प्रभुत्व रहेगा।' एशियाई सदी की अवधारणा उसी प्रकार की अवधारणा है, जिस प्रकार 20वीं सदी को 'अमरीकी सदी' एवं 19वीं सदी को 'ब्रिटिश औपनिवेषिक सदी' माना जाता है।

2011 में एशियाई विकास बैंक द्वारा किए गए एक अध्ययन में यह पाया गया है कि 21वीं सदी के मध्य तक एशिया के लगभग 3 बिलियन (3 अरब) लोगों को सम्पूर्ण विश्व के आधे के द्वारा वैश्विक निर्गत (उत्पादन) में भाग होगा।

इसलिए, हमें पर्यावरण, अहंवाद, कॉर्पोरेट, स्थानीय स्वशासन, जल, जंगल के संरक्षण एवं संवर्द्धन, पर्यटन विनियमन आधुनिक विकास से सम्बद्ध मुद्दों, किसी स्थान की धारक क्षमता, जलवायु परिवर्तन, पिघलते ग्लेशियरों, बढ़ती जनसंख्या, संक्रामक रोगों, शरणार्थियां के प्रश्न एवं न्यायपूर्ण एवं समतामूलक विश्व व्यवस्था के लिए वैश्विक प्रबन्ध करने की महत्तर आवश्यकता होगी।

उपरोक्त प्रश्नों में 'संघर्ष' के समाधान हेतु हमें दण्डात्मक-हिंसक आंदोलनों का नहीं वरन् सुधार आंदोलनों का रास्ता अपनाना होगा। हमें यह अनिवार्यत: समझना होगा कि हमें और अधिक चिकित्सालयों और स्वास्थ्य केन्द्रों की ज़रूरत है, अधिक वन एवं कृषि भूमि की आवश्यकता है एवं ऐसी ही अनेक अन्य आवश्यकताएं हैं।

ब्रिक्स (BRICS) को ऐसी स्थिति में अनिवार्यत: 'संघर्ष एवं टकराव के मुद्दों का समाधान करने हेतु आगे आना होगा। 'ब्रिक्स' राष्ट्रों को संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ कंधे से कंधा मिलाकर विश्व शांति को आगे बढ़ाने हेतु प्रतिबद्ध होकर कार्य करना होगा। ऐसा होने पर ही हम अन्तर्राष्ट्रीय शांति, सुरक्षा एवं विकास के रास्ते में आगे बढ़ सकते हैं। ऐसा करने हेतु 'ब्रिक्स' राष्ट्रों में आपसी समन्वय की पर्याप्त संभावना है, जिसको अभी तक न तो पहचाना गया है और न ही साकार रूप दिया जा सका है।

सम्पूर्ण विश्व के विद्वान-विशेषज्ञों के उन विभिन्न क्षेत्रों में ऊर्जावान एवं ओजस्वी विचार एवं विमर्श को आमंत्रित करने चाहिए। ब्रिक्स देशों के मध्य आपसी सम्बन्धों को घनिष्ठ कर 21वीं सदी को 'एशियाई सदी' के रूप में स्थापित कर सकें, और अपने समवेत प्रयासों से अन्तर्राष्ट्रीय शांति व सुरक्षा हेतु उल्लेखनीय कार्य कर सकें। ब्रिक्स देशों में अवसंरचनात्मक विकास, व्यापार व वाणिज्य, ऊर्जा, दूरसंचार, परिवहन (विशेषत: सड़क एवं रेल), शुद्ध पेय जल तक पहुँच, स्वच्छता, स्वास्थ्य, भ्रष्टाचार, खाद्य सुरक्षा, कृषि विकास (विशेषत: पर्यावरण अनुकूल हरित कृषि), जल-सुरक्षा, शहरीकरण, जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभावों को कम करना, आर. एण्ड डी. (शोध एवं अनुसंधान) चुनौतियाँ, पर्यटन एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा अवसंरचनाओं के रख-रखाव हेतु उपयुक्त एवं नवाचारी पद्धतियों का प्रयोग आदि-आदि के द्वारा 21वीं सदी को हम एशियाई सदी के रूप में घोषित कर सकते हैं।

भारत रत्न डॉ. बी.आर. अंबेडकर

ज्योति
बी.ए.-प्रथम वर्ष

भीमराव अम्बेडकर जीवन परिचय- डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में हुआ था। वे रामजी मालोजी सकपाट और भीमाबाई मुरबादकर की 14वीं व अंतिम संतान थे। उनका परिवार मराठी था और वो अंबावडे नगर, जो आधुनिक महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में है, से सम्बन्धित था। अनेक समकालीन राजनीतिज्ञों को देखते हुए उनकी जीवन अवधि कुछ कम थी। भीमराव अम्बेडकर महार जाति के थे जो अछूत कहे जाते थे, किन्तु जब भीमराव बहुत छोटे थे तो वह अपनी पढ़ाई के लिए स्कूल जाते थे और उनको स्कूल की क्लास में बैठने नहीं दिया जाता था क्योंकि उस समय उसी व्यक्ति के बच्चों को वहाँ पर बैठने दिया जाता था जो बड़े लोग थे। अछूत समझी जाने वाली जाति में जन्म लेने के कारण अपने स्कूली जीवन में अम्बेडकर को अनेक अपमानजनक स्थितियों का सामना करना पड़ा। जब भीम बच्चे थे तो वह बाहर रहते थे। एक बार भीम और उनका भाई शहर से गाँव में अपने माता-पिता को मिलने के लिए अपने घर आ रहे थे। तो उन्हें रास्ते में अपने घर जाने के लिए अपने वाहन में बैठाने के लिए तैयार न था। क्योंकि उनको सब अछूत और छोटी जाति के मानते थे। और उसी बीच एक बैलगाड़ी वाला अपनी बैलगाड़ी में बैठकर जा रहा था। उन्होंने उससे पूछा कि आप हमें अपनी बैलगाड़ी में लेकर चलो आप इस बात के बदले में उस व्यक्ति न उनसे वह बैलगाड़ी हाँकने को कहा और वह बैलगाड़ी हाँकने को तैयार हो गये थे क्योंकि उन्हें सुबह से शाम हो गई थी। वहीं पर बैलगाड़ी का इंतज़ार करते-करते शाम हो गई थी, इसलिए उन्होंने सोचा कि अगर हम इसकी बैलगाड़ी हांकेंगे तो यह हमें घर जाने में हमारी मदद करेगा, तो इस प्रकार भीम बचपन से ही बहुत मेहनती थे।

बाबा साहब भीमराव अंबेडकर

नेहा गुथ्वाल
बी.ए.-द्वितीय वर्ष

कब गुज़र गये वो भीम थे
दुनिया को जगाने वाले भीम थे
हमने तो सिर्फ इतिहास पढ़ा है यारों
इतिहास बनाने वाले मेरे भीम थे
गरज उठे गगन सारा, समुंदर छोड़े अपना किनारा
हिल जाए जहान सारा

जब गूँजे "जय भीम का नारा"
कतरा थे कभी हमको, समंदर बना दिया
अधिकार दिलाया हे, मुकबर बना दिया
पैरों की धूल मानती थी सभ्यता हमें
अम्बेडकर जी ने सबको बराबर बना दिया।

मित्रता की मिसाल

सबीहा अब्बासी
बी.ए.-प्रथम वर्ष

दोस्तों नीयत कितनी भी अच्छी हो, दुनिया तुम्हें तुम्हारे दिखावे से जानती है और दिखावा कितना भी अच्छा हो, खुदा तुम्हे तुम्हारी नियत से जानता है। इसलिए समझौता करना सीखो क्योंकि थोड़ा सा झुक जाना किसी रिश्ते को हमेशा के लिए तोड़ देने से बेहतर हैं अगर आपके पास देने के लिए कुछ भी नहीं है तो अपने होठों पर एक मुस्कुराहट ही सजा लो, यकीन रखो कि आपका ये तोहफा हर शय से कीमती होगा। दो चेहरे इंसान को कभी नहीं भूलते। एक तो मुश्किल में साथ देने वाला, एक मुश्किल में साथ छोड़ने वाला, कोई तुम्हारा दिल दुखाये नाराज़ मत होना क्योंकि लोग पत्थर भी उसी पेड़ पर मारते हैं जिसका फल सबसे मीठा होता है। रिश्तों की खूबसूरती एक-दूसरे की बात को बर्दाश्त करने में है। बे-ऐब इंसान तलाश करोगे तो अकेले रह जाओगे। किसी की मदद करते वक्त उसकी चेहरे की ओर मत देखो। हो सकता है उसकी शर्मिंदा आँखें आपके दिल में गुरूर का बीज बो दें। कभी किसी का दिल मत दुखाओ वरता तो उसे माफ़ी माँगने के बावजूद दु:ख ज़रूर रहेगा जैसे दीवार में लगी कील को निकाल देने के बावजूद निशान रह जाता है। कोशिश करो कि ज़िन्दगी का हर लम्हा सबके साथ अच्छे से अच्छा गुज़रे क्योंकि ज़िन्दगी नहीं रहती। अच्छी यादें हमेशा जिन्दा रहती हैं कोई अगर अच्छी बात कहे तो उसे पल्लू से बाँध लो क्योंकि जब किसी मोती की कीमत मालूम की जाती है तो वो नहीं देखता कि उसे समुन्दर से निकालने वाला कौन है। आसमान में उड़ने वाले परिन्दे से किसी ने पूछा कि तुम्हें गिरने का डर नहीं है, तो उसने मुस्कुराकर जवाब दिया कि मैं इंसान नहीं जो छोटी सी बुलन्दी पर अकड़ जाऊँ। नज़रे मेरी हमेशा ज़मीन पर रहती है। दोस्तों इंसान भी क्या चीज़ है। दौलत पाने के लिए सेहत खो देता है और फिर सेहत पाने के लिए दौलत खो देता है। और जीता ऐसे है जैसे कभी मरेगा नहीं। फिर मर ऐसे जाता है जैसे कभी जिया ही नहीं। बुराई की मिसाल ऐसी है जैसे पहाड़ से नीचे उतरना एक कदम उठाओ तो बाकी उठते चले जाते हैं। और अच्छाई की मिसाल ऐसी है, जैसे पहाड़ पर ऊपर चढ़ना हर कदम पिछले हर कदम से ज़्यादा मुश्किल है। मगर हर कदम पर बुलंदी मिलती है। रिश्ते कभी अपनी मौत नहीं मरते, उन्हें इंसान ही कत्ल करता है, कभी गलतफहमी से कभी नज़र अंदाज़ी से। आँख दुनिया की हर एक चीज़ को देखती है। लेकिन जब आँख में कुछ चला जाए तो उसे नहीं देख पाती। इसी तरह दुनिया दूसरों के ऐब तो देखती हूँ मगर अपने ऐब उसे नज़र नहीं आते। कभी कोई फैसला गुस्से की हालत में न करो क्योंकि उबलते हुए पानी में अंकुर दिखाई नहीं देता। माफ करने की आदत और हौंसला पैदा करो। ये तो अल्लाह का करम है कि उसने तुम्हारे गुनाहों की पर्दापोशी की। अगर तुम्हारे दरमियाँ एक दूसरे के गुनाह ज़ाहिर हो जाते तो तुम एक दूसरे को दफन भी न कर पाते।

सच सुनने से न जाने क्यों कतराते हैं लोग। तारीफ़ कितनी भी छोटी हो, सुनकर बड़े मुस्कुराते हैं लोग।

नीति वचन

विशाखा शर्मा
बी.एससी.-द्वितीय वर्ष

जीवन में एक बार जो फैसला कर लो फिर पीछे मुड़कर मत देखना क्योंकि पीछे मुड़कर देखने वाले इतिहास नहीं बनाते।

जीत हासिल करनी है तो काबलियत बढ़ाओ किस्मत की रोटी तो कुत्ते को भी नसीब होती है।

अनुभव यह नहीं कि जो मनुष्य के साथ घटता है बल्कि इस घटे हुए पर हमारी क्या प्रतिक्रिया होती है यह अनुभव है।

चुनौतियों को स्वीकार करें क्योंकि इससे या तो सफलता मिलेगी या शिक्षा।

जब दिमाग कमज़ोर है परिस्थितियाँ समस्या बन जाती हैं जब दिमाग स्थिर है परिस्थितियाँ अवसर बन जाती हैं।

बुद्धिमान काम करने से पहले सोचता है और मूर्ख काम करने के बाद।

जब हम कठिन परिस्थितियों से गुज़र रहे होते हैं और ईश्वर को मौन पाते हैं तो हमें याद रखना चाहिए कि परीक्षा के समय शिक्षक सदैव मौन रहते हैं।

गलती हर मनुष्य करता है परन्तु उन पर दृढ़ केवल मूर्ख ही होते हैं।

हर मित्रता के पीछे कोई न कोई स्वार्थ छिपा होता है, ऐसी कोई भी मित्रता नहीं जिसके पीछे स्वार्थ न छिपा हो, यह जीवन का कड़वा सच है।

दूसरों की गलतियों से सीखो अपने ही ऊपर प्रयोग करके सीखने से तुम्हारी आयु कम पड़ेगी।

सफलता को सर पर चढ़ने न दें और असफलता को दिल में उतरने न दें।

दूसरों की अपेक्षा अगर आपको सफलता यदि देर से मिले तो निराश नहीं होना चाहिए क्योंकि मकान बनने से ज़्यादा समय महल बनने में लगता है।

अधिक सीधा-साधा होना भी अच्छा नहीं होता है एक बार जंगल में जा कर तो देखो वहाँ पर सीधे वृक्ष काट लिए जाते हैं और टेढ़े वृक्ष खड़े रहते हैं।

जब तक तुम दौड़ने का साहस नहीं जुटाओगे तुम्हारे लिए प्रतिस्पर्धा में जीतना असंभव बना रहेगा।

हर विद्यार्थी को चाहिए कि वह काम, स्वाद, लोभ, मोह, खेल-कूद, अधिक सोना, श्रृंगार, घूमना-फिरना, क्रोध इन सबका त्याग कर दे तभी वह अपनी शिक्षा को सार्थक कर पाएगा।

किसी भी काम के बिगड़ने का भय नहीं करना चाहिए क्योंकि दूध फटने का भय उन्हीं को होता है जिसे उससे पनीर बनाना न आता हो।

कोई भी काम करने से पहले यह तीन प्रश्न अपने से अवश्य पूछें-

मैं यह काम क्यों कर रहा हूँ?

इसका परिणाम क्या होगा?

क्या मैं सफल हो पाऊँगा?

तभी आप उस काम के बारे में गंभीरता से सोच सकेंगे।

जो अकेले चलता है वह तेज़ चलता है।

एक बुरे मित्र पर तो कभी विश्वास न करें। एक अच्छे मित्र पर भी कभी विश्वास न करें क्योंकि यदि ऐसे लोग आपसे रूष्ट होते हैं तो वह आपके सभी राज़ से पर्दा खोल देते हैं।

सबसे पहले शुद्ध मन से सोच विचार करें फिर बिना किसी से बताए उस सोचे हुए कार्य को काम में परिवर्तित कर दें क्योंकि किसी से काम करने से पहले सलाह लेना आपकी सफलता पर प्रश्न चिह्न लगाने जैसा होगा।

कोई भी काम करने से पहले ज्ञानी लोग उस काम से अपने लाभ के बारे में सोचते हैं और मूर्ख लोग नुकसान के बारे में।

भारत में जातिवाद व रंगभेद

नावेद आसिफ
प्रयोगशाला सहायक, भूगोल विभाग

नि:सन्देह भारतीय समाज विभिन्नताओं का देश रहा है जिसमें हम करीब 6 हजार जातियाँ, 65 हजार उपजातियों में बँटे हुए हैं। सामाजिक विभाजन का यह अंत यही पर नहीं होता बल्कि यह गोत्र जैसी मान्यताओं तक जाता है। आजादी के इतने दिन बीत जाने के बाद भले ही सर्वांगीण प्रगति न हुई लेकिन सोच के स्तर पर बुनियाद कमजोर हो तो वाकई चिंता की बात है। किसी भी देश या समाज का विकास वहाँ के लोगों की सोच पर निर्भर करता है। यदि हमारी सोच प्रतिक्रिया वादी है, तो भविष्य में भी आसान नहीं लगता कि हम किसी मुकाम पर पहुँच पायेंगे। सबसे ज्यादा चिंता का विषय वे लोग हैं जो शिक्षित होकर भी जाति की मानसिकता से ऊपर नहीं उठ पाये हैं भले ही ज्यादातर राजनीतिक दल जाति के आधार पर ध्रुवीकरण को नकारते हो लेकिन हकीकत यह भी है कि इस फार्मूले के बल पर ही वे अपने अस्तित्व को बचाये हुए हैं। आज का भारत दुनिया का सबसे अधिक भेदभाव वाला देश बन चुका है और यह भेदभाव जाति पर ही नहीं बल्कि उस से आगे वर्ण व रंग तक जाता है।आज के समाचार पत्र वैवाहिक विज्ञापनों से अटे मिल जायेंगे जहाँ सुन्दर, सुशील, गौरी कन्या से विवाह की माँग की जाती है। यदि परिवार में लड़की का रंग सांवला हो तो आप समझ लीजिए कि आपको अपने आप से अधिक संसाधन जुटाने पड़ेंगे। मतलब साफ है कि इस प्रगतिशील दौर में हम जातिवाद के ही शिकार नहीं है, बल्कि रंगभेद की मानसिकता से भी ग्रस्त हैं। आजादी के इतने दिन बीत गये, हम दुनिया का सबसे बड़ा कलंक माथे पर ढो रहे हैं।

आखिर दुनिया का कौन सा ऐसा समाज है जहाँ इंसान दुनिया में दूसरों का मलमूत्र अपने सर पर ढो रहा हो? आखिर ये कैसी आजादी है? यदि इस जाहिल समाज को इसके स्वयं के भरोसे पर छोड़ा जाता है, तो समस्या और भी पेचीदा हो जाती है। कबीर, गुरूनानक, दादू दयाल और शंकराचार्य की न जाने कितनी पीढ़ियाँ हुई हैं जो भारतीय समाज को जातिवाद के साँचे से निकालने के लिए जद्दोजहद करते-करते इतिहास के पन्नों में सिमट कर रह गयी हैं, लेकिन भारतीय समाज अपनी पुरातनपंथी सोच के शिकंजों से बाहर नहीं निकल पाया है। इस व्यवस्था को तोड़कर एक नई व्यवस्था को लागू करने के लिए हमें ऐसा साहस पूर्ण कदम उठाना होगा जैसा कि चीन में ही हुआ है।

हमारे यहाँ यदि जातीय व्यवस्था सबसे बड़ी अभिशाप रही है, तो चीन की सड़ी-गली व्यवस्था ने समाज को हमेशा पीछे धकेलने का काम किया था। इस बात को यहाँ की सरकार ने समझते हुए सांस्कृतिक व्यवस्था का आह्वान किया था, और यह कार्य सरकार ने अपने बल बूते पर किया था न कि इसे समाज के ऊपर छोड़ा। अतीत के अनुभव से दावे के साथ कहा जा सकता है कि भारतीय समाज अपने बलबूते पर जातिवाद या रंगभेद के लौह आवरण से बाहर नहीं निकल पायेगा, और जब तक ऐसा नहीं हो पायेगा तब तक महिला-सशक्तिकरण और समतावादी बातें यूटोपिया (काल्पनिक) धारणा ही समझी जायेंगी।

हिन्दी है देश की धड़कन

फरमान अली
बी.ए.-द्वितीय वर्ष

हमारा अभिमान है हिन्दी, भारत की शान है हिन्दी- एक बच्चा सर्वप्रथम भाषा का ज्ञान अपने माता-पिता द्वारा बोले गए प्यार भरे शब्दों से ही सीखता है। हिन्दी हिन्दुस्तान की भाषा है। यह भाषा है, हमारे सम्मान, स्वाभिमान और गर्व की। हिन्दी ने हमें विश्व में एक नई पहचान दिलाई है।

हिन्दी का महत्त्व- हिन्दी हिन्दुस्तान को बाँधती है। गाँधी जी ने हिन्दी को 'जनमानस' की भाषा कहा था। वहीं दूसरी तरफ इसी हिन्दी को आमीर खुसरो ने खड़ी बोली के माध्यम से लोगों तक अपनी भावना पहुँचाने का प्रयत्न किया जिसमें वह सफल हुए।

लेकिन यह दुर्भाग्य से कम नहीं कि जिस भाषा को हज़ारों लेखकों ने अपनी कर्मभूमि बनाया, जिसे कई स्वतंत्रता सेनानियों ने भी देश की शान बताया वह आज तक अपना असली मुकाम हासिल नहीं कर पायी है।

कुछ तथाकथित राष्ट्रवादियों की वजह से हिन्दी को आज उसका सम्मान नहीं मिल सका, जिसकी उसे ज़रूरत थी। संविधान ने 14 सितम्बर 1949 को हिन्दी को राजभाषा घोषित किया था। भारतीय संविधान के भाग 17 के अध्याय की धारा 343 (1) में वर्णित है कि संघ की राजभाषा हिन्दी, और संघ की लिपि 'देवनागरी' होगी।

इसके बाद साल 1953 में हिन्दी को हर क्षेत्र में प्रसारित करने के लिए राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के अनुरोध पर सन् 1953 से सम्पूर्ण भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

हिन्दी हमारी मातृभाषा है
मात्र एक भाषा नहीं।

आज़ादी में हिन्दी का योगदान- आज़ादी की लड़ाई में भी हिन्दी ने विशेष भूमिका निभाई। एक ओर रविन्द्र नाथ टैगोर ने बांग्ला भाषा का ज्ञान होते हुए भी हिन्दी को चुना तो वहीं देश के क्रान्तिकारियों ने जनमानस से सम्पर्क साधने के लिए इसी भाषा का प्रयोग किया। उपरोक्त सभी बातें जहाँ हिन्दी के गौरवपूर्ण इतिहास पर प्रकाश डालती है, तो वहीं हिन्दी के बर्बादी के कारणों को भी समान रूप से उभारती है। लेकिन ऐसा नहीं है कि हिन्दी को राष्ट्रभाषा की उपाधि नहीं मिल सकती। यदि अगर आज भी पूरा भारत मिलकर प्रयत्न करे तो संविधान में उसे यह स्थान प्राप्त हो सकता है। तो चलिए आज की लहर की शुरूआत करें। अपनी मातृभाषा को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए

"जय हिन्द जय हिन्दी"

शिक्षा का महत्व

मौ. अब्दुल रहमान
बी.ए.-द्वितीय वर्ष

शिक्षा वर्तमान समाज की आवश्यकता नहीं वरन् ज़रूरत है। शिक्षा के द्वारा देश के कौशलात्मक उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ समाज की मानसिक स्थिति सामाजिक स्थिति तथा आर्थिक स्थिति में वृद्धि करती है।

शिक्षा सभी के जीवन आगे बढ़ने और सफलता प्राप्त करने के लिए बहुत आवश्यक है। शिक्षा आत्म विश्वास विकसित करती है। एक व्यक्ति के व्यक्तित्व के निर्माण में मदद करती है।

शिक्षा सभी के जीवन में महान भूमिका निभाती है। इस प्रतियोगी संसार में सभी के लिए शिक्षा प्राप्त करना बहुत आवश्यक है। शिक्षा का महत्त्व नौकरी और अच्छा पद प्राप्त करने के लिए बहुत बढ़ गया है। शिक्षा भविष्य में आगे बढ़ने के लिए बहुत से रास्तों का निर्माण करती है। शिक्षा हमारे ज्ञान-स्तर तकनीकी कौशल और नौकरी में किसी पद को प्राप्त करने के साथ-साथ हमें सामाजिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से मजबूत बनाती है।

उदाहरण के माध्यम से- कुछ माता-पिता भी अपने बच्चों को बड़ा होकर डॉक्टर, आईएएस, इन्जीनियर, अधिकारी या अन्य उच्च पदों पर देखना चाहते हैं।

सभी सपनों को पूरा करने का एक ही रास्ता है-शिक्षा।

माँ की अभिलाषा

(बीता समय वापस नहीं आता)

आशीष चौहान
बी.एससी.-द्वितीय वर्ष

एक औरत थी जो अँधी थी। वह एक विधवा थी। उसका एक बेटा था वह बहुत गरीब थी, वह अपने बेटे का पालन-पोषण दूसरों के घर जाकर बर्तन साफ करके करती थी। वह प्रतिदिन अपने बेटे को स्कूल छोड़ने जाती थी। जब वह बच्चा धीरे-धीरे बड़ा होता गया, वैसे-वैसे वह अपनी माँ को अपने साथ बाहर निकलने से शर्माता था। उसे हिचकिचाहट महसूस होती थी क्योंकि बाहर बच्चे उसको अँधी का बेटा कहकर उसका मज़ाक बनाते थे। कुछ दिनों बाद जैसे वह लड़का बड़ा हुआ तो वह नौकरी के लिए शहर चला गया लेकिन वह कभी लौटकर नहीं आया। उसकी माँ गाँव में अपने बेटे के बिना बहुत परेशान हुई। उसने चार पाँच दिन तक न तो कुछ खाया और न ही कुछ पिया। कुछ दिनों बाद उस बूढ़ी माँ को गाँव का कोई आदमी उसे शहर लेकर गया और उस आदमी को उसके बेटे का घर पता चल गया तो जैसे ही वह उसके बेटे के घर गए तो बेटे ने उन्हें पहचानने से इंकार कर दिया, लेकिन जैसे ही माँ ने उसके शरीर को स्पर्श किया और उसके माथे को चूमा वह चुपचाप वहाँ से चली गई। बहुत देर बाद जब वह लड़का बाहर बाज़ार में गया तो उसे एक लाश नज़र आई जो उसकी माँ की थी। उसके हाथ में एक कागज़ था जिसमें खिा था कि छोटे बचपन में जब तुम खेल रहे थे तो तुम्हारी आँख खराब हो गई थी और मैंने तुझे अपनी आँख दे दी थी। यह देखकर वह बहुत रोया।

आपकी वाणी आपका व्यक्तित्व

प्राची नायक
बी.एससी.-तृतीय वर्ष

कबीर कहते हैं....

ऐसी बानी बोलिए, मन का आपा खोय।
औरन को शीतल करै, आपहु शीतल होय॥

मन और अहंकार का त्याग कर, ऐसी वाणी में बात करें कि औरों के साथ-साथ स्वयं को भी खुशी मिले अर्थात् मीठी वाणी से ही दिल जीते जाते हैं। इंसान की वाणी से ही उसकी पहचान बनती है। वह जो बोलता है, वही उसकी सोच है और उसी से उसके विचार दूसरों तक पहुँचते हैं। इसलिए जो भी बोलना हो, उसे तोलकर बोलना चाहिए क्योंकि एक बार यदि शब्द आपके मुँह से निकल गए, तो वे कभी वापस नहीं आएंगे। अपनी बात कहते के लिए आप जिन शब्दों का सहारा ले रहे हैं, उन्हें नाप-तोलकर ही दूसरों तक पहुँचायें। यदि आपको यह ध्यान रखना होगा कि अपने विचार व्यक्त करने के लिए आप किन शब्दों का सहारा ले रहे हैं इसी से आपकी काबिलियत और आत्म विश्वास का पता चलता है। हर इंसान की ज़िन्दगी दो तरह से चलती है। एक घर और दूसरी ऑफिस में। घर में तो उसके विचारों को सुनने और मानने वाले लगभग सभी होते हैं। उसके विचारों की कद्र होती है लेकिन ऑफिस में ज़रूरी नहीं कि सभी आपके विचारों से सहमत हो, इसलिए व्यक्ति के विचार बहुत मायने रखते हैं। इन विचारों को आप किन शब्दों में व्यक्त कर रही है, उस पर आपके करियर की सफलता निर्भर करती है। सारा खेल शब्दों का है। आपकी 'बोली' ही आपके मन का पता बता देती है कि आपका स्वभाव कैसा है। आप किस चरित्र के व्यक्ति हैं। रही बात प्रोफेशनल लाइफ की तो, प्रोफेशनल लाइफ में आपके शब्द आपको लीडर भी बना सकते हैं और अगर शब्द कमज़ोर पड़ गए तो आप पिछड़ भी सकते हैं।

सड़क दुर्घटनाएं

मोनू
एम.ए. (योगाचार्य)- तृतीय वर्ष

सड़क पर होने वाली दुर्घटनाएं सड़क दुर्घटनाएं कहलाती हैं। यह अक्सर चालक की लापरवाही का परिणाम होती है। वाहन चलाते समय या लोगों के सड़क पार करते समय अक्सर दुर्घटना होती है। यह जानलेवा भी होती है और कभी-कभी तो पूरा परिवार तक नष्ट हो जाता है। आए दिन हमें समाचार चैनलों में, अखबार में ऐसी खबरें मिलती है। जो बहुत आम बात हो गई है। यह दुर्घटनाएं दिखाती हैं कि कैसे लोगों द्वारा यातायात के नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। छोटे-छोटे बच्चे बिना लाइसेंस के स्कूटी चला रहे हैं। जिन्हें उनके माता-पिता पहले से ही स्कूटी चलाना सिखा देते हैं।

युवा पीढ़ी तो वाहन चलाते-चलाते कानों में वायर लगाकर गाने सुनते हुए, बड़े मस्त मगन होकर वाहन चलानी है जिसकी वजह से दुर्घटना होती है। जिन्दगी ईश्वर की दी हुई अमूल्य सौगात है।

नई पीढ़ी और स्मार्ट फोन

अक्षमा चौधरी
एम.ए. (योगाचार्य)- प्रथम वर्ष

किसी राष्ट्र की युवा पीढ़ी उस देश की कर्णधार होती है। परन्तु वर्तमान में भारत में युवाओं की स्थिति शोचनीय है। पाश्चात्त्य सभ्यता के प्रभाव में भारतीय युवा अपनी सनातन संस्कृति से विमुख होता जा रहा है। उसमें नैतिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है। विलासिता की प्रवृत्ति बढ़ रही है। आज बच्चें अपने माता-पिता के साथ समय न बिताकर विभिन्न प्रकार के गेजेट के मोह में फँसते जा रहा है। स्मार्टफोन के साथ ज़्यादा समय बिताने की वजह से आज की युवा पीढ़ी भ्रमित हो रही है।

आज स्मार्टफोन में ऐसी-ऐसी चीज़ें आ गई हैं कि अगर एक ही पर काम करें तो सुबह से लेकर शाम हो जाए तो फिर अपने-अपने में ही समय बीत जाता है और बच्चे अपने माँ-बाप को समय ही नहीं दे पाते। पूर-पूरे दिन बच्चे फेसबुक, वॉट्सअप, ट्विटर आदि पर लगे रहते हैं। यहाँ तक की रात-रात तक जिसका प्रभाव उनकी पढ़ाई पर पड़ता है।

पहले बच्चों को अपने दादा-दादी से प्यार मिला लेकिन आज तो दादी-दादा तो बहुत दूर की बात है, बच्चे अपने माता-पिता को ही समय नहीं दे पाते क्योंकि उन्हें स्मार्टफोन से फुर्सत ही नहीं मिलती। पूरे दिन स्मार्टफोन में गेम्स, पिक्चर, मैसेज आदि कार्य करते हैं।

विश्वास खरीदा नहीं जा सकता

समता चौहान
बी.ए.-प्रथम वर्ष

सुप्रसिद्ध साहित्यकार जयशंकर प्रसाद का कथन है कि विश्वास को क्रय नहीं किया जा सकता क्योंकि विश्वास क्रय-विक्रय की वस्तु नहीं, इसके लिए हमें कोई कीमत नहीं चुकानी पड़ती। विश्वास तो मन में जन्म लेता है इसलिए कहा जा सकता है कि मन का मान लेना या मन का टिक जाना ही विश्वास है। दरअसल आज के संसार में मन का टिकना बहुत मुश्किल है और मन को मना लेना, उससे भी मुश्किल। मन कब मानता है?

जब उसके भीतर से आवाज़ उठती है कि हाँ मुझे जो चाहिए था, वो यही है, यही है, यही है। दूसरी तरफ किसी वस्तु की प्राप्ति भी विश्वास पर टिकी है विश्वास नहीं तो प्राप्ति नहीं, विश्वास नहीं तो सफलता नहीं। इस प्रकार कहीं पहले विश्वास हो कहीं बात में विश्वास हमारे जीवन को घेरे रहता है।

स्वामी विवेकानंद ने युवा पीढ़ी को विश्वास भरी ऊर्जा प्रदान की कि-जब तक तुम स्वयं अपने में विश्वास नहीं रखते, परमात्मा में तुम विश्वास नहीं कर सकते। पश्चिम के दार्शनिक संत अरस्तु ने भी कहा कि किसी मनुष्य का स्वभाव उसे विश्वसनीय बनाता है, न कि उसकी सम्पत्ति। शेक्सपियर कहते हैं कि निष्कपट और सरल विश्वास में छल नहीं होता, तो दूसरी ओर यह कहने में भी गुरेज़ नहीं करते कि जिसने एक बार विश्वास भंग किया, उस पर दोबारा विश्वास मत करो, अर्थात् मानव एक बार विश्वास खो देता है, विश्वास से ही विश्वास का जन्म होता है।

पलक झपकते ही निकालें वर्ग

शहाना
बी.एससी.-प्रथम वर्ष

परीक्षा के समय हमें वर्ग निकालने में बहुत समय लग जाता है, इसलिए आपको वर्ग निकालने के कुछ आसान तरीके बता रही हूँ।

1. सबसे पहले अगर आपके पास इकाई अंक 5 है तो पहले आप इकाई का वर्ग करेंगे और फिर दहाई अंक का वर्ग करेंगे और उसके दहाई अंक को जोड़ देंगे। इस प्रकार आप बहुत ही जल्दी वर्ग निकाल सकेंगे। जैसे

(25)2= 625

पहले हमने 5 का वर्ग (25) लिखा। फिर 2 के वर्ग (4) में 2 को जोड़ दिया।

(35)2= 1225

पहले हमने 5 का वर्ग (25) लिखा। फिर 3 के वर्ग (9) में 3 को जोड़ दिया।

(45)2= 2025

2. अब जिनका इकाई अंक 5 को छोड़कर कुछ भी है, उसका वर्ग निकालेंगे।

सबसे पहले इकाई अंक का वर्ग करेंगे। अगर यह एक अंक है तो इसके बाई तरफ 0 लगाकर लिखेंगे फिर दहाई अंक का वर्ग करेंगे यदि यह भी एक अंक आता है तो इसके भी बाई तरफ 0 लगाकर लिखेंगे। अब (इकाई अंक x दहाई अंक) का दुगुना कर देंगे तथा दोनों के वर्ग के बीच में जोड़ देंगे।

जैसे- (32)2= (3)2 09 04 (2)2 (3 x 2) x 2

1 2

10 24

2. (22)2= (2)2 04 04 (2)2 (2 x 2) x 2

0 8

4 84

3.(36)2= (3)2 09 36 (6)2 (3 x 6) x 2

3 6

12 96

3. अब 101, 102, 103 आदि का वर्ग निकालना सीखेंगे। सबसे पहले इकाई अंक का वर्ग करेंगे। यदि यह एक अंक है तो इसके बाई तरफ 0 लगा देंगे। फिर पूरी संख्या में इकाई अंक जोड़ देंगे।

जैसे

(101)2	101 +1	102 01 (1)2
(102)2	102 + 2	104 04 (2)2
(103)2	103 + 3	106 09 (3)2

गिलहरी धन्य हो गई

साक्षी
बी.लिब.

सेतु-बांध का कार्य चल रहा था। श्री राम को देर तक एक ही दिशा में देखते देखकर लक्ष्मण ने पूछा, "क्या देख रहे हैं तात्?"

राम ने तर्जनी से इंगित करते हुए कहा- "देखो वहाँ क्या हो रहा है।" लक्ष्मण ने देखा, एक गिलहरी बार-बार समुद्र में डुबकी लगाती है और फिर दौड़कर सूखी-बालू में लोट-पोट कर शरीर पर चिपके कणों को सेतु निर्माण स्थल पर ले जाकर झाड़ देती है। लक्ष्मण बोल उठे "हे प्रभो! वह सागर स्नान और बालू क्रीड़ा का आनन्द ले रही है।"

"नहीं लक्ष्मण! ऐसा नहीं है। उसके भाव का तुम अध्ययन नहीं कर सके। चलो, निकट चलकर उससे ही पूछें।"

दोनों निकट गए। राम ने पूछा- "भद्रे! क्या कर रही हो?" कुछ भी तो नहीं प्रभो! इस पुण्य कार्य में मेरा भी न्यूनाधिक योगदान हो, यह मानकर यथा सम्भव कुछ कर रही हूँ। कहकर गिलहरी पुनः सागर की ओर मुड़ी। उसे टोकते हुए राम बोले, "लेकिन तुम्हारे सौ-पचास कण डालने से क्या होगा?"

"सत्य है, प्रभो! इस पुण्य-कार्य में मैं सृष्टि की दीन-हीन प्राणी होने के कारण कर ही क्या सकती हूँ। मेरे द्वारा किए गए कार्य का मूल्यांकन भी क्या होगा? पर मैं किसी आकांक्षा से नहीं कर रही। यह तो राष्ट्र का कार्य है। योग्यता, क्षमता के अनुसार प्रत्येक प्राणी को जितना वह कर सके निःस्वार्थ भाव से करना चाहिए। मेरा यह कार्य आत्म-संतुष्टि के लिए है देव। हाँ बड़े लोगों के समान सहयोग न कर पाने का मुझे खेद अवश्य है।"

राम भावविभोर हो उठे। उसे हथली में लेकर उसके शरीर पर अपने हाथ फेरने लगे। गिलहरी धन्य हो गई।

तितली का संघर्ष

मौ. सोबान
बी.एससी.-तृतीय वर्ष

एक बार एक आदमी को अपने बगीचे में घूमते हुए एक टहनी से लटकता हुआ तितली का एक कोकून दिखाई पड़ा। अब हर रोज़ वह आदमी उस कोकून को देखने लगा। एक दिन उसने नोटिस किया कि उस कोकून में एक छेटा सो छेद बन रहा था। उस दिन वह वहीं बैठ गया और घण्टों तक उस कोकून को देखता रहा। उसने देखा कि उस कोकून में मौजूद तितली उससे निकलने का कठिन प्रयास कर रही है। लेकिन घण्टों प्रयास करने के बाद भी वह उस छेद से बाहर नहीं निकल पाई। कुछ समय बाद वह तितली बिल्कुल शान्त हो गई मानो उसने हार मान ली हो।

इस सब को देखकर उस आदमी को इतना बुरा लगा कि उसने कुछ न सोचते हुए एक कैंची उठाई और कोमून के मुँह हो बड़ा कर दिया जिससे तितली आराम से कोकून से बाहर निकल गई। फिर वह आदमी उस तितली की पहली उड़ान देखने के लिए वहीं बैठ गया। परन्तु ऐसा कुछ न हुआ, बजाय इसके कि वह उड़े वह अपना जीवन अपने आप को घसीटते हुए बिताने लगी क्योंकि अभी भी उसका शरीर सूजा हुआ था एवं पंख गीले थे।

वह आदमी अपनी दया एवं जल्दबाज़ी में यह नहीं समझ पाया कि दरअसल कोकून से निकलने की इस प्रक्रिया को प्रकृति ने इतना कठिन इसलिए बनाया है ताकि ऐसा करने से तितली के शरीर में मौजूद तरल तिल्ली के पंखों तक पहुँच सके और वह कोकून से निकलते ही उड़ सके।

शिक्षा- वास्तव में हमारे जीवन में कभी-कभी संघर्ष ही वह चीज़ होती है जिसकी हमें सचमुच आवश्यकता होती है। यदि हमें बिना संघर्ष के सब कुछ मिल जाए जो हम भी एक अपंग की भांति जीना आरम्भ कर देंगे।

सफलता के लिए

सत्तार
चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

तू ज़िन्दा है, तो ज़िन्दगी की जीत पर यक़ीन कर।
अगर कहीं है स्वर्ग तो उतार ला ज़मीन पर॥

जीत पर यक़ीन वही करता है जो आत्म विश्वास से परिपूर्ण हो, जिसमें जीने की उमंग, उत्साह हो, जो जीवन को उत्सव मानकर सेलिब्रेट करने में विश्वास रखता हो। छल-कपट से अभी किसी का भला नहीं हुआ। छल-कपट करके पैसा कमाया जा सकता है, मगर इज़्ज़त और अच्छी रेप्युटेशन नहीं, इसलिए विश्वसनीय बनें। लोगों को टालने की बुरी आदत से बचें। समय-समय पर आत्म-विश्लेषण करें। अपनी कार्य क्षमता और योग्यता का सही मूल्यांकन करते हुए जीवन में अपना लक्ष्य तय करें। यह काम आपको स्वयं करना है, अपने को तौलने के बाद। वक्त कम है और करने को बहुत कुछ, इसलिए वक्त की महत्ता को समझते हुए टाईम मैनेजमेन्ट फॉलो करें।

जीवन में कभी न कभी ऐसा वक्त आता है, जब बोरियत आपको गिरफ्त में लेने को तैयार रहती है। उससे मुकाबला करें तो शस्त्रों के साथ। ये शस्त्र आपके अपने बनाये होंगे। आपकी हॉबीज़, क्रिएटिविटी, ज़िंदादिली और जीवन से शिद्दत से लगाव उसकी वैल्यू की समझ। हर व्यक्ति असरदार बनना चाहता है। सम्पूर्णता की ओर अग्रसर होना चाहता है। योग्य से योग्यतम बनना चाहता है। इसके लिए ज़रूरी है कि वह प्रयत्नशील होकर उस पर निरन्तर काम करें। सपने देखना अच्छा है। यह समय की बर्बादी नहीं, क्योंकि सपने देखकर ही फिर उन्हें पूरा किया जाता है।

आपकी सेहत आपकी सबसे बड़ी दौलत है। स्वास्थ्य का अच्छा होना सबसे ज़्यादा ज़रूरी है। उसके लिए एक्सरसाईज़ और बैलेंस्ड डायट महत्त्वपूर्ण है। शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूकता होनी चाहिए। मेडिटेशन, प्रार्थना और आस्था से मानसिक शान्ति मिलती है। सफल लोगों की जीवनी बहुत प्रेरित करती है, ये ज़रूर पढ़ें।

"प्रेम सबसे करो, विश्वास कुछ पर करो, पर बुरा किसी का भी नहीं"।

वीरांगना झाँसी की रानी

मल्लिका हसन
बी.कॉम-द्वितीय वर्ष

भारतीय वसुंधरा को गौरवान्वित करने वाली झाँसी की रानी वीरांगना लक्ष्मी बाई वास्तविक अर्थ में आदर्श वीरांगना थीं। सच्चा वीर कभी आपत्तियों से नहीं घबराता है। प्रलोभन उसे कर्तव्य पालन से विमुख नहीं कर सकते। उसका लक्ष्य उदार और उच्च होता है। उसका चरित्र अनुकरणीय होता है। अपने पवित्र उद्देश्य की प्राप्ति के लिए वह सदैव आत्मविश्वासी, कर्तव्य परायण, स्वाभिमानी और धर्मनिष्ठ होता है। ऐसी ही थी वीरांगना झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई।

रानी लक्ष्मी बाई का जन्म काशी में 19 नवम्बर 1835 को हुआ। इनके पिता मोरोपंत ताम्बे चिकनाजी अप्पा के आश्रित थे। इनकी माता का नाम भागीरथी बाई था। महारानी के पितामह बलवंत राव के बाजीराव पेशवा की सेना में सेना नायक होने के कारण मोरापंत पर भी पेशवा की कृपा रहने लगी। लक्ष्मीबाई अपने बाल्याकाल में मनुबाई के नाम से जानी जाती थीं। सन् 1850 में उनको पुत्र प्राप्ति हुई लेकिन चार माह बाद ही 1851 को उनके पुत्र का निधन हो गया। राजा गंगाधर राव को इतना गहरा धक्का लगा कि वे भी चल बसे। तब रानी की आयु मात्र 21 वर्ष थी। 1853 परन्तु रानी ने अपना धैर्य नहीं खोया बालक दामोदर 18 की आयु कम होने के कारण राज-काज का उत्तरदायी स्वयं पर ले लिया उस समय लॉर्ड डलहौजी गवर्नर थे।

उस समय यह नियम था कि शासन का उत्तराधिकार तब होगा, जब राजा का स्वयं का पुत्र हो, यदि पुत्र न हो तो उसका राज्य ईस्ट इण्डिया कम्पनी मिल जाएगा और राज्य परिवार खर्चों हेतु पेंशन दी जायेगी। पर रानी को ये स्वीकार न हुआ। उसने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ़ मुकदमा दायर किया पर उसे खारिज कर दिया गया और

महारानी को किला खाली कर रानी महल जाकर रहे इसके लिए उन्हें रूपए 60,000/- की पेंशन दी जाएगी परन्तु रानी लक्ष्मीबाई झाँसी को न देने के फैसले पर अडिग थी। वे अपनी झाँसी को सुरक्षित करना चाहती थी जिसके लिए उन्होंने सेना संगठन प्रारम्भ कर संघर्ष किया।

अंग्रेज़ों के मित्र सिंधिया
न छोड़ी राजधानी थी
बुंदेले हरबोलों के मुँह
हमने सुनी कहानी थी,
खूब लड़ी मर्दानी वह तो
झाँसी वाली रानी थी।

भारतीय काव्य शास्त्र में रस का महत्व

डॉ. मीरा चौरसिया
असिस्टेन्ट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग

आचार्य विश्वनाथ ने 'साहित्य दर्पण' में काव्य को परिभाषित किया है- 'वाक्य रसात्मक काव्यम' अर्थात रसात्मक वाक्य ही काव्य है, काव्य के आस्वाद को ही रस कहा जाता है। इसे इस प्रकार समझा जा सकता है कि किसी काव्य को पढ़ने या सुनने में या नाटक को देखने से पाठक, श्रोता या दर्शक आदि को जो असाधारण और आनन्द की प्राप्ति होती है, उसे 'रस' कहते है।

जब हम कभी रस का अर्थ ग्रहण करते हैं, जीवन के सामान्य प्रसंगों में तो प्राय: इसका अर्थ होता है। अगर कहा जाये तो सांमरस के रूप में भी 'रस' का प्रयोग हुआ है, किन्तु इसका प्रयोग आनन्द के रूप में भी हुआ है। वह चाहे अलौकिक आनन्द हो या आध्यात्मिक आनन्द। साहित्य शास्त्र में रस के बारे में ऊपर कथन दिया गया है। भरत मुनि का एवं आचार्य विश्वनाथ का, रस को काव्य की आत्मा कहा गया है। इसे कुछ इस प्रकार परिभाषित किया जा सकता हे कि किसी कविता, कहानी, उपन्यास आदि को पढ़ने सुनने अथवा नाटकादि आदि के पढ़ने-सुनने से पाठक, श्रोता अथवा दर्शक को जिस चमत्कारपूर्ण असाधारण आनन्द की प्राप्ति होती है, उसे ही रस कहते हैं।

भरत मुनि ने अपने 'नाट्यशास्त्र' ग्रंथ में रस की विवेचना इस प्रकार की है - 'विभावानुभाव व्यवभिचारि संयोगद्वसनिष्पति' अर्थात विभाव, अनुभाव और व्यमिचारी भावों का संयोग से रस की निष्पति होती है। इसी प्रकार आचार्य विश्वनाथ ने चार प्रकार के भावों का उल्लेख किया है और कहा- 'विभावानुभावन व्यक्त संचारिणा तथा रसतामेतिरव्यातिद: स्थायी भाव: सचेतसाग'। अर्थात सहृदयों के हृदय का स्थायी भाव जब विभाव, अनुभाव और संचारी भाव का संयोग प्राप्त कर लेता है, तो रस-रूप में निष्पन्न हो जाता है। स्थायी भाव नौ माने जाते है- रति, हास, शोक, उत्साह, क्रोध, भय, जुगुप्सा, विस्मय और निर्वेद। इन्हीं स्थायी भाव से नौ रस की निष्पत्ति मानी जाती है। कालान्तर में 'वत्सल' एवं 'मधुर अथवा भक्ति' नामक स्थायी भाव भी माने गये हैं।

विभाव के दो भेद होते हैं, आलम्बन और उद्दीपन आलम्बन विभाग के कारण है, जैसे नाटकादि के वे पात्र जिन्हें देखकर अथवा पढ़कर किसी के हृदय में रति आदि स्थायी भाव रस-रूप में अभिव्यक्त होते हैं। उद्दीपन विभाग स्थायी भावों को उदीप्त करके आस्वादन योग बनाते हैं, जैसे वीर रस के स्थायी भाव उत्साह के साथ सामने खड़ा शत्रु आलम्बन विभाव है जबकि उसकी सेना, गर्जना आदि उद्दीपन विभाव है।

अनुभाव- रति आदि स्थायी भावों को व्यक्त करने वाली आश्रय की चेष्टायें अनुभाव कहलाती है, ये चेष्टाएं भाव जागृति के उपरान्त आश्रय में उत्पन्न होती है, अत: इन्हें अनुभाव कहते हैं, विरह से व्याकुल नायक-नायिका, क्रोध से कठोर वाणी बोलना आदि अनुभाव है।

संचारी भाव - जो भाव हृदय में प्राय: विद्यमान होते हैं उसे स्थायी भाव कहते हैं। किन्तु कुछ भाव थोड़ी देर के लिए आते है और स्थायी भाव को पुष्ट करने के लिए आते है ओर स्थायी भाव को पुष्ट करके चले जाते है, वे संचारी भाव कहलाते है। इनकी संख्या 33 मानी गयी है।

रस भेद- शास्त्रीय मत के अनुसार नौ स्थायी भाव माने जाते हैं और इन्ही के अनुकूल उनके रस-रूप को प्राप्त करने वाले नौ रस माने गये हैं।

1. श्रृंगार रस 2. वीर रस 3. करूण रस 4. रौद्र रस
5. भयानक रस 6. अद्भुत रस 7. वीभत्स रस 8. शांत रस
9. हास्य रस।

कालान्तर में आचार्य विश्वनाथ ने 'वात्सल्य' को दसवां रस माना तथा 'भक्ति रस' को ग्यारहवें रस के नाम से जाना जाता है।

1. श्रृंगार रस - नर और नारी का पारस्परिक आकर्षण श्रृंगार रस का आधार है, जिसे काव्यशास्त्र में 'रति' कहा जाता है, इसके दो भेद होते हैं - 1. संयोग 2. वियोग।
2. वीर रस - काव्यादि में शत्रु के पराक्रम, आक्रमण, किसी को दीनता, दुर्दशा आदि को देखकर चित्त में जो उत्साह उत्पन्न होता है, वह विभाव, अनुभाव एवं सचारी भाव में पुष्ट होकर आस्वादन के योग्य हो जात है।
3. करूण रस - प्रेमपत्र के चिर-वियोग में पीड़ित होने, अप्रिय की प्राप्ति, विपत्ति आदि से उत्पन्न हुये क्लेश की व्यंजना से शोक नामक स्थायी भाव से करुण रस

की उत्पत्ति होती है।

4. रौद्र रस – अहितकारी शत्रु की धृष्ट चेष्टाओं द्वारा किये गये अपमान आदि से उत्पन्न क्रोध में रौद्र रस की अभिव्यक्ति होती है।
5. भयानक रस – भयदायक वस्तु को देखने अथवा सुनने से उत्पन्न क्रोध में भयानक रस की अभिव्यक्ति होती है।
6. अद्‌भुत रस – सुनने से हृदय में जो आश्चर्य का भाव उत्पन्न होता है, उसे अद्‌भुत रस कहा जाता है।
7. वीभत्स रस- अरूचिकर, घृणित वस्तुओं के वर्णन से जहां जुगुप्सा या घृणा उत्पन्न हो वहां वीभत्स रस होता है।
8. शांत रस –संसार की नश्वरता एवं परमात्मा के रूप का ज्ञान होने से संसार के प्रति जो विरक्ति की भावना उत्पन्न हो उसे निर्वेद कहा जाता है।
9. हास्य रस – किसी वस्तु या व्यक्ति की साधारण से विपरीत, विचित्र या विकृत आकृति, विकृत वेशभूषा, अटपटी वाणी को सुनकर मन में विनोद का भाव उत्पन्न होता है, तब हास द्वारा हास्य रस की अभिव्यक्ति होती है।
10. वात्सल्य रस – माता पिता का संतान के प्रति स्नेह है उससे पुष्ट होता है जिसे वात्सल्य रस कहा जाता है।
11. भक्ति रस – जहां ईश्वर के प्रति रागात्मकता, ईश्वर विषयक प्रेम होता है वहां भक्ति रस होता है।

प्रेरक विचार जो आपकी जिन्दगी बदल देंगे

वैशाली
प्रयोगशाला सहायक, वनस्पति विज्ञान विभाग

जब तुम पैदा हुए थे तुम रोए थे जबकि पूरी दुनिया ने जश्न मनाया था। अपना जीवन ऐसे जियो कि तुम्हारी मौत पर पूरी दुनिया रोए और तुम जश्न मनाओ।

आप यह नहीं कह सकते कि आपके पास समय नहीं है क्योंकि आपको भी दिन में उतना ही समय (24 घण्टे) मिलता है जितना समय महान् एवं सफल लोगों को मिलता है।

दूर से हमें आगे के सभी रास्ते बंद नज़र आते हैं क्योंकि सफलता के रास्ते हमारे लिए तभी खुलते हैं जब हम उसके बिल्कुल करीब पहुँच जाते हैं।

बीच रास्ते से लौटने का कोई फायदा नहीं क्योंकि लौटने पर आपको उतनी ही दूरी तय करनी पड़ेगी जितनी दूरी तय करने पर आप लक्ष्य तक पहुँच सकते हैं।

सफलता हमारा परिचय दुनिया को करवाती है और असफलता हम से दुनिया का परिचय करवाती है।

महानता कभी न गिरने में नहीं बल्कि गिरकर हर बार उठ पाने में है।

अगर आप समय पर अपनी गलतियों को स्वीकार नहीं करते हैं तो आप एक और गलती कर बैठते हैं। आप अपनी गलतियों से तभी सीख सकते हैं जब आप अपनी गलतियों को स्वीकार करते हैं

सपने वो नहीं हैं जो हम नींद में देखते हैं सपने वो हैं जो हमको सोने नहीं देते।

विश्वास में वो शक्ति है जिससे उजड़ी हुई दुनिया में प्रकाश लाया जा सकता है, विश्वास पत्थर को भगवान बना सकता है और अविश्वास भगवान के बनाए इंसान को पत्थर दिल बना सकता है।

जीवन में कठिनाइयाँ हमें बर्बाद करने नहीं आती हैं, बल्कि यह हमारी छुपी हुई सामर्थ्य और शक्तियों को बाहर निकलने में हमारी मदद करती हैं। कठिनाइयों को यह जान लेने दो कि आप उससे भी ज्यादा कठिन हो।

भीड़ हमेशा उस रास्ते पर चलती है जो रास्ता आसान लगता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि भीड़ हमेशा सही रास्ते पर चलती है। अपने रास्ते खुद चुनिए क्योंकि आपको आपसे बेहतर और कोई नहीं जानता।

मुसीबतों से भागना, नयी मुसीबतों को निमंत्रण देने के समान है। जीवन में समय-समय पर चुनौतियों एवं मुसीबतों का सामना करना पड़ता है एवं यही जीवन का सत्य है। एक शांत समुद्र में नाविक कभी भी कुशल नहीं बन पाता।

स्काउट का महत्व

अंजलि
बी.ए.-प्रथम वर्ष

एक अच्छे स्काउट के जीवन के उद्देश्य विपरीत परिस्थितियों में भी स्वयं को दूसरों के जीवन की सुरक्षा एवं रक्षा के लिए कार्य कर समाज के लिए एक मिसाल पैदा करते हुए देश मानव जाति के काम आना है।

आज पूरे विश्व के हालातों को देखते हुए देश के हर नागरिक को स्काउट का प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए ताकि आवश्यकता पड़ने पर देश के वीर सैनिकों की तरह देश के नागरिक भी देश की सेवा कर सकें। इससे नौजवानों में देश सेवा का रूझान बढ़ेगा।

स्काउट व गाइडिंग ऐसा सदन है, जहाँ बालक पल्लवित व पुष्पित होता है। यहाँ बालक को मिलता है। पारिवारिक स्नेह खेल-कूद की सुविधा, सुनागरिकता की तैयारी के लिए उचित वातावरण, नैतिकता भरी आस्था और विश्वास, ईश्वर के प्रति श्रद्धा, समाज के प्रति कृतज्ञता व सेवा भाव, स्वास्थ्य निर्माण की प्रेरणा तथा मिल-जुलकर रहने की शिक्षा साहसिक कार्य करना।

देश में स्काउट गाइड से नैतिकता के स्तर में व्यापक सुधार लाने हेतु सुनागरिकता आवश्यक है।

इसके लिए छात्रों को प्रारम्भ से ही सेवा, नैतिकता, राष्ट्र भक्ति, स्वच्छता आदि गतिविधियों से जुड़ना उनमें सक्रियता से भागीदारी करना आवश्यक है। स्काउटिंग गाइडिंग राष्ट्र में ऐसे कार्य करने में सबसे बड़े संगठन के रूप में जाना जाता है। जहाँ अनुशासन, स्वावलंबन और चरित्र-निर्माण की शिक्षा दी जाती है।

वर्तमान में पूरा विश्व शान्ति के लिए चिंतनशील है ऐसे में स्काउट गाइड संगठन का उत्तरदायित्त्व समाज व राष्ट्र के प्रति और अधिक बढ़ जाता है क्योंकि स्काउट गाइड का संगठन शांति का दूत माना जाता है।

हिन्दुस्तान स्काउट एण्ड गाइड

तनु सिंह
बी.ए.-प्रथम वर्ष

स्काउट-गाइड सरकार द्वारा उठाया गया एक ऐसा कदम है जिसके द्वारा नवयुवकों को देश भावना के लिए प्रेरित अथवा एकजुट करना है। यह बात सत्य है कि इसका प्रारम्भ सर्वप्रथम 'लॉर्ड बेडन पावेल' द्वारा लंदन में हुआ। सर्वप्रथम इसमें केवल लड़कों के लिए ही आने की अनुमति थी परंतु 1910 में बेडन पावेल की बहन 'एग्नेस पावेल' ने लड़कियों के लिए स्काउटिंग की शुरूआत की थी। जबकि भारत में इसकी स्थापना 1909 में की गई। भारत में स्काउटिंग के जनक पं. श्रीराम वाजपेयी जी थे। आज़ादी के बाद 7 नवम्बर 1950 को हिन्दुस्तान स्काउट एसोसिएशन और ब्वॉयज़ स्काउट को मिलाकर एक नई संस्था का निर्माण किया गया। सन् 1958 में स्काउट का पुर्नगठन करके हिन्दुस्तान स्काउट गाइड नाम से एक संस्था का गठन किया।

स्काउट गाइड के नियम तथा प्रतिज्ञाएँ- स्काउट गाइड के युवक-युवतियों के लिए कुछ अलग नियम व प्रतिज्ञाएँ बनाई गई हैं। इन नियम तथा प्रतिज्ञाओं को जीवन में धारण करके एक स्काउट गाइछ आत्मनिर्भर बन जाती है। इन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा 10 नियम व 3 प्रतिज्ञाएँ बनाई गई हैं। इन प्रतिज्ञाओं के द्वारा यह बताया गया है कि प्रत्येक स्काउट गाइड अपने देश के प्रति अपने आप को समर्पित रखेगा तथा हर दृष्टि से अपने देश का सम्मान करेगा। तो वहीं नियमों में यह बताया गया है कि वह एक ऐसा वीर प्राणी है जो विनम्रता के साथ-साथ पशु-पक्षियों व पर्यावरण का भी मित्र होता है।

अत: एक स्काउट गाइड वह मनुष्य है जो पहले अपने देश के बारे में सोचे और इसके बाद अपने पर विचार करे।

स्काउटिंग

मौ. अब्दुल रहमान
बी.ए.-द्वितीय वर्ष

स्काउटिंग व्यक्ति को एक अच्छा व्यक्ति (नागरिक) व अच्छा नज़रिया, सकारात्मक सोच, विकसित करने में सक्षम है। अपने धार्मिक नियमों का पालन और दूसरे धार्मिक नियमों का सम्मान करना सिखाती है।

स्काउटिंग क्या है- स्काउटिंग नवयुवकों के लिए एक स्वयं सेवी गैर सरकारी शैक्षिक आन्दोलन है जो कि मूल जाति और वंश के लिए खुला है।

स्काउटिंग में धार्मिकता ईश्वर में विश्वास और अपने धार्मिक नियमों का पालन तथा दूसरों के धार्मिक विश्वासों का सम्मान।

स्काउटिंग की स्थापना और उसके संस्थापक- स्काउटिंग की शुरूआत सन् 1907 में हुई थी जिसके संस्थापक श्री लॉर्ड बैडन पॉवेल थे। भारत में स्काउटिंग की शुरूआत सन् 1937 में श्री राम बाजपेयी ने की थी।

"स्काउटिंग संकलित किये गये लक्ष्य सिद्धान्त तथा पद्धतियों के अनुरूप है। यह देशभक्त बहादुर फुर्तीले, सक्रिय, बुद्धिमान, अग्रगामी तथा दूरदर्शी नागरिकों का निर्माण है।"

स्काउटिंग का व्यक्ति के व्यक्तित्व में योगदान- स्काउटिंग व्यक्ति में छिपे गुणों को उभारना जानती है। कोई भी अनुष्ठान व कार्यक्रम जीवन की परिस्थितियों को तुरन्त इन परिस्थितियों को सहजता व सरलता से सहन प्रवृत्ति और शक्ति प्रदान कर सकता है और ऐसा करने का माध्यम स्काउटिंग में है।

यह युवाओं के मन मस्तिष्क को अपनी इच्छानुसार नियंत्रित, उसे सकारात्मक ढंग से विकसित करने की क्षमता रखता है। युवाओं के व्यक्तित्त्व में छिपे गुणों विकसित कारणों के बहुआयामी कार्यक्रम स्काउटिंग के पास हैं। ताकि युवाओं में बाल्यकाल से ही कुशलता का बीजारोपण किया जा सके। व्यक्तित्त्व के मूल्यांकन में अभिवृद्धि हो सके। हर व्यक्ति में आगे बढ़ने और प्रतिस्पर्धा करने के सभी गुण विद्यमान हैं। जरूरत है उन्हें तराशकर धारदार और सार्थक बनाने की यानि मानवीयमिकों विकसित करने के साथ सुव्यवस्थित कैरियर विकसित करने की प्रेरणा देती है। स्काउटिंग व्यक्ति को अपने अभ्यास विषय चुनने के साथ मार्गदर्शक व सहयोग देने के लिए सदैव तत्पर है।

स्काउटिंग का उद्देश्य- स्काउटिंग का छोटा सा उद्देश्य है- युवाओं को बेहतर बनाना व्यक्ति के जीवन को कुशलता प्रदान करना ताकि वे ईश्वरप्रदत्त क्षमताओं का बेहतर उपयोग कर सकें। क्योंकि तकनीकी प्रशिक्षण से तो मात्र 15 प्रतिशत ही सफलता मिलती है। और 85 प्रतिशत सफलता तो व्यक्ति के व्यक्तित्त्व के कारण मिलती है। इसलिए हर उम्र के व्यक्ति को स्काउटिंग जीवन शैली से जीना चाहिए।

वैज्ञानिक सोच

शरद कुमार गौतम
बी.एससी.-प्रथम वर्ष

हम भारतीयों के बहुत ऋणी जिन्होंने हमें गिनना सिखाया, जिसके बिना कोई भी मूल्यवान वैज्ञानिक खोज सम्भव नहीं होती।

विज्ञान मानवता के लिए एक खूबसूरत तोहफा है,
हमें इसे विकृत नहीं करना चाहिए।

वैज्ञानिक सोच किसी समय विशेष में विकसित नहीं हो सकती। यह एक प्रक्रिया है, जो अनवरत चलती रहती है।

एक मिनट में ज़िन्दगी नहीं बदलती, पर एक मिनट में सोच कर लिया हुआ फैसला, पूरा ज़िन्दगी को बदल देता है।

अपने हौंसलों को यह मत बताओ कि तुम्हारी तकलीफ कितनी बड़ी है अपनी तकलीफ को यह बताओ कि तुम्हारा हौंसला कितना बड़ा है।

सब्र एक ऐसी सवारी है, जो अपने सवार को कभी गिरने नहीं देती न किसी के कदमों में, न किसी की नज़रों में।

मनुष्य की सबसे बड़ी ज़रूरत शिक्षा नहीं, बल्कि चरित्र है। यही उसका बड़ा रक्षक भी है।

अपनी सफलता का रौब माता-पिता को मत दिखाओ उन्होंने अपनी ज़िन्दगी हारकर आपको जिताया है।

जीना है तो उस दीपक की तरह जियो, जो बादशाह के महल में भी उतनी ही रोशनी देता है, जितनी किसी गरीब की झोंपड़ी में।

विज्ञान के आविष्कारक

अमित पंवार
बी.एससी.-प्रथम वर्ष

जय न्यूटन विज्ञान के आगर, गति खोजत ते भरि गये सागर।
ग्राहम बेल फोन के दाता, जन संचार के भाग्य विधाता।
बल्ब प्रकाश खोज करि लीन्हा, मित्र एडीसन परम प्रवीना।
बायल और चार्ल्स ने जाना, ताप दाब सम्बन्ध पुराना।
नाभिक खोजि परम गतिशीला, रडरफोर्ड है अतिगुणशीला।
खोज करत जब थके टॉमसन, तबहि भये इलैक्ट्रॉन के दर्शन
जबहि देखि न्यूट्रॉन को पाए, जेम्स चैडविक अति हरषाये।
भये रेडियम करत बखाना, मैडम क्यूरी परम सुजाना।
बने कार्बनिक देश शक्ति से, बर्जीलियस को शुद्ध कथन से।
बनी यूरिया जब वाहेलर से, सभी कार्बनिक जन्म यहीं से।
जॉन डाल्टन के गूंजे स्वर, आंशिक दाब के योग बराबर।
जय जय जय द्विचक्रवाहिनी, मैकमिलन की भुजा दाहिनी।
सिलने हेतु शक्ति के दाता, एलियास है भाग्यविधाता।
सत्य कहूँ यह सुन्दर वचना, ल्यूवेन हुक को है यह रचना।
कोटि सहस्त्र गुना सब दीखे, सूक्ष्म बाल भी दण्ड सरीखे।
देखहि देखि कार्क के अन्दर, खोज कोशिका है अति सुन्दर।
काया की जिससे भयी रचना, राबर्ट हुक का था यह सपना।
टेलिस्कोप का नाम है प्यारा, मुट्ठी में बह्माण्ड है सारा।
गैलिलियो ने ऐसा जाना, आविष्कार परम पुराना।
विद्युत है चुम्बक की दाता, सुंदर कथन मनहि हर्षाता।
पर चुम्बक से विद्युत आयी, ओर्स्टेड की कठिन कमाई।

जीवन में सफलता

आसमीन मलिक
बी.कॉम. प्रथम वर्ष

जीवन में सफलता बहुत ज़रूरी है। सफल होने के हमें जीवन में अपने विचारों में बहुत बदलाव लाने होते हैं।

यदि हम अपने विचारों में अच्छे बदलाव लाएं तो हमारे कार्य भी अच्छे होने लगेंगे और अच्छे कार्यों से हमारा जीवन सकारात्मक रूप में बदल जाएगा।

"कभी हिम्मत मत हारो एक बार स्वयं पर विश्वास रखकर आगे कदम बढ़ाकर तो देखो रास्ते स्वयं नज़र आते चले जाएंगे और यदि आपका विश्वास अटल रहा तो मंज़िल भी आपका इंतज़ार करते नज़र आ जाएगी।

लोहे को कोई नष्ट नहीं कर सकता लेकिन लोहे पर लगी जंग उसे धीरे-धीरे नष्ट कर देती है। इसी प्रकार आपको कोई नहीं हरा सकता लेकिन आपकी गलत सोच आपको धीरे-धीरे हार के द्वार पर खड़ा कर देगी। अत: अच्छा सोचो और जीत जाओ।

अच्छा सोचोगे तो अच्छा वापस आएगा, बुरा सोचोगे तो बुरा वापस आएगा, मीठा बोलोगे तो मीठा बोल ही दूसरों से सुनोगे, कड़वा बोलोगे तो खरी-खोटी ही सुनोगे। क्योंकि हम जो देते हैं वही हमें वापस मिलता है।

योग विज्ञान है

नीलम रानी
पी.जी. डिप्लोमा (योग)- प्रथम वर्ष

योग का इस्लाम, हिन्दु, जैन या ईसाई से कोई सम्बन्ध नहीं है लेकिन चाहे जीज़स, मौहम्मद, पतंजलि, बुद्ध या महावीर कोई भी व्यक्ति जो सत्य को उपलब्ध हुआ है, बिना योग से गुज़रे उपलब्ध नहीं हुआ। योग के अतिरिक्त जीवन के परम सत्य तक पहुँचने का कोई उपाय नहीं है।

योग जीवन सत्य की दिशा में किये गये वैज्ञानिक प्रयोगों की सूत्रवत प्रणाली है। इसलिए योग विज्ञान है। योग नास्तिक-आस्तिक की भी चिन्ता नहीं करता है। विज्ञान आपकी धारणाओं पर निर्भर नहीं होता बल्कि विज्ञान के कारण आपको अपनी धारणाएं परिवर्तित करनी पड़ती हैं। विज्ञान आपसे किसी तरह की अपेक्षा नहीं करता। विज्ञान सिर्फ प्रयोग की अपेक्षा करता है। इसी प्रकार योग की खोज, जिज्ञासा व अन्वेषण से शुरू होता है।

योग का पहला सूत्र जीवन ऊर्जा है। बहुत समय तक विज्ञान इसे मानता नहीं था, लेकिन अब राजी है। बहुत समय तक विज्ञान सोचता था जगत पदार्थ है। लेकिन योग ने विज्ञान की खोजों से हज़ारों वर्ष पूर्व यह घोषणा कर रखी थी पदार्थ एक असत्य है, एक झूठ है, एक भ्रम है। भ्रम का मतलब यह नहीं कि नहीं है। भ्रम का मतलब जैसा दिखाई पड़ता है वैसा नहीं है और जैसा है वैसा दिखाई नहीं पड़ता। लेकिन विगत कुछ वर्षों से विज्ञान को एक-एक कदम योग के अनुरूप जुट जाना पड़ा।

रोचक जानकारियाँ

नवीन खान
बी.एससी.-प्रथम वर्ष

1. छींक हमारे मुख में लगभग 100 मील प्रति घंटा की गति से बाहर आती है।
2. डॉल्फिन मछली एक आँख खुली रखकर सोती है।
3. मनुष्य अपने जीवन में लगभग 60 हज़ार पाउण्ड भोजन सामग्री खा जाता है जो लगभग 6 हाथियों के वजन के बराबर है।
4. हाथों के नाखून, पैरों के नाखून की अपेक्षा चार गुणा तेज़ी से बढ़ते हैं।
5. पेंगुइन एक ऐसा पक्षी है जो तैर सकता है, पर उड़ नहीं सकता।
6. पृथ्वी पर प्रति मिनट लगभग 6000 बार बिजली कड़कती है।
7. दुनिया में लाखों पेड़ उन गिलहरियों द्वारा उगाए हुए हैं जो दानों को ज़मीन में छुपाकर भूल जाती हैं कि उन्हें कहाँ छुपाया था।
8. कुत्ते वे ध्वनियाँ भी सुन सकते हैं जिन्हें मनुष्य नहीं सुन सकता।
9. मनुष्य 1 वर्ष में लगभग 10,000,000 बार पलकें झपकता है।
10. ऊँट आँखें बंद करके भी देख सकता है।
11. घोंघे की 100 आँखें होती हैं।
12. खूनी लाल रंग की नदी स्पेन में है जिसका नाम रियोटिन्टा है।
13. टॉर्च जैसी रोशनी लेकर चलने वाली मछली का नाम जाइजेन्टेक्स है।
14. हवाई द्वीप में एक भी सर्प नहीं है।
15. ब्राज़ील में सबसे ज़्यादा साँप पाये जाते हैं।
16. स्पेन ऐसा देश है जहाँ अखबार कपड़ों पर निकाला जाता है।
17. अमेरिका में मैड्रिक नामक पौधा है जो उखाड़ने पर बच्चे के रोने की आवाज़ करता है तथा आदमी से मिलता-जुलता है।
18. तितली की 1200 आँखें होती हैं।
19. साबुन का ज्ञान सबसे पहले रोमवासियों को था।

असफल होने पर आप निराश हो सकते हैं,
लेकिन अगर आपने कोशिश ही नहीं की तो आपका नाश हो जाएगा।
हमारा क्षेत्र चाहे जो हो, कामयाबी की बुनियाद तो नजरिया ही है।
दूसरे के खेत की घास हमेशा हरी लगती है।
जिन्हें मौके की पहचान नहीं होती, उन्हें मौके का खटखटाना शोर लगता है।
कोई मौका दोबारा नहीं खटखटाता। दूसरा मौका पहले वाले मौके से बेहतर या बदतर हो सकता है, पर वह ठीक पहले वाले मौके जैसा नहीं हो सकता। इसलिए सही वक्त पर सही फैसला लेना बेहद ज़रूरी होता है। गलत वक्त पर लिया गया सही फैसला भी गलत फैसला बन जाता है।

शत-प्रतिशत (100%)सफलता

दीपा रानी
बी.ए.-प्रथम वर्ष

यदि किसी से पूछा जाए कि जीवन में शत-प्रतिशत सफलता कैसे मिल सकती है तो उसके मुख्य उत्तर हैं कठिन परिश्रम (Hardwork), ज्ञान (Knowledge), किस्मत (Luck), पहुँच (Approach) इत्यादि। शायद आप नहीं जानते कि इनमें से कोई भी आपको 100: सफलता नहीं दिलवा सकता। आइए इसे समझने का प्रयास करें।

सर्वप्रथम अंग्रेज़ी की सम्पूर्ण वर्णमाला में 1 से 26 तक अंक लिखो, जैसे-

A-1, B-2, C-3, D-4, E-5, F-6, G-7, H-8, I-9, J-10, K-11, L-12, M-13, N-14, O-15, P-16, Q-17, R-18, S-19, T-20, U-21, V-22, W-23, X-24, Y-25, Z-26.

अब उपरोक्त कारकों को वर्णमाला के शब्दों के अनुसार संख्या दें-

Hard Work= 8+1+18+4+23+15+18+11= 98%.

Luck= 12+21+3+11= 47%

Knowledge= 11+14+15+23+12+5+4+7+5= 96%

Approach= 1+16+18+15+1+3+8= 78%

इस प्रकार कोई भी 100% सफलता नहीं दिला सकता। फिर कैसे मिले हमें 100%सफलता। इसके लिए एक शब्द नज़रिया (सोच) Attitude कोशिश कीजिए।

Attitude= 1+20+20+9+20+21+4+5= 100%

अर्थात् जीवन में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त करनी है तो अपनी नज़रिया सदैव सकारात्मक रखें। आप जीवन में जितनी ऊँचाई तक पहुँचते हैं, यह आपकी सोच या नज़रिया किस स्तर का है, इस पर निर्भर करेगा।

अमृत वचन

शहनुम
बी.ए.-प्रथम वर्ष

एक भगवान के सिवाय ऐसी कोई चीज़ है ही नहीं जो सदा हमारे साथ रहे और हम सदा उसके साथ रहें।

करना चाहते हो तो सेवा करो, जानना चाहते हो तो अपने-आपको जानो, मानना चाहते हो तो प्रभु को मानो।

जैसे बिना चाहे सांसारिक दु:ख मिलता है, वैसे ही बिना चाहे सुख भी मिलेगा। अत: साधक सांसारिक सुख की इच्छा कभी न करे।

सांसारिक लोगों का सुख आरम्भ में तो अच्छा दिखता है, पर परिणाम में वह विष के समान सर्वथा अनर्थकारी होता है। सांसारिक पदार्थों को लेकर जो अपने को बड़ा मानता है, उसको ये सांसारिक पदार्थ तुच्छ बना देते हैं।

मनुष्य संसार में जितनी चीज़ों को अपने लिए और अपनी मानता है, उतना ही वह फँसता है।

भगवान प्राप्ति के लिए हुई व्याकुलता समस्त बाधाओं को दूर कर जीव को भगवान के पास पहुँचा देती है।

दूसरे के गुण ही देखें, अवगुण कभी न देखें। मनुष्य को गुणवान होना चाहिए।

किसी को भगवान के मार्ग में लगाना परम सेवा है। लाख आदमियों को भौतिक सेवा की अपेक्षा एवं आदमी की परम सेवा बढ़कर है।

महान गणितज्ञ एवं उनका योगदान

गुरमीत कौर
बी.एससी.-द्वितीय वर्ष

गणितज्ञ	प्रमुख ग्रंथ (पुस्तक)	गणित
1. म्यूक्लिड	एलिमेन्टस	बीजगणितीय सर्वसमिकाएँ सर्वांगसम, क्षेत्रफल आकृतियों का विभाजन शांक्य, तल बिन्दु
2. आर्यभट्ट	आर्यभट्टीय	गणित एवं ज्योतिष अंकगणित, बीजगणित, रेखागणित, पाई का मान चार स्थानों तक 3.1416 दिया। वर्गमूल, घनमूल ज्ञात करने की विधि।
3. ब्रह्मगुप्त	ब्रह्मस्फुट सिद्धांत	चक्रीय चतुर्भुज का क्षेत्र अनन्त की सर्वप्रथम कल्पना
4. महावीराचार्य	गणित सारसंग्रह	क्रमचय एवं संचय की निकालने का सूत्र दिया। ऋणात्मक संख्याओं का वर्गमूल संभव नहीं।
5. श्रीधराचार्य	पाटीगणित, त्रिशतिका नवशातिका वर्ग समी. हल करने का सूत्र	समान्तर श्रेणी के पदों में वर्ग वाली श्रेणी के 4 पदों का योग निकाला। दीर्घवृत्त की परिधी एवं क्षेत्रफल का। (इम्पेरिकल फॉर्मूला दिया) द्विघात समी. को हल करने का सूत्र (श्री धराचार्य सूत्र)
6. आर्यभट्ट द्वितीय	महासिद्धांत	का मान 22/7, मैथेमैटिक
7. पाइथागोरस	पाइथागोरस प्रमेय	परवलय, इलिप्स, अपरवलय की खोज
8. भास्कराचार्य द्वितीय	ग्रह गणित, गोलाध्याय सिद्धांत शिरोमणि लीलावती बीजगणित	पृथ्वी की गोलाकार विचार दिया। करणियाँ, अवकलन, स्थिरांक गोले के क्षेत्रफल एवम् आयतन का सूत्र दिया।
9. नारायण पण्डित	गणित कौमुदी	क्रमचय, संचय, अंक विभाजन, मायावर्ग का प्रतिपादन।
10. श्री निवास रामानुजन		संख्या सिद्धांत आगमन विधि का प्रयोग रामानुजन स्थिरांक, रामानुजन थीटा फलन राजर्स-रामानुजन तत्समक, रामानुजन अभाज्य, अभाज्य थीटा फलन रामानुजन योग, लैडों।
11. प्रो. वी. एन. प्रसाद		इलाहाबाद (मैथेमैटिकल सोसाइटी) की स्थापना इण्डियन जनरल ऑफ मैथेमैटिक्स पत्रिका का प्रकाशन।

मेरे सपनों का भारत

स्वाति कंचन
बी.ए.-प्रथम वर्ष

मेरे सपनों के भारत में,
मैं बिना डरे घर से निकलूँगी।
हर सन्नाटे, हर अँधियारे, हर गली
सड़क और हर चौराहे
न होगा कोई घात लगाए।
न कोई नज़र मुझको चीरेगी
मैं अपनी आज़ादी के रंगों से,
दुनिया को रंग लूँगी।
न मेरी माँ की कोख में
मुझको मारा जाएगा।
न लालच की आग में
मुझको जलाया जाएगा।
मैं खिलूँगी, बढ़ूँगी, दौड़ूँगी
मेरी भी अपनी मंज़िल होगी।
जिस पर मेरा परचम लहराएगा
मेरे सपनों के भारत में
मेरे भी कुछ सपने होंगे
मेरे सपनों के भारत में
मेरी भी दावेदारी होगी
आधी-अधूरी नहीं,
हमारी पूरी दावेदारी होगी।
सपनों के भारत का
सपना देखा है,
जागती आँखों से
अब ये सच होगा।
हमारी सच्चे आज़ादी पर
हमें भी गर्व होगा।

हमारा महाविद्यालय

आरती गोस्वामी
बी.कॉम.-प्रथम वर्ष

चमन लाल महाविद्यालय, तुझे आज बधाई है।
तेरे ज्ञान के दीपक ने, ज्योति जग में जगाई है।
अज्ञानता को दूर कर तूने, शिक्षा दीप जलाया है।
दुर्गुण खोकर हमने तुझसे, सद्गुण रत्न पाया है।
परोपकार कर तूने सबके, सब दुःखों को दूर किया।
ज्ञान धन, विद्या धन, नम्रता धन सबको भरपूर दिया।
नगर-नगर में धूम मचाई, तुझे आज बधाई है।
तू उपवन है, इस जनपद का, हम हैं तेरे खिलने नन्हे फूल।
मेरा जीवन पुष्प खिलाया, ज्ञानामृत असीम दिया।
अपनी नैतिक शिक्षा से, बुराइयों को दूर किया।
मेरी हार्दिक इच्छा है, सदा तेरे गुण गाऊँ मैं
श्रद्धा पुष्पों की भेंट तुझे है, शत्-शत् नवाऊँ मैं।

शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान

निशी शर्मा
बी.लिब.

हमारे समाज में शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है।
जिसके पास शिक्षा है, उसका समाज में सम्मान
जिसके पास शिक्षा नहीं है उसका पग-पग पर अपमान
शिक्षा हमें पुस्तकों से और अपने गुरूओं से
मिलता है अधिक से अधिक ज्ञान
शिक्षा से होता है मानव जीवन का विकास
कहते हैं हमारी शिक्षा और हमारा ज्ञान
हमारी राह में सबसे अच्छा साथी होता है।
मानव ने शिक्षा के आधार पर कि
वैज्ञानिक क्षेत्र में इतनी वृद्धि
कि लोगों ने नारा लगाया, जय जवान
जय किसान और जय विज्ञान, भारत महान
जब हम पढ़ते हैं, पुस्तकों में ज्ञान की बातें
भूल जाते हैं अपनी सभी समस्याएं एवं चिंताएं
इसलिए न अंतर करो बेटा और बेटी में
दो शिक्षा का सभी को समान अधिकार
सभी पढ़-लिखकर बने महान
छू लें बुलंदी का आसमान
करें देश में कुछ ऐसे आविष्कार
जिससे भारत देश बने महान
इसलिए हमारे देश में है
शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान

मेरी माँ

साक्षी
बी.ए.-द्वितीय वर्ष

माँ भगवान का एक अनमोल तोहफ़ा है
भगवान हर जगह नहीं रह सकते इसलिए
उन्होंने माँ को अपने रूप में धरती पर उतारा है
माँ अनेक रूप निभाती है।
माँ सबसे प्यार और दुनिया की सबसे अनमोल तोहफ़ा है
माँ अपने बच्चों की सबसे ज़्यादा फिक्र करती है
माँ कभी अपने बच्चों की आँखों में आँसू नहीं देख सकती
अगर बच्चे की आँखों में एक भी आँसू आता है
तो उससे पहले माँ रो देती है
माँ हर खुशी देती है अपने बच्चें को इसीलिए
किसी ने सच ही कहा है कि
माँ के चरणों में स्वर्ग है।
"सबसे प्यारी होती है माँ.....।"

आदर्श शिक्षक

शिवानी चौधरी
बी.ए.-प्रथम वर्ष

आदर्शों की मिसाल बनकर
बाल जीवन संवारता शिक्षक
महकता और महकाता शिक्षक
नित नए प्रेरक आयाम लेकर
हर पल भव्य बनता शिक्षक
संचित ज्ञान धन हमें देकर
खुशियाँ खूब मनाता शिक्षक
पाप व लालच से डरने की
हमको सीख सिखाता शिक्षक
देश के लिए मर मिटने की
बलिदानी राह दिखाता शिक्षक
प्रकाश पुंज का आधार बनकर
कर्तव्य अपना निभाता शिक्षक
प्रेम सरिता की बनकर धारा
नैया पार लगाता शिक्षक

माँ

प्रणीता भण्डारी
प्रयोगशाला सहायक, वाणिज्य विभाग

आज जो लिखने बैठी हूँ तुझे,
तो शायद लिख न पाऊँ माँ।
कहानी तेरे प्यार की,
मैं शायद कह न पाऊँ माँ।।
कैसे बयां कर दूँ तुझे शब्दों में कुछ,
जब जिन्दगी पूरी तेरी दी है माँ।
तेरे दर्द की दास्तां बयां न कर पायी ये कायनात,
उस दर्द का एक सिला मैं भी हूँ माँ।।
बचपन की वो यादें जब सोचने बैठती हूँ,
मेरी हर उस याद में बस तू रहती है माँ।
अब तो कुछ बोल भी लूँ मैं,
उस वक्त जुबां मेरी सिर्फ एक तू ही थी माँ।।
चोट लगी मुझे जब भी,
आँख तेरी ही रोई माँ।
एक मुझे सुलाने की खातिर,
न जाने कितनी रातों की नींद तूने खोई माँ।।
मेरी हर एक ख्वाहिश को पूरा किया,
मेरी जिद को तूने सर आँखों पर बिठाया माँ।
मेरे हर दुख को तेरी गोद ने सुख में बदल दिया,
मैंने उस ईश्वर से भी ऊपर तुझे मान लिया माँ।।
मेरी हर नाकामयाबी पर भी तेरा मुझ पर विश्वास मुझे
यकीन दिलाता है कि,
तेरा सहारा मैं नहीं मेरा सहारा तू है माँ।
आज जो लिखने बैठी हूँ तुझे,
तो शायद लिख न पाऊँ माँ।
कहानी तेरे प्यार की,
मैं शायद कह न पाऊँ माँ।।

माँ की लोरी

वकार आलम
बी.ए.-द्वितीय वर्ष

छोटा सा था जब वह उसको हँसाती थी माँ।
लोरी सुना-सुनाकर सुलाती थी माँ।
कपड़े गीले करता था तो सुखाती थी माँ।
थोड़ा रोने पर गोद में उठाती थी माँ।
क्या सही है क्या ग़लत बताती थी माँ।
पहले खाना बच्चों को देकर फिर खाती थी माँ।
अगर वह रूठ जाता तो मनाती थी माँ।
कोई बीमारी होने पर तो पैर दबाती थी माँ।
थोड़ा परेशान होने पर रातों जाग जाती थी माँ।
दुःख दर्द सारे लेकर उन्हें छुपाती थी माँ।
अब बुजुर्ग हो गई अब वो है लाचार।
उसकी औलाद का उसके प्रति फ़ीका हो गया प्यार।
शादी हो गई उस बेटे की अपनी खूब चलाता है।
अपनी माँ को सबसे सामने नीकर वह बताता है।
गिर-गिरकर चलती रही उठ-उठकर सँभलती रही।
आँसू अपने खूब बहाकर आँखों को मलती रही।
ऐसे ही सैकड़ों बेटों ने अपने माँ-बाप को छोड़ दिया।
ऐसा कभी न करना बुजुर्ग है तुम्हारे
कुछ ज़िन्दगी काट लेंगे वह तुम्हारे सहारे।
एक दिन बनना है बुजुर्ग तुमको भी सोच समझकर काम
करो
अपने माँ-बाप की नज़रों में अच्छा सा नाम करो।
वरना माँ-बाप ने औलाद से माँगी माफी है
अगर उन्होंने दे दी छोटी सी बद्दुआ ही काफी है।
लबों पर उसके कभी बद्दुआ नहीं होती
बस एक माँ है जो कभी खफ़ा नहीं होती।

बेटी से माँ तक का सफर

साहिल
बी.कॉम-द्वितीय वर्ष

बेटी से माँ का सफ़र
बेफ़िक्री से फ़िक्र का सफ़र
रोने से चुप कराने का सफ़र
उत्सुकता से संयम का सफ़र
पहले जो आँचल में छुप जाया करती थी
आज किसी को आँचल में छुपा लेती है
पहले जो हाथ जल जाने पर घर को सर पे उठाया करती थी
आज हाथ जल जाने पर भी खाना बनाया करती है।
छोटी-छोटी बातों पर रो जाया करती थी
आज बड़ी-बड़ी बातों को मन में रखा करती है
पहले दोस्तों से लड़ लिया करती थी
आज उनसे बात करने को तरस जाती है।
माँ कहकर पूरे घर में उछला करती थी
आज माँ सुन के धीरे से मुस्कुराया करती है।
दस बजे उठने पर भी जल्दी उठ जाना होता था।
आज पाँच बजे उठने पर भी लेट हो जाती है।
खुद के शौक पूरे करते-करते साल गुज़र जाया करता था
आज खुद के लिए एक कपड़ा लेने में आलस आ जाता है।
पूरे दिन फ्री होके भी बिज़ी बताया करती थी
अब पूरा दिन काम करके भी फ्री बतायी जाती है।
साल के एक एग्ज़ाम के लिए पूरे साल पढ़ा करती थी
अब हर दिन बिना तैयारी के एग्ज़ाम दिया करती है।
न जाने कब किसी की बेटी, किसी की माँ बन गई
कब बेटी से माँ का सफ़र पूरा कर गयी।

क्या है बेटियाँ

असिना
बी.लिब.

ओस की बूँद सी होती हैं बेटियाँ
ज़रा सा दर्द हो तो रोती हैं बेटियाँ
रोशन करेगा बेटा तो बस एक ही कुल को
दो-दो कुलों की लाज रखती हैं बेटियाँ
कोई नहीं एक-दूसरे से कम
हीरा अगर है बेटा तो सच्चा मोती हैं बेटियाँ
काँटों की राह पर खुद चलती हैं
औरों के लिए फूल ही बोती हैं बेटियाँ
ये तो विधि का विधान है यही दुनिया की रस्म है
मुट्ठी भर नीर सी होती हैं बेटियाँ
माँ की लाज और पिता का गौरव हैं बेटियाँ
सुख-दुःख की साथी हैं बेटियाँ
ज़िन्दगी की कच्ची डोर में मजबूत बंधन हैं बेटियाँ
पल-पल का एहसास हैं बेटियाँ
झील की स्वच्छ जल और नदी की तेज़ धार हैं बेटियाँ।

माँ क्या है

रज़िया अब्बासी
बी.लिब.

कितने नाज़ों से पाला है हमें माँ ने
गिरने पर सम्भाला है हमें माँ ने
जब-जब हम मुसीबत में घिरे होते हैं
तब-तब दुआ के लिए हाथ उठाया माँ ने
हम लम्हा-लम्हा उनको परेशान करते हैं
तब भी गले से लगाया हमें माँ ने
डूब नहीं सकती उसकी कश्ती दरया में
जिस कश्ती की निगरानी की हो माँ ने
रज़िया नाज़ क्यों न हो अपने मुकद्दर पर
क्योंकि इस मुकाम पर पहुँचाया माँ ने।

भारत की बेटी

काजल पाल
बी.एससी.-प्रथम वर्ष

सबसे महान होती है भारत की बेटियाँ
हम सबकी शान होती हैं भारत की बेटियाँ
जिस दिन से घर में आती हैं बेटियाँ
माता-पिता की इज़्ज़त बन जाती हैं बेटियाँ

भारत के विकास की डोर थामे हैं बेटियाँ
भारत को बुलंदियों पर पहुँचाती हैं बेटियाँ
हर युग में भारत को नई दिशा देती हैं बेटियाँ
त्याग और बलिदान से भरपूर हैं भारत की बेटियाँ

माँ का आशीर्वाद

मयंक कुँवर
एम.ए. (योगाचार्य)-द्वितीय वर्ष

माता को जो प्यार करे, वो लोग निराले होते हैं
जिसे माँ का आशीर्वाद मिले, वो किस्मत वाले होते हैं
चाहे लाख करो तुम पूजा और तीर्थ करो हज़ार
मगर माँ-बाप को ठुकराया तो सब कुछ है बेकार...
जो माँ की न सुनेगा, तेरी कौन सुनेगा
जो माँ को ठुकरायेगा, दर-दर की ठोकर खाएगा...
जो माँ की नहीं सुनेगा, तेरी कौन सुनेगा।
एक बेटा अपने बेटे को भेंट में गाड़ी देता है।
वो ही बेटा माँ-बाप को थाली तक नहीं देता है।
फिर भी वो माता ख़फा नहीं होती जुबाँ से कभी बद्दुआ नहीं देती
माता तो तेरी ममता की ज्योति, माता के आँसू हैं सच्चे मोती
उनके दिल को ठेस लगाके, बेटा सँभल न पाएगा.....
जो माँ की न सुनेगा, तेरी कौन सुनेगा।
चाहे लाखों कमा लो, चाहे करोड़ों भी कमा लेना
जिसने माता को नहीं जीता, धिक्कार है उसका जीना
गर्व न कर तू धन का ओ पगले
गाड़ी ये बंगले यहीं तो रहेंगे

माता पिता की ले-ले दुआएं, जीवन बनेगा तेरा सुखदाई
जिसने नहीं ली माँ की दुआएं, हरदम वो पछताएगा,
जो माँ की न सुनेगा, तेरी कौन सुनेगा।
बुढ़ापे में माता-पिता का सपना सब टूट जाता है,
दौलत के संग माता-पिता का बँटवारा हो जाता है।
एक बेटा अपने घर माँ को ले जाए, एक बेटा अपने घर बाप को ले जाए
एक होते भी हो गए पराये, दोनों बिछुड़कर आँसू बहाये
जो बबूल को बोएगा, वो आम कहाँ से खाएगा
जो माँ की न सुनेगा, तेरी कौन सुनेगा।
इस दुनिया में माँ की महिमा सबको आज सुनानी है
माँ और बेटे के रिश्ते की ये तो अमर कहानी है।
माँ ने बेटे को जन्म दिया है
बाप ने बेटो का सब कुछ किया है।
तूने उसका क्या बदला दिया है, किसके भरोसे छोड़ दिया है
माता-पिता को दुख देके, कहाँ से तू सुख पाएगा।
जो माँ की न सुनेगा, तेरी कौन सुनेगा।

माँ का रिश्ता

अंजली
बी.ए.-प्रथम वर्ष

फिक्र में बच्चों की कुछ इस कदर घुल जाती है माँ
नौजवाँ होते हुए भी बूढ़ी नज़र आती है माँ।
रूह के रिश्ते की गहराई तो देखिए
चोट लगती है हमें और सिसकती है माँ।
कब ज़रूरत मेरे बच्चों को हो मेरी इतना सोचकर
सो जाती है उसकी आँखें और जागती रहती है माँ।
पहले बच्चों को खिलाती है सुकून और चैन से
बाद में जो कुछ बचा, खुशी से खाती है माँ
हर कष्ट से बच्चों को बचाने के लिए
ढाल बनती है कभी, तलवार बन जाती है माँ।
ज़िन्दगी के सफर में गर्दिशों की धूप में
जब कोई साया नहीं मिलता तो याद आती है माँ।
देर हो जाती है घर जाने में अक्सर जब हमें
रेत पर हो मछली जैसे ऐसे घबराती है माँ।
मरते समय गर बच्चे न आएं परदेस से
अपनी दोनों पुतलियाँ चौखट पर रख जाती है माँ
शुक्रिया कभी हो ही नहीं सकता उसका अदा
मरते-मरते भी दुआ जीने की दे जाती है माँ।

माँ की दुआ

मयंक कुमार
एम.ए.(योगाचार्य)-प्रथम वर्ष

हमारे हर मर्ज़ की दवा होती है माँ
कभी डाँटती है हमें तो कभी गले लगा लेती है माँ
हमारी आँखों के आँसू अपनी आँखों में समा लेती है माँ
अपने होठों की हँसी हम पर लुटा देती है माँ
हमारी खुशियों में शामिल होकर अपने गम भुला देती है माँ
जब भी कभी ठोकर लगे तो हमें तुरंत याद आती है माँ
दुनिया की तपिश में हमें आँचल की शीतल छाया देती है माँ
खुद चाहे कितनी थकी हो, हमें देखकर अपनी थकान भूल जाती है माँ
प्यार भरे हाथों से हमेशा हमारी थकान मिटाती है माँ
बात जब भी हो लज़ीज़ खाने की तो हमें याद आती है माँ
रिश्तों को खूबसूरती से निभाना सिखाती है माँ
लफ़्ज़ों में जिसे बयाँ नहीं किया जा सके ऐसी होती है माँ।
मंज़िल दूर और सफर बहुत है
छोटी सी ज़िन्दगी की फिक्र बहुत है
मार डालती ये दुनिया कब की हमें
लेकिन माँ की दुआओं में असर बहुत है।

ममता की छाँव

रीतू कश्यप
बी.ए. - द्वितीय वर्ष

घुटनों पर रेंगते-रेंगते,
कब पैरों पर खड़ा हुआ।
तेरी ममता की छाँव में
न जाने कब मैं बड़ा हुआ।
काला टीका, दूध मलाई
आज भी सब कुछ वैसा है।
मैं ही मैं हूँ हर जगह
प्यार ये तेरा कैसा है।
मैं ही सबसे अच्छा हूँ,
कितना भी हो जाऊँ बड़ा
"माँ" मैं आज भी तेरा बच्चा हूँ॥

माँ-बाप को कभी भूलना नहीं

अंजलि रानी
बी.एससी.-प्रथम वर्ष

भूलो सभी को मगर माँ-बाप को भूलना नहीं,
उपकार अगणित हैं उनके इस बात को भूलना नहीं।
पत्थर पूजे कई, तुम्हारे जन्म की खातिर।
पत्थर बन माँ-बाप का दिल कभी कुचलना नहीं।
मुख का निवाला दे जिसने तुम्हें बड़ा किया
अमृत पिलाया तुमको ज़हर उनके लिए उगलना नहीं।
कितने लड़ाए लाड सब अरमान भी पूरे किए
पूरे करो अरमान उनके यह बात भूलना नहीं।
लाखों कमाते हो भले, माँ-बाप से ज़्यादा नहीं
सेवा बिन सब राख है, मद में कभी फूलना नहीं।
संतान से सेवा चाहो, संतान बन सेवा करो
जैसी करनी वैसी भरनी नारा यह भूलना नहीं।
सोकर स्वयं गीले में, सुलाया तुम्हें सूखी जगह
माँ की अमीमय आँखों को, भूलकर कभी भिगोना नहीं।
जिसने बिछाए फूल थे हर कदम तुम्हारी राहों में
उस रहबर की राह में कंटक कभी बनना नहीं।
धन तो मिल जाएगा मगर माँ-बाप क्या मिल पायेंगे
पल-पल पावन उन चरण की चाह कभी भूलना नहीं।
अर्थ- माता का गौरव पृथ्वी से भी भारी है, और पिता आकाश से भी ऊँचा है।
"माता गुरूतरा भूमेः खात् पितोच्चतस्तथा"

बेटियाँ

छवि नायक
बी.एससी.-प्रथम वर्ष

हर घर की रौनक होती हैं बेटियाँ
हर माँ-बाप की मुस्कान होती हैं बेटियाँ
एक मौका तो दो बेटियों को
जीत आपके कदमों में लाएंगी बेटियाँ
इस देश की डूबी सियासत को
पार तक ले जाएंगी बेटियाँ
अपने भारत देश का नाम
रोशन कर जाएंगी बेटियाँ।

माता-पिता का प्यार

मीनाक्षी पाल
बी.ए.-द्वितीय वर्ष

झील के इस पार
झील के उस पार
पर्वत के इस पार
पर्वत के उस पार
चारों ओर सारे जहाँ में
छाया हुआ है मेरे लिए
सिर्फ मेरे मम्मी-पापा का प्यार
जहाँ भी देखने की कोशिश करती हूँ
अपने मम्मी-पापा का चेहरा नज़र आता है
मेरे हर जिद को पूरा करना
और मुझे मनाना
चारों ओर वही नज़ारा नज़र आता है।
बड़े बदनसीब होते हैं वो लोग
जो मम्मी-पापा का प्यार खो देते हैं।
वो लोग कुछ पाकर भी सब कुछ खो देते हैं
ऐसे इंसान अपने घर कैसे बनाते हैं
जो अपने मम्मी-पापा का
दिल तोड़ जाते हैं।

अमन का पैग़ाम

सबिया खान
बी.एससी.-प्रथम वर्ष

ये पेड़, ये पत्ते, ये शाखाएं भी परेशान हो जाएं
अगर परिंदे भी हिन्दु और मुसलमान हो जाएं
सूखे मेवे भी ये देखकर हैरान हो गए
न जाने कब नारियल हिन्दु और मुसलमान हो गए
न मस्जिद को जानते हैं, न शिवालों को जानते हैं
जो भूखे पेट होते हैं, वे सिर्फ निवालों को जानते हैं
मेरा यही अंदाज़ ज़माने को खलता है
कि मेरा चिराग हवा के खिलाफ़ ही क्यूँ जलता है
मैं अमन पसंद करता हूँ, मेरे शहर में दंगा रहने दो
लाल और हरे रंग में मत बाँटो
मेरी छत पर तिरंगा लहराने दो।

माँ के नाम

दीपा
बी.ए.-प्रथम वर्ष

मैंने माँ की हथेली पर एक काला तिल देखा और कहा "माँ यह दौलत का तिल है।" माँ ने अपने दोनों हाथों से मेरा चेहरा थामा और कहा, "हाँ बेटा! देखो, मेरे हाथों में कितनी दौलत है।"

एक दिन मैं कॉलेज से घर आने लगा तो, देखा कि आसमान में बादल थे। लग रहा था कि बारिश होगी इसलिए सोचा कि घर जल्दी पहुँच जाऊँ, पर रास्ते में ही बारिश शुरू हो गई और मैं भीग गया। घर जाते ही बड़ी बहन ने कहा- थोड़ी देर रुक नहीं सकते थे? बड़े भाई ने कहा- "कहीं साइड में खड़े हो जाते।" पापा ने कहा- "खड़े कैसे हो जाते? जनाब को बारिश में भीगने का शौक जो है।"

इतने में मम्मी आई और सिर पर तौलिया रखकर बोली, "ये बारिश भी न, थोड़ी देर रूक जाती तो मेरा बेटा घर आ जाता।"

किसी ने माँ के कंधे पर सिर रख के पूछा, "माँ कब तक अपने कंधे पर सोने दोगी? माँ ने कहा जब तक लोग मुझे कंधे पर न उठा लें।"

दिन भर काम के बाद बेटा पूछता है, "क्या लाए? बीवी पूछती है, "कितना बचाया?" पापा पूछते हैं, "कितना कमाया?" लेकिन माँ पूछती है, "बेटा कुछ खाया?"

बेटियाँ

मौ. अरशद शेख़
बी.ए.-प्रथम वर्ष

आज के इस सभ्य समाज में भी
जन्म से पहले ही
मार दी जाती हैं बेटियाँ
जन्म दे भी दिया गया तो
शोषण का शिकार बनती हैं बेटियाँ
फिर भी यदि संकल्प ले लें
तो सपने सँवारती हैं बेटियाँ
बेटियों के बिना तो अधूरा है आदमी
क्योंकि समाज को सभी
रिश्ते देती हैं बेटियाँ।
बेटियाँ ही न रहीं तो
बेटों को जन्म देगा कौन
शोषित होकर भी,
अत्याचारों को सहकर भी
रिश्तों को सँवारती हैं बेटियाँ
सफलताओं के हर क्षेत्र में
झण्डे गाड़ती हैं बेटियाँ
बेटियों को बचाओ क्योंकि
बेटों को जनने के साथ ही
माँ-बाप का सहारा
बनती हैं बेटियाँ।
खानदान को आगे बढ़ाने की
बान भी हैं बेटियाँ
और परिवार का
मान भी हैं बेटियाँ।

पिता

युसरा
बी.एससी.-द्वितीय वर्ष

मेरा साहस मेरी इज़्ज़त मेरा सम्मान है पिता
मेरी ताक़त मेरी पूँजी मेरी पहचान है पिता
घर की इक-इक ईट में शामिल उनका खून-पसीना
सारे घर की रौनक उनसे, सारे घर की शान पिता
मेरी इज़्ज़त, मेरी शौहरत, मेरा रूतबा मेरा मान है पिता
मुझको हिम्मत देने वाले मेरा अभिमान है पिता
सारे रिश्ते उनके दम से, सारे नाते उनसे हैं
सारे घर के दिल की धड़कन सारे घर की जान पिता
शायद रब ने देकर भेजा फल ये अच्छे कर्मो का
उसकी रहमत, उसकी नेअमत, उसका है वरदान पिता।

दोस्त

अंजलि
बी.एससी.-प्रथम वर्ष

सूनी ज़िन्दगी को हंसी बनाते हैं दोस्त।
डूबती कश्ती को किनारे लगाते हैं दोस्त।
एक बुझे हुए उदास चेहरे पर,
फिर से रोशनी लाते हैं दोस्त।
जब बैठे मिलकर एक साथ कभी
तो यारों के पल सजाते हैं दोस्त।
इस मुरझायी हुई वीरान ज़िन्दगी में
फिर से नये फूल खिलाते हैं दोस्त।
दो पल चलते हैं साथ सभी पर
उम्र भर साथ निभाते हैं दोस्त।
मुश्किलों में जब राह नहीं दिखती है कोई,
तो मिलकर राह बनाते हैं दोस्त।
हर पल को यादग़ार बनाते हैं दोस्त,
शायद इसलिए उम्रभर याद आते हैं दोस्त।

पिता का प्यार

प्रतिभा बाड़ियान
बी.कॉम.-द्वितीय वर्ष

पिता जीवन है, सबल है, शक्ति है
पिता सृष्टि के निर्माण की अभिव्यक्ति है।
पिता उंगली पकड़े बच्चे का सहारा है।
पिता कभी खट्टा, कभी खारा है।
पिता पालन है, पोषण है, परिवार का अनुशासन है।
पिता धौंस से चलने वाला प्रशासन है।
पिता रोटी है, कपड़ा है, मकान है।
पिता छोटे से परिंदे का बड़ा आसमान है।
पिता अप्रदर्शित अनन्त प्यार है
पिता है, तो बच्चों को इंतज़ार है।
पिता से ही बच्चों को ढेर सारे सपने हैं।
पिता है तो बाज़ार के सब खिलौने अपने हैं।
पिता से ही प्रतिपल राग है।
पिता से ही माँ की बिन्दी और सुहाग है।

दोस्ती का अहसास

ज्योति चौहान
बी.ए.-द्वितीय वर्ष

दो दिनों की उमड़ती उमंग है दोस्ती
आकाश में उड़ती पतंग है दोस्ती
हर पल हर दिन एक नई जंग है दोस्ती
दो जवाँ दिलों की ज़रूरत है दोस्ती
ज़मीं पर भगवान की मूरत है दोस्ती
कितनी खूबसूरत, कितनी पाक है दोस्ती
ज़िन्दगी में कितनी खास है दोस्ती
दो टूटे दिलों के जीने की आस है दोस्ती
दो बिछुड़े दिलों को मिलाती है दोस्ती
ज़िन्दगी के अंतिम पलों में याद आती है दोस्ती
टूटे दिलों में जीने की उम्मीद जगाती है दोस्ती
ज़िन्दगी के सभी खूबसूरत पल है दोस्ती
ज़िन्दगी में कल आजकल है दोस्ती।

गुरु

साक्षी
बी.ए.-प्रथम वर्ष

अँधेरी रात का सवेरा हो तुम
बहती हवाओं का गुरूर हो तुम
निराशा में छुपी आशा हो तुम
हर टूटे सपनों का सहारा हो तुम
माता-पिता देते जन्म धरती माता
करती है पोषण
पर जीने का अर्थ समझाते हो तुम
आसमां में चमकते तारों के
बीच चन्द्रमा हो तुम
मंज़िलें हमें पता है पर
हर मंज़िल का रास्ता हो तुम
नीर जैसे पावन हो तुम
सूर्य जैसा तेज़ तुम्हारा
नमन करूँ हर रोज़ तुझे
आशीष मे डूबे पग-पग मेरा।

सुविचार

रॉबिन सिंह
बी.एससी.-प्रथम वर्ष

किसी मूर्ख व्यक्ति के लिए किताबें उतनी ही उपयोगी हैं जितनी कि एक अँधे के लिए आईना।

'परिवार' प्यार का दूसरा नाम है। अपने परिवार को समय दीजिए, इससे प्रेम और विश्वास का रिश्ता मजबूत बनता है। याद रखना कहीं ज़िन्दगी की भागदौड़ में परिवार पीछे न छूट जाए।

ज्ञानी मनुष्य दूसरों की भूलों से सीखकर अपनी भूलें सुधारता है।

विपरीत परिस्थितियों में भी जो ईमान, साहस और धैर्य को कायम रख सकें, वस्तुतः वही सच्चा शूरवीर है।

ज़िन्दगी तो सस्ती है, बस गुज़ारने के तरीके महंगे हैं।

मूर्ख व्यक्ति को पशु समझकर त्याग देना चाहिए।

शिक्षा सबसे अच्छी मित्र है। एक शिक्षित व्यक्ति हर जगह सम्मान पाता है। शिक्षा सौंदर्य और यौवन को परास्त कर देती हैं

एक अनपढ़ व्यक्ति का जीवन उसी तरह से बेकार है जैसे कि कुत्ते की पूँछ, जो न उसके पीछे का भाग ढकती है न ही उसे कीड़े-मकौड़ों के डंक से बचाती है।

किसी को कभी दु:ख मत देना क्योंकि दी गई चीज़ एक दिन हज़ार गुणी होकर लौटती है।

हम अपने विचारों से ही अच्छी तरह ढलते हैं; हम वही बनते हैं जो हम सोचते हैं। जब मन पवित्र होता है तो खुशी परछाई की तरह हमेशा साथ चलती है।

जिसकी आँखों पर अहंकार का पर्दा पड़ा हो, उसे न तो दूसरों के गुण दिखाई देते हैं न ही अपने अवगुणों का पता चलता है।

अपवित्र कल्पना भी उतनी ही बुरी होती है, जितना बुरा अपवित्र कर्म होता है।

इत्र से कपड़ों का महकाना कोई बड़ी बात नहीं है, मज़ा तो तब है, जब आपके किरदार से खुश्बू आए।

कोई भी काम शुरू करने से पहले तीन सवाल अपने आपसे पूछें- मैं ऐसा क्यों करने जा रहा हूँ? इसका क्या परिणाम होगा? क्या मैं सफल रहूँगा?

हर मित्रता के पीछे कोई न कोई स्वार्थ ज़रूर होता है, ऐसी कोई मित्रता नहीं, जिसमें स्वार्थ न हो। यह कड़वा सच है।

शांति वचन

सोनिया कटारिया
बी.लिब.

सत्य और पवित्रता के साथ ईश्वर की सेवा करना और जीवन की सभी घटनाओं में उसकी आज्ञाओं का श्रद्धा के साथ पालन करना ही यथार्थ धर्म है।

विनम्रता का अर्थ है दूसरों के साथ वैसा ही व्यवहार करना जैसा आप अपने साथ किया जाना पसन्द करते हैं।

हमारी आज की शिक्षा में चाहे जितने सद्गुण हों किन्तु उसमें जो बड़ा दुर्गुण है वह यही है कि उसमें बुद्धि को ऊँचा और परिश्रम को नीचा स्थान दिये जाने की भावना है।

करत-करत अभ्यास ते जड़मति होत सुजान
रसरी आवत जात ते, सिल पर परत निशान॥

सच्ची प्रतिष्ठा और सम्मान के लिए सम्पत्ति की ज़रूरत नहीं उसके लिए त्याग व सेवा काफी है।

वीणा का तार इतना न खींचो कि टूट जाए, इतना ढीला न रखो कि आवाज़ ही न निकले। यह सत्य सम्पूर्ण जीवन का निचोड़ है, यही मूल ध्येय है जीवन में सफलता पाने का।

बार-बार वरदान माँगता झुका चरण में माथा।
युग-युग तक यह चारण गाए वीर जनों की गाथा॥

निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल
बिन निज भाषा ज्ञान के मिटै न हिय को शूल॥

कीमती विचार

शाहरूख
बी.ए. प्रथम वर्ष

जीवन में कठिनाइयाँ हमें बर्बाद करने नहीं आती हैं बल्कि यह हमारी छुपी हुई सामर्थ्य और शक्तियों को बाहर निकालने में हमारी मदद करती हैं। कठिनाइयों को यह जान लेने दो कि आप उससे भी ज़्यादा कठिन हो।

सत्य को कहने के लिए
किसी शपथ की ज़रूरत नहीं होती।
नदियों को बहने के लिए
किसी पथ की ज़रूरत नहीं होती,
जो बढ़ते हैं ज़माने में अपने मजबूत इरादों पर
उन्हें अपनी मंज़िल पाने के लिए
किसी रथ की ज़रूरत नहीं होती।

रास्ते पर कंकड़ ही कंकड़ हो तो भी एक अच्छा जूता पहनकर उस पर चला जा सकता है लेकिन एक अच्छे जूते के अन्दर एक भी कंकड़ हो तो एक अच्छी सड़क पर कुछ कदम चलना भी मुश्किल है। अर्थात् हम बाहर की चुनौतियों से नहीं बल्कि अन्दर की कमज़ोरियों से हार जाते हैं।

भगवान का दिया कभी अल्प नहीं होता,
बीच में जो टूटे वो संकल्प नहीं होता
घर को अपने लक्ष्य से दूर ही रखना
क्योंकि झील का कभी कोई विकल्प नहीं होता।

साँप घर पर दिखाई दे तो लोग डंडों से मारते हैं, और शिवलिंग पर दिखाई दे तो दूध पिलाते हैं, लोग सम्मान आपका नहीं, आपकी स्थिति और स्थान का करते हैं।

बारिश की बूँदें भले ही छोटी हों
लेकिन उनका लगातार बरसना
बड़ी नदियों का बहाव बन जाता है
वैसे ही हमारे छोटे-छोटे प्रयास भी
ज़िन्दगी में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं।

ज़िन्दगी में तपिश कितनी भी हो कभी हताश मत होना क्योंकि धूप कितनी भी तेज़ हो समंदर कभी सूखा नहीं करते।

पानी की बूँद जब समुंदर में होती है जब उसका कोई अस्तित्व नहीं होता, लेकिन जब वो बूँद पत्ते पर होती है तो मोती की तरह चमकती है। आपको भी जीवन में ऐसा मुकाम हासिल करना है, जहाँ मोती की तरह चमको क्योंकि भीड़ में पहचान दब जाती है।

राष्ट्र का निर्माण

अभिषेक
बी.ए.-द्वितीय वर्ष

राष्ट्रों का निर्माण हुआ करता है, वीर नरपुगवों के शौर्य से वीरांगनाओं के सतीत्व से और शहीदों के रक्त से।
जिस राष्ट्र ने चरित्र खोया उसने सब कुछ खोया।
चरित्र संग-साथ में विकसित होता है, बुद्धि एकांत में। जिस काबिल तुम अपने आपको बनाओगे कुदरत स्वतः वह स्थान दे देगी।
ईमानदार होने का अर्थ है हज़ार मनको में चमकने वाला अकेला हीरा।

प्रेरणादायी वचन

तृप्ति
बी.ए.-प्रथम वर्ष

सिक्के हमेशा आवाज़ करते हैं मगर नोट हमेशा खामोश रहते हैं इसलिए जब आपकी कीमत बढ़े तो शांत रहिए आपकी हैसियत का शोर मचाने का जिम्मा आपसे कम कीमत वालों के लिए है।

आप कोई भी अद्‌भुत कार्य करो और लोग उसको नज़र अंदाज़ करें तो निराश मत होना, क्योंकि सूर्योदय के वक्त कई लोग सो रहे होते हैं।

खुशियाँ हमेशा चंदन की तरह होती है, दूसरों के माथे पर लगाओ तो अपनी भी उंगलियाँ महक जाती हैं।

अच्छे लोगों की सबसे बड़ी खूबी यह होती है कि उन्हें याद रखना नहीं पड़ता, वो याद रह जाते हैं।

पिता की मौजूदगी सूरज की तरह होती है, सूरज गर्म ज़रूर होता है मगर यह न हो तो अँधेरा छा जाता है।

मुसीबत में ये मत सोचो कि अब कौन काम आएगा? बल्कि ये सोचो कि अब कौन छोड़ के जाएगा।

इरादे मेरे हमेशा साफ होते हैं, इसलिए कई लोग मेरे खिलाफ़ होते हैं।

कुएँ में उतरने वाली बाल्टी यदि झुकती है तो भरकर बाहर आती है। जीवन का भी यही गणित है, जो झुकता है, वह प्राप्त करता है। दादागिरी तो हम मरने के बाद भी करेंगे, लोग पैदल चलेंगे और हम कंधों पर।

झुकते वहीं हैं जिनमें जान होती है, अकड़ तो मुर्दे की पहचान होती है।

अमृत वचन

रितु कश्यप
बी.एससी.-प्रथम वर्ष

कीमती शब्द जो ज़िन्दगी बदल दे-

इंतज़ार करने वालों को सिर्फ उतना ही मिलता है, जितना कोशिश करने वाले छोड़ देते हैं।

पहचान से मिला काम बहुत कम समय के लिए टिकता है, लेकिन काम से मिली पहचान उम्रभर कायम रहती है।

बदल जाओ वक्त के साथ या फिर वक्त बदलना सीखो। मजबूरियों को मत कोसो, हर हाल में चलना सीखो।

प्रशंसा चाहे कितनी भी करो, किन्तु अपमान बहुत ही सोच समझकर करना चाहिए, क्योंकि अपमान वो ऋण है, जो हर कोई अवसर मिलने पर ब्याज सहित चुकाता अवश्य है।

ये ज़रूरी नहीं कि रोज़ मंदिर जाने से इंसान धार्मिक बन जाए, लेकिन कर्म ऐसे होने चाहिए कि इंसान जहाँ भी जाए, मंदिर वहाँ बन जाए।

जब मेहनत करने के बाद भी सपने पूरे न हो तो रास्ते बदलिए सिद्धांत नहीं, क्योंकि पेड़ भी हमेशा पत्ते बदलता है जड़ नहीं।

गीता में साफ शब्दों में लिखा है, निराश मत होना, कमज़ोर तेरा वक्त है, तू नहीं।

सुविचार

शाहबुद्दीन
बी.ए. प्रथम वर्ष

कामयाब व्यक्ति की सिर्फ चमक लोगों को दिखाई देती है, उसने कितने अंधेरे देखे हैं, यह कोई नहीं जानता।
यदि सपने सच न हो रहे हो तो रास्ते बदलो इरादे नहीं, क्योंकि पेड़ हमेशा पत्तियाँ बदलते हैं जड़ें नहीं।

अनमोल विचार

पारुल देवी
बी.एससी.-प्रथम वर्ष

मंदिर में पूजा करें घर में करें कलेश
बापू तो बोझा लगे, पत्थर लगे गणेश
बचे कहाँ अब शेष है दया, धरम, ईमान
पत्थर के भगवान है, पत्थर दिल इंसान
पत्थर के भगवान को लगते छप्पन भोग
पर जाते फुटपाथ पर भूखे, प्यासे लोग
फैला है पाखंड का अंधकार सब ओर
पानी करते जागरण मचा मचा कर शोर
पहन मुखौटा धरम का करते दिन भर पाप
भण्डारे करते फिरे घर में भूखा बाप।

सबसे बढ़िया दवा हँसी
सबसे बढ़िया सम्पत्ति बुद्धि
सबसे अच्छा हथियार धर्म
सबसे अच्छी सुरक्षा विश्वास
और सबसे अच्छी बात कि
ये सब नि:शुल्क।

प्यारी जग से न्यारी माँ
खुशियाँ देती सारी माँ
चलना हमें सिखाती माँ
मंज़िल हमें दिखाती माँ
सबसे मीठा बोल है माँ
दुनिया में अनमोल है माँ
खाना हमें खिलाती माँ
लोरी गाकर सुलाती है माँ
प्यारी जग से न्यारी माँ
खुशियाँ देती सारी माँ।

जब जब जन्म लेती है बेटी
खुशियाँ साथ लाती है बेटी।
ईश्वर की सौगात है बेटी
सुबह की पहली किरण है बेटी
तारों की शीतल छाया है बेटी
आँगन की चिड़िया है बेटी
त्याग और समर्पण सिखाती है बेटी
नये-नये रिश्ते बनाती है बेटी
जिस घर जाए उजाला लाती है बेटी
बार-बार याद आती है बेटी।
बेटी की कीमत उनसे पूछो
जिनके पास नहीं है बेटी।

जीवन मंत्र

धीरे बोलिए- शांति मिलेगी
अहम छोड़िए- बड़े बनेंगे
भक्ति कीजिए- मुक्ति मिलेगी
विचार कीजिए- ज्ञान मिलेगा
सेवा कीजिए- शक्ति मिलेगी
सहन कीजिए- देवत्व मिलेगा
संतोषी बनिए- सुख मिलेगा

अपना विचार

शिवानी
बी.ए.-द्वितीय वर्ष

कहते हैं भारत आगे बढ़ गया है
खूब तरक्की कर ली, पर लोगों
की सोच ने तरक्की की नहीं
आज भी कितने लोग हैं जो अपनी बेटियों
की शिक्षा के खिलाफ़ है
कहते हैं भारत आगे बढ़ गया है
खूब तरक्की कर ली है
फेसबुक के सी.इ.ओ. जकरबर्ग ने बेटी
पैदा होने पर अपनी 90 प्रतिशत दौलत दान दे दी
पर यहाँ लोग बेटी पैदा होने पर उसके दहेज के लिए
अपनी जंजीर तक पहनना छोड़ देते हैं।
कहते हैं भारत आगे बढ़ गया है
खूब तरक्की कर ली है
अरे बहन बेटियाँ को छोड़िये आज कल
लोग अपनी माँ तक भूल जाते हैं
बंटवारा कर लेते हैं उन सबके लिए
मेरा एक सवाल जिनको माँ शब्द का अर्थ नहीं पता
एक दिन सबसे खाना खाने के
बाद रसोई में अपना खाना खुद ढूँढना पता चलेगा
कि माँ क्या होती है अरे माँ तो वो फरिश्ता होती है
जिसे बुखार भी हो और उसका बेटा पूछे कि
माँ आपको बुखार है तो पता है क्या बोलती है,
अरे नहीं मैं खाना बना रही थी न इसलिए गरम हूँ
अगर माँ के बलिदानों पर बात करने लगी तो शाम हो
जाएगी

स्कूल के दिन

सोनम
बी.ए.-प्रथम वर्ष

आयेंगे जब स्कूल के दिन
गिनते रहेंगे हर पल हर दिन।
साथ हमारा कभी न छूटे
बन्धन दोस्ती का कभी न टूटे।
जन्म-जन्म का साथ निभाना
वादा हमारा तोड़ न जाना।
जब आयेंगे जाने के दिन
करते रहना याद प्रतिदिन।
हमारी तो है सच्ची दोस्ती
लगती तो है सच्ची दोस्ती।
लगती है ये सबको अच्छी
दिन भी आते जाते हैं
याद हमें दिलाते हैं।
जाने कौन सा आएगा दिन
होगा हर काम मुमकिन।
सपने सारे सच हो जायेंगे
लक्ष्य को अपने जब हम पायेंगे।

मैं बोझ नहीं हूँ

सोनम
बी.ए.-प्रथम वर्ष

शाम हो गई अब तो घूमने चलो न पापा
चलते-चलते थक गई, कंधे पर बिठा लो न पापा
अँधेरों से डर लगता है, सीने से लगाओ न पापा
मम्मी तो सो गई है, थपकी देकर सुलाओ न पापा
स्कूल तो पूरा हो गया।
अब कॉलेज जाने दो न पापा।
पाल-पोसकर बड़ा किया
अब जुदा तो मत करो न पापा।
अब डोली में बिठा ही दिया तो,
आँसू तो मत बहाओ न पापा।
आपकी मुस्कुराहट अच्छी है,
एक बार तो मुस्कुराओ न पापा।
आपने मेरे बात मानी
एक बात और मान जाओ न पापा
इस धरती पर मैं बोझ नहीं हूँ
दुनिया को समझाओ न पापा।

जिन्दगी का सफर

नीता
बी.ए.-द्वितीय वर्ष

ज़िन्दगी एक अंजान सफर है।
कहीं काँटों भरा तो कहीं फूलों भरा रास्ता
फूलों पर तो हर कोई चल लेता है
काँटों पर चलना ही हमारी पहचान है।
लेकिन काँटों में तो हम एक गुलाब बनकर
खिल जायेंगे, देखता रह जाएगा सारा ज़माना।
हमें नहीं भाता असफलताओं के सामने सिर झुकाना
कहते हैं तो डर गया वो मर गया।
ज़िन्दगी का यही खेल है जो डर गया वो इस भीड़ में गुम गया।
मोती तो हज़ारों मिल जाते हैं लेकिन हीरा तो हज़ारों में मिलता है
लेकिन सफलता तो किसी एक को ही मिलती है।
ज़माने की हवाओं के साथ तो पत्ते बहते हैं पेड़ नहीं,
अगर हम जैसों ने पत्ते बनकर जीना सीख लिया
तो इस रास्ते का क्या होगा? सफर का क्या होगा?

हिम्मत न हारो

हीना
बी.एससी.-प्रथम वर्ष

जब कोई काम बिगड़ जाए,
जैसा कि कभी-कभी होगा!
जब रास्ता सिर्फ़ चढ़ाई का ही दिखता हो
जब पैसे कम और कार्य ज़्यादा हो
जब मुस्कुराहट की इच्छा आह बने,
जब चिंताएँ दबा रही हों
तो सुस्ता लो, लेकिन हिम्मत न हारो
भूल-भुलैया है ये जीवन
पगडंडियाँ जिनकी हमें पार करनी हैं।
कई असफल तब लौट गए
पार होते गए जो आगे बढ़ते गए
धीमी रफ्तार तो क्या,
मंज़िल तो इक दिन पाओगे।
सफलता छिपी असफलता में ही
जैसे शंका के बादल में आशा की चमक।
नाप सकोगे क्या इतनी दूरी
दूर दिखती हैं लेकिन मुमकिन है यह नज़दीक हो
डटे रहो चाहे कितनी भी मुश्किल हो
चाहे हालात कितने भी बुरे हों,
लेकिन हिम्मत न हारो, डटे रहो।

अगर आप सोचते हैं

जतिन
बी.एससी.-प्रथम वर्ष

अगर आप सोचते हैं कि आप हार गए हैं
तो आप हारे हैं
अगर आप सोचते हैं कि आप में हौसला नहीं है
तो सचमुच नहीं है
अगर आप जीतना चाहते हैं
मगर सोचते हैं कि जीत नहीं सकते
तो निश्चित् है कि आप नहीं जीतेंगे
अगर आप सोचते हैं कि हार जाऐंगे
तो आप हार चुके हैं।
क्योंकि हम दुनिया में देखते हैं कि
सफलता की शुरूआत इंसान की इच्छा से होती है।
यह सब कुछ हमारी सोच पर निर्भर करता है
अगर आप सोचते हैं कि पिछड़ गए हैं
तो आप पिछड़ गए हैं
तरक्की करने के लिए आपको अपनी
सोच ऊँची करनी होगी
कोई भी सफलता प्राप्त करने से पहले
आपको अपने प्रति विश्वास लाना होगा
जीवन की लड़ाईयाँ हमेशा
सिर्फ तेज़ और मज़बूत लोग ही नहीं जीतते बल्कि
आज नहीं तो कल जीतता वही आदमी है
जिसे यक़ीन है कि वह जीतेगा।

मेरे मन की अभिलाषा

स्वाति
बी.ए.-प्रथम वर्ष

चाहती हूँ मैं इस संसार में
कुछ नाम कमा के जाऊँ
पढ़-लिखकर महान बनकर
सब के मन को भाऊँ।
चाहती हूँ मैं सभी लोगों में
प्रेम भावना लाऊँ
जो अशिक्षित हैं
उन्हें शिक्षित बनाऊँ।
देख-देखकर मुझे दुनिया वाले
देखते ही रह जायें
और मेरी प्रेम भावना
तो सबको बतलाए।
चाहती हूँ मैं नाम कमाना
और ऊँचे पद पर जाऊँ
समाज के सभी बच्चों को
अपने साथ आगे बढ़ाऊँ।
चाहती हूँ मैं अपनी इच्छा
पूरी करके जाऊँ
समाज में एक टीचर बनकर
बच्चों को शिक्षा दिलाऊँ।

एक दीया शहीदों के नाम

शगुन
बी.ए.-प्रथम वर्ष

कर दिया जिसने हँसते-हँसते
घर का चिराग़ देश के नाम
एक दीया तो जलाओ यारों
उस माँ के भी नाम।
उजाले बिखेरे हर दिशा
दीये जलाओ उसकी शान में
जिसने किया अपना सिंदूर विदा
देश में मान में।
आँगन करो रोशन
बत्तियों की लौ बढ़ाओ
उस बच्चे के त्याग में
लौटे जिसके पिता
लिपट के तिरंगे में।
दीवाली है त्यौहार अपनों का
तो नज़र संग आओ उनके
हो गए अपने शहीद जिनके
देश का अभिमान रखने में।
आइए इस दीवाली एक दीया जलाएं
उनके लिए
जिन्होंने अपने किए कुर्बान, देश के नाम
आओ एक दीया तो जलाओ यारों उन
शहीदों के नाम।

मैं गर्व कर सकूँगा

नीशू कुमार
बी.ए.-द्वितीय वर्ष

तुझे ज़िन्दगी में आगे बढ़ना होगा
हल पल आगे चलना होगा।
तुझे करना होगा विश्वास खुद पर
रखना होगा हौसला, अपनी सफलता पर।
तेरे लिए बनाई है ये दुनिया
तुझे इस दुनिया में चमकना होगा।
तू राही न बन जाना रास्तों का
तुझे खुद रास्तों का इजाद करना होगा।
नई राहें होंगी, उनपर मुश्किलें भी होंगी।
तू रखना खुद पर भरोसा, उनपर फ़तह भी होगी।
मुझे यक़ीन है तू जीत जायेगा।
हर मुश्किलों पर तू फ़तह पाएगा।
खुद को एक बेहतर इंसान बनाने के लिए
चाँद-तारों से भी ऊपर तू जाएगा।
वहाँ जाकर तू जो मुझे देखना चाहेगा
अपनी बन्द आँखों में तू मुझे ही पाएगा।
तेरी आँखों में खुशी देख मैं झूम सकूँगा।
अपने दिए ज्ञान पर मैं गर्व कर सकूँगा।
तेरी नई सोच, नया इरादा, इस दुनिया को नई दिशा देगा।
तू रखना ईष्वर पर भरोसा, वो तुझे अपना सहारा देगा।

हिन्दी

पूनम
बी.ए.-तृतीय वर्ष

भाषाओं के संघर्ष में हिन्दी को विजयी बनाना है
हिन्दुस्तान में हिन्दी, बस हिन्दी को लाना है।
काम मुश्किल ज़रूर है लेकिन
हिन्दी को हर दिल में बसाना है।
हिन्दी को विश्व तक पहुँचाना है।
हिन्दी राष्ट्र की भाषा है
यही जीवन की आशा है।
बोलने में सरल सुनने में मिठास
बस यही जीवन की आस।
हिन्दी हमारी जान है
इस पर सब कुर्बान है।
है यह बहुत आसान
करना है इसका सम्मान।
हौसलों में आसमाँ के पार जाना है।
हिन्दी को उसका सम्मान दिलाना है।
हिन्दी को हर दिल में बसाना है।
लहरों में जूझते हुए किनारों तक जाना है।
हवाओं में दीप ज्ञान का जलाना है।
हिन्दी को हर भावना में बसाना है।
स्वयं से किया वादा निभाना है।

स्टूडेन्ट

मौहम्मद दानिश
बी.ए.-प्रथम वर्ष

आओ चर्चा करें स्टूडेन्ट क्या है?
स्टूडेन्ट- हम सभी जानते हैं। सात शब्दों से मिलकर बना है। समाज में सबसे ज़्यादा सम्मान स्टूडेंट को दिया जाता है। लेकिन आज बदलते समाज के साथ-साथ अपना अस्तित्त्व खोता जा रहा है। हम जानेंगे इन सात शब्दों का अर्थ-

S-का अर्थ है- Social Worker	समाज सेवक
T-का अर्थ है- Truth	सच्चाई
U-का अर्थ है- Understand	समझदार
D-का अर्थ है- Discipline	अनुशासन
E-का अर्थ है- Education	शिक्षा
N-का अर्थ है- Nature	स्वभाव
T-का अर्थ है- Try	कोशिश

संदेश
मंज़िल उनको नहीं मिलती जो रहते हैं किस्मत के सहारे
वरना प्यासे तो वो भी मर जाते हैं, जो रहते हैं दरिया के किनारे।

भगत सिंह के विचार

छाया
बी.एससी.-द्वितीय वर्ष

ज़िन्दगी तो अपने दम पर ही जी जाती है
दूसरों के कंधों पर तो सिर्फ जनाज़े उठाये जाते हैं।
मेरे जज़्बातों से इस कदर वाकिफ़ है मेरी कलम
मैं इश्क भी लिखना चाहूँ तो इंकलाब लिख जाता है।
जो देश के लिए शहीद हुए उनको मेरा सलाम है
अपने खून से जिस ज़मीं को सींचा उन बहादुरों को सलाम है।
ऐ वतन ऐ वतन हमको तेरी कसम
फूल क्या चीज़ है तेरे क़दमों में हम
भेंट अपने सरों की चढ़ा जायेंगे।

चिंतन

भारत की गरिमा का गौरव हिमालय
ऋषियों के तप का पावन हिमालय
माँ उमा के सपनों का घर है हिमालय
पर्वतों का सिरमौर है जो हिमालय
देवों के देव बसते हिमालय
नारी सुरम्या का घर है हिमालय
शीतल-निर्मल-न्यारा हिमालय
पावन सुरसरि देवा हिमालय
वेदों की रचना रचता हिमालय
मन की तरंगों में बसता हिमालय
सृष्टि की रक्षा करता हिमालय
भारत की रक्षा का प्रहरी हिमालय।

पेड़ लगाओ

उज्जवल पाल
बी.ए.-प्रथम वर्ष

धरती की बस यही पुकार, पेड़ लगाओ बारंबार।

आओ मिलकर कसम ये खाएं, अपनी धरती हरित बनाएं।

धरती पर हरियाली हो, जीवन में खुशहाली हो।

पेड़ धरती की शान है, जीवन की मुस्कान है।

पेड़-पौधों को पानी दे, जीवन की यही निशानी दे।

आओ पेड़ हम लगाएं, पेड़ लगाकर जग महकाए।

जीवन सुखी बनाएं हम, आओ पेड़ लगाएं हम।

कोशिश कर

विशाल कुमार
कनिष्ठ सहायक

कोशिश कर हल निकलेगा,
आज नहीं तो कल निकलेगा।
अर्जुन के तीर सा सध
मरूस्थल से भी जल निकलेगा।
मेहनत कर पौधों को पानी दे,
बंजर ज़मीन से भी फल निकलेगा।
ताकत जुटा, हिम्मत को आग दे।
फौलाद का भी बल निकलेगा।
जिन्दा रख, दिल में उम्मीदों को
गरल के समंदर में भी गंगाजल निकलेगा।
कोशिशें जारी रख कुछ कर गुज़रने की।
जो है आज थमा-थमा सा चल निकलेगा।

जिंदगी का चिराग

नेहा अंजुम
बी.ए.-द्वितीय वर्ष

किस कदर अजीब राह है ज़िन्दगी
कभी रौशन तो कभी स्याह है ज़िन्दगी
कभी चिरागों से रौशन लगती है
कभी अँधेरा बनकर डराती है ज़िन्दगी।
तन्हाई में लहलाती, तड़पाती है ये और
कभी हसीन मंजर नज़र आती है ज़िन्दगी।
उम्मीदों का प्रकाश करती है तो कभी
हसरतें डूब के रह जाती हैं।
कभी चन्द लम्हे सुकून के देते हैं ये
और फिर बेकरारियों में डुबा देती है ज़िन्दगी।
कितने तूफ़ानों का सिला देती है ये
अजीब कशमकश नाम है ज़िन्दगी।
कभी रौशन तो कभी स्याह है ज़िन्दगी
ज़िन्दगी इसे कोई न जान पाये
बड़ी खामोश-सी है ये ज़िन्दगी।

जीतने वाला बनाम हारने वाला

हिना
बी.एससी.-प्रथम वर्ष

जीतने वाला हमेशा समाधान का हिस्सा होता है।
हारने वाला हमेशा समस्या का हिस्सा होता है।
जीतने वाले के पास हमेशा कोई न कोई कार्यक्रम हारने वाले के पास कोई न कोई बहाना।
जीतने वाला कहता है, "मैं आपके लिए यह काम कर देता हूँ।"
हारने वाला कहता है, "यह मेरा काम नहीं है।"
जीतने वाले के पास हर समस्या का कोई न कोई समाधान होता है।
हारने वाले के पास समस्या है हर समाधान के लिए।
जीतने वाला कहता है, "मुश्किल होने के बावजूद यह काम किया जा सकता है।"
हारने वाला कहता है, "इस काम को किया जा सकता है, पर यह बहुत मुश्किल है।"
कोई गलती करने पर जीतने वाला कहता है, "मैं गलत था।"
हारने वाले से कोई गलती होती है तो वह कहता है, "इसमें मेरी कोई गलती नहीं थी।"
जीतने वाला वचनबद्ध होता है।
हारने वाला खोखले वायदे करता है।
जीतने वाले की आँखों में कामयाबी के सपने होते हैं।
हारने वाले के पास खोखली योजनाएँ होती हैं।
जीतने वाला कहता है, "मुझे कुछ करना है।"
हारने वाला कहता है, "कुछ होना चाहिए।"
जीतने वाला लाभ को देखता है।
हारने वाला तकलीफ को देखता है।
जीतने वाला सँभावनाओं को देखता है।
हारने वाला समस्याओं को देखता है।
जीतने वाला "सभी की जीत" के सिद्धांत में विश्वास करता है।
हारने वाला मानता है कि जीतने के लिए किसी का हारना ज़रूरी है।
जीतने वाला आने वाले कल को देखता है।
हारने वाला बीते कल को देखता है।
जीतने वाला सोचकर बोलता है।
हारने वाला बोलकर सोचता है।
जीतने वाला स्थिर स्वभाव वाले तापस्थायी (थर्मोस्टेट) जैसा होता है।
हारने वाला तापमापी (थर्मोमीटर) जैसा होता है।
जीतने वाला विनम्र शब्दों में कड़े तर्क पेश करता है।
हारने वाला बड़े शब्दों में कमज़ोर तर्क पेश करता हैं
जीते वाला बुनियादी मूल्यों (वैल्यू) पर मज़बूती से टिका रहता है पर छोटी-छोटी चीज़ों पर समझौता कर लेता है।
हारने वाला छोटी-छोटी बातों पर अड़ जाता है, लेकिन मूल्यों पर समझौता कर लेता है।
जीतने वाला दूसरों की भावनाओं को महसूस करने में विश्वास करता है।
वह मानता है कि दूसरों के साथ वैसा व्यवहार नहीं करना चाहिए जैसे व्यवहार की उम्मीद हम दूसरों से अपने लिए नहीं करते।
हारने वाला इसमें विश्वास करता है कि दूसरे तुम्हारे साथ युद्ध करे, उससे पहले ही तुम वह काम उनके साथ कर दो।
जीतने वाले काम को अंजाम देते हैं।
हारने वाले काम के होने का इंतज़ार करते हैं।
जीतने वाला जीतने की योजना बनाता है और तैयारी करते हैं। तैयारी ही मूलमंत्र है।

समय का महत्व

अनु वर्मा
बी.ए.-प्रथम वर्ष

वक्त क्या है, कौन जान पाता है
यह तो जैसे एक हवा का झोंका है, आता है चला जाता है।
हर शख्स सोचता है, मेरे पास अभी वक्त है
पर वक्त इसी सोच में गुज़र जाता है।
जिस आदमी ने वक्त की कदर न की कभी
उस आदमी के काम पीछे रह गए सभी
जब तलक होश उसे आता है
सिर्फ अफसोस ही उसके हाथ में रह जाता है
यूँ तो दुनिया में बहुत ग़म हुआ करते हैं
पर वक्त की मार से कुछ और आलम हुआ करते हैं
वक्त की मार जिस पर पड़ती है
वो क्या से क्या हो जाते हैं
अच्छा भी वक्त आता है, बुरा भी वक्त आता है
पर इंसान वही जो, हर हाल में मुस्कुराता है
मुस्कुराना ही हमें जीना सिखाता है
और वक्त का आईना यही हमें दिखाता है।

मत करना नज़र अंदाज़ माँ-बाप की तकलीफ़ों को
जब ये बिछड़ जाते हैं, तो
रेशम के तकियों पर भी नींद नहीं आती।
सम्पन्नता मन से होती है, धन से नहीं
बड़प्पन बुद्धि से होता है, उम्र से नहीं।
मैं शुक्रगुज़ार हूँ उन तमाम लोगों का
जिन्होंने बुरे वक्त में मेरा साथ छोड़ दिया
क्योंकि उन्हें भरोसा था कि मैं
मुसीबतों से अकेले ही लड़ सकता हूँ।
तू छोड़ दे कोशिशें इंसानों को पहचानने की
यहाँ ज़रूरतों के हिसाब से, सब बदलते नकाब हैं
अपने गुनाहों पर पर्दे डालकर
हर शख्स कहता है, ज़माना बड़ा खराब है।
मत करना कभी गुरूर अपने आप पर ऐ इंसान
न जाने खुदा ने तेरे और मेरे जैसे
कितने मिट्टी के बनाकर मिट्टी में मिला दिए।
पैसा इंसान को ऊपर ले जा सकता है
लेकिन इंसान पैसे को ऊपर नहीं ले जा सकता।

नोटबंदी पर ग़ालिब का दर्द

प्रियंका
बी.एससी.-द्वितीय वर्ष

बदलवा दे मेरे नोट ऐ ग़ालिब
या वो जगह बता दे, जहाँ कतार न हो...
उमरे दराज़ माँग कर लाए थे चार दिन,
दो कमाने में लग गए, दो बदलवाने में।

मेरा गाँव

छवि नायक
बी.एससी.-प्रथम वर्ष

मेरा गाँव इतना प्यारा
जैसे होता चन्द्रमा न्यारा
चारों तरफ रहती हरियाली
फूलों से खिल उठी हरेक डाली
इसके चारों तरफ है जंगल हज़ार
जिसमें उठती है जानवरों की दहाड़।
देखो चारों दिशाओं की ओर
दिखती है पहाड़ों की होड़
इतनी ऊँची-ऊँची चोटियाँ शोभाशाली
चढ़ते-चढ़ते निकले जान सारी।
ऊँचे, टेढ़े-मेढ़े रास्तों पर चलती है गाड़ी
गंगा के कारण आ जाती है कभी बाढ़ भारी।
संगम स्थल है यह तीन नदियों का
अलकनंदा, भागीरथी और मंदाकिनी मिलकर
बनती है गंगा
यह है मेरे पूर्वजों की आँखों का तारा,
जो लगता है मुझको सबसे प्यारा।

एक दीप जला दें

रोहिणी
बी.ए.-प्रथम वर्ष

यदि ईट पर ईट धरें तो
महल खड़ा हो जाएगा
छोटा सा एक दीप जला दो
अंधकार मिट जाएगा
नन्हा बीज यदि बो दें हम
वही वृक्ष बन जायेगा
अच्छे-अच्छे काम करें तो
देश बड़ा बन जाएगा।
बूँद-बूँद घट में डालें तो
घड़ा शीघ्र भर जाएगा
सब मिलकर जब करें सामना
शत्रु नहीं टिक पाएगा
बिना रूके चलते जाए तो
लक्ष्य हमें मिल जाएगा
मधुर बोल यदि हम बोलें तो
अपनापन बढ़ जाएगा।

मुझे मत काटो

टिवंकल
बी.ए.-प्रथम वर्ष

चीख -चीखकर कह रहे हैं पेड़
मुझे मत काटो, मुझे मत काटो
तुम्हें फल-फूलों से सजी-भरी धरती दी,
मैंने हवा को शुद्ध किया
मैंने तुम्हारे प्राणों की रक्षा की
मेरे ही कारण आज तुम बड़े-बड़े महलों में रहते हो
मेरे ही कारण तुम वर्षा एवं भीषण
सर्दी से स्वयं को बचा पाते हो
मैंने सदैव तुम्हे धन-धान्य से परिपूर्ण किया।
तुम मुझे क्यों सताते हो?
मुझे बचाओ मुझे बचाओ
मुझे मत काटो, मुझे मत काटो।

आज़ादी

अमित पँवार
बी.एससी.-प्रथम वर्ष

आज तिरंगा फहराता है, अपनी पूरी शान से।
हमें मिली आज़ादी वीर शहीदों के बलिदान से॥
आज़ादी के लिए न्यारी, लम्बी चली लड़ाई थी।
लाखों लोगों ने प्राणों से, कीमत बड़ी चुकाई थी॥
व्यापारी बनकर आए और छल से हम पर राज किया।
हमको आपस में लड़वाने की नीति अपनाई थी॥
हमने अपना गौरव पाया, अपने स्वाभिमान से।
हमें मिली आज़ादी, वीर शहीदों के बलिदान से॥
गाँधी, तिलक, सुभाष, जवाहर का प्यारा यह न देश है।
जियो और जीने दो का, सबको देता संदेश है॥
प्रहरी बन कर खड़ा हिमालय, जिसके उत्तर द्वार पर
हिन्द महासागर दक्षिण में, इसके लिए विशेष है॥
लगी गूँजने दसों दिशाएँ, वीरों के यशगान से।
हमें मिली आज़ादी, वीर शहीदों के बलिदान से॥
हमें हमारी मातृभूमि से इतना मिला दुलार है।
इसके आँचल की छाया से, छोटा ये संसार है॥
हम न कभी हिंसा के आगे, अपना शीश झुकायेंगे।
सच पूछो तो पूरा विश्व, हमारा ही परिवार है॥
विश्व शांति की चली हवाएं, अपने हिन्दुस्तान से।
हमें मिली आज़ादी वीर शहीदों के बलिदान से॥

ऐतिहासिक तथ्य

मौहम्मद सलमान
बी.एससी.-प्रथम वर्ष

भारत की प्रथम महिला आई.ए.एस. ऑफिसर कौन थी?	आना रामाजन मल्होत्रा
बैंक को हिन्दी में क्या कहा जाता है?	अधिकोश
फेसबुक के मुख्य संस्थापक कौन हैं?	मार्क जुकरबर्ग
राज्य सरकार ने किसानों के लिए सूर्य शक्ति योजना शुरू की है?	गुजरात सरकार
भारत को विश्व के सबसे अमीर देशों की सूची में कौन सा स्थान मिला है?	6 (छठा)
विश्व की सबसे लम्बी सुरंग है?	नॉर्वे सुरंग
विश्व का सबसे बड़ा पक्षी कौन सा है?	शुतुरमुर्ग
विश्व का सबसे छोटा पक्षी कौन सा है?	गुनगुना पक्षी
विश्व का प्रथम विश्वविद्यालय कौन सा है?	तक्षशिला विश्वविद्यालय
विश्व का प्रथम कागज़ी मुद्रा जारी करने वाला देश कौन सा है?	चीन
विश्व जल दिवस कब मनाया जाता है?	22 मार्च
सामान्य किस्म का कोयला कौन सा है?	बिटुमिनस
कौन सा पक्षी पानी में 20 मिनट तक अपनी साँस रोक सकता है?	पेंगुइन
भारत में सूरज सबसे पहले किस राज्य में निकलता है?	अरूणाचल प्रदेश
चाय में कौन सा उत्तेजक पदार्थ पाया जाता है?	थीन व टेनिन
कॉफी में कौन सा उत्तेजक पदार्थ पाया जाता है?	कैफीन
दूध में उपस्थित प्रोटीन होता है?	कैसीन
भारत में सर्वप्रथम किस वर्ष एड्स की पहचान की गई?	1986
मनुष्य मस्तिष्क का सबसे बड़ा भाग है?	सेरीब्रम
भारत के किस राज्य का अपना अलग झण्डा होता है?	जम्मू-कश्मीर
जहरीले पदार्थों को कहा जाता है?	टॉक्सिन

पैसा जीवन का उद्देश्य नहीं

फातिमा नूर
बी.एससी.-प्रथम वर्ष

पैसे से मूर्ति खरीद सकते हैं, भगवान नहीं
पैसे से बिस्तर खरीद सकते हैं, नींद नहीं
पैसे से भोजन खरीद सकते हैं, भूख नहीं
पैसे से ऐनक खरीद सकते हैं, आँखें नहीं
पैसे से आदमी खरीद सकते हैं, वफ़ादारी नहीं
पैसे से दवा खरीद सकते हैं, स्वास्थ्य नहीं
पैसे से किताबें खरीद सकते हैं, ज्ञान नहीं
पैसे से पाउडर खरीद सकते हैं, सुन्दरता नहीं
पैसे से कलम खरीद सकते हैं, विचार नहीं
पैसे से नौकर खरीद सकते हैं, सेवक नहीं
पैसे से औरत खरीद सकते हैं, पत्नी नहीं
पैसे से शस्त्र खरीद सकते हैं, हौसला नहीं
पैसे से सुख-साधन खरीद सकते हैं, शान्ति नहीं
पैसे से शरीर खरीद सकते हैं, आत्मा नहीं।

जीवन के तीन मंत्र

कार्तिक
बी.ए.-द्वितीय वर्ष

खुशी में वचन न दें।
क्रोध में उत्तर न दें।
दु:ख में निर्णय न लें।
देने के लिए दान
लेने के लिए ज्ञान
और त्यागने के लिए
अभिमान सर्वश्रेष्ठ है।

प्रकृति

ख्याति वर्मा
बी.कॉम.-प्रथम वर्ष

कलयुग में अपराध का
बढ़ा अब इतना प्रकोप
आज फिर से काँप उठी
देखो धरती माता की कोख।
समय-समय पर प्रकृति
देती रही कोई न कोई चोट
लालच में इतना अँधा हुआ
मानव को नहीं रहा कोई खौफ़।
कहीं बाढ़, कहीं पर सूखा
कभी महामारी का प्रकोप।
यदा कदा धरती हिलती
फिर भूकम्प से मरते बे मौत।
मंदिर मस्जिद और गुरूद्वारे
चढ़ गए भेंट राजनीति के लोभ
वन सम्पदा, नहीं पहाड़, झरने
इनको मिटा रहा इंसान हर रोज़।
सबको अपनी चाह लगी है
नहीं रहा अब प्रकृति का शौक
धर्म करे जब बातें जनमानस की
दुनिया वालों को लगता है जोक।
कलयुग में अपराध का
बढ़ा अब इतना प्रकोप
आज फिर से काँप उठी
देखो धरती माता की कोख।

पैसे की सीमा

स्वाति
बी.ए.-द्वितीय वर्ष

पैसा किताब खरीद सकता है-विद्या नहीं।
पैसा संगीत खरीद सकता है-स्वर नहीं।
पैसा डॉक्टर खरीद सकता है- जीवन नहीं।
पैसा मूर्ति खरीद सकता है- भगवान नहीं।
पैसा शरीर खरीद सकता है- आत्मा नहीं।
पैसा नारी खरीद सकता है-पत्नी नहीं।
पैसा लड़का खरीद सकता है- बेटा नहीं।
पैसा आराम खरीद सकता है-चैन नहीं।
पैसा तलवार खरीद सकता है-साहस नहीं।

जिन्दगी के स्टेटस

शीबा परवीन
बी.ए.-तृतीय वर्ष

मैं कुछ खास तो नहीं हूँ दुनिया में, लेकिन मेरे जैसे लोग कम हैं।

खुश हूँ मैं.....क्योंकि मुझे सपनों से ज़्यादा अपनों की फिक्र है।

हो सके तो दिलों में रहना सीखो, गुरूर में तो हर कोई रहता है।

गलतियाँ कर सकती हूँ, पर किसी का गलत नहीं कर सकती।

सोच ब्रांडेड होनी चाहिए, कपड़े नहीं।

ज़िन्दगी को रिवाइंड में नहीं, प्ले मोड में जीना चाहिए।

लाइफ का फण्डा कहता है, बातें उन्हीं से करो जिनसे करना पसंद हो

बट आई वांट टू टेल यू

बातें उन्हीं से करो जिन्हें आपकी बातें सुनना पसंद हो।

जिन्दगी ने दिए है बहुत धोखे, बट कोई बात नहीं इट्स ओके

लाइफ तो एक फोटोग्राफी है, उसे अच्छे से एडिट करो, फिर देखो ये दुनिया उसे कितना लाइक करती है।

मुझे दोस्ती करनी है वक्त के साथ, सुना है ये अच्छे-अच्छे को बदल देता है।

कुछ लोगों ने मुझसे कहा- बहुत बदल गई है यार तू... मैंने मुस्कुराकर कहा- लोगों के हिसाब से जीना छोड़ दिया है मैंने।

जो लोग पीठ पीछे मेरी बुराई करते हैं न, उन्हें मैं बहुत पसंद करती हूँ, क्योंकि ये वो लोग हैं जो नि:शुल्क मेरा प्रचार करते हैं।

गुस्से के तेज़ लोग अक्सर दिल के साफ हुआ करते हैं।

हमेशा ज़िन्दगी में ऐसे लोगों को पसंद करो, जिनका दिल चेहरे से ज़्यादा खूबसूरत हो।

नौकरी

अंकेश कुमार
बी.एससी.-द्वितीय वर्ष

बड़ी हसीन होगी तू ऐ नौकरी
सारे युवा आज तुझपे ही मरते हैं
सुख चैन खोकर, चटाई पर सोकर
सारी रात जागकर पन्ने पलटते हैं
दिन में तहरी और रात को मैगी
आधे पेट ही खाके तेरा नाम जपते हैं
सारे युवा आज तुझपे ही मरते हैं।
अंजान शहर में छोटा सस्ता रूम लेके
किचन बेडरूम सब उसी में सहेज के
चाहत में तेरी अपने माँ-बाप और
दोस्तों से दूर रहते हैं
सारे युवा आज तुझपे ही मरते हैं।

राशन की गठरी सिर पर उठाये
अपनी मजबूरियाँ और मायूसी खुद ही छुपाये
खचाखच भरे ट्रेन में बिना टिकट के
रिस्क लेके सफर करते हैं
सारे युवा आज तुझपे ही मरते हैं
इंटरनेट अखबारों में तुझको ही तलाशते हैं
तेरे लिए पत्र-पत्रिकाएं पढ़ते-पढ़ते बत्तीस साल
तक के जवान
कुँवारे फिरते हैं
बड़ी हसीन होती तू ऐ नौकरी
सारे युवा आज तुझपे ही मरते हैं।

आओ फिर दीप जलाएं

(अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा रचित)

प्रस्तुति
शीतल
बी.एससी.-द्वितीय वर्ष

भरी दुपहरी में अँधियारा
सूरज परछाई से हारा
अंतरतन का नेह निचोड़े, बुझी हुई बाती सुलगाए
आओ फिर दीया जलाएँ।
हम पड़ाव को समझे मंजिल
लक्ष्य हुआ आँखों से ओझल
वर्तमान के मोह जाल में, आने वाला कल न भुलाएँ
आओ फिर से दीया जलाएं।
आहुति बाकी, यज्ञ अधूरा
अपनों के विघ्नों ने घेरा
अंतिम जय का दर्ज बनाने,
नर दधीचि हड्डियाँ लगाएँ
आओ फिर से दीया जलाएं।

शायरी

साक्षी देवी
बी.कॉम.-प्रथम वर्ष

ले आँख मीच अन्याय देख
खून नहीं वह पानी है
हिन्दी से जिसको प्यार नहीं
वह कैसा हिन्दुस्तानी है॥

प्रेरणा शहीदों से अगर हम नहीं लेंगे
आजादी ढलती हुई साँझ हो जाएगी।
शहीदों की पूजा हम नहीं करेंगे,
तो यह मानो वीरता बाँझ हो जाएगी।

अंजान है वो व्यक्ति जो गुरूओं का अपमान करते हैं।
अरे गुरू तो वो कोहिनूर है जिन्हें देखकर भगवान भी प्रणाम करते हैं।

शिक्षक

सिमरन
बी.कॉम.-प्रथम वर्ष

माँ-बाप से भी ज़्यादा ऊँचा मान होता है
भारत में शिक्षकों का सम्मान होता है।
प्यार से डाँट से या कभी इंकार से
शिष्यों के लिए शिक्षक वरदान होता है।
मिट्टी को कोहिनूर सा बनाना
नींव के ईटों में योगदान होता है।
ज्ञान का भण्डार इनके चरणों में
रोम-रोम इनसे प्रकाश मान होता है।
जीवन अंश 'मानस' चरणों में है अर्पण
आँख खोल देता है कृपानिधान होता है
भारत में शिक्षकों का सम्मान होता है।

किताब

आशु
बी.ए.-प्रथम वर्ष

सरस्वती माता ने ज्ञान का वरदान दिया
किताबों को पढ़ने का वरदान दिया।
किताबों में है जो ज्ञान
वो ज्ञान किसी और में नहीं
किताबें कभी ग़लत नहीं सिखाती
देती है हमें हमेशा ज्ञान।
किताबे हैं ईश्वर के समान
न करो कभी इनका अपमान
ज्ञान है यह हमको देती
करो इनका सदा सम्मान।
किताबें कभी धोखा न देंगी
देंगी हमेशा किताबें हमारा साथ
ज्ञान करो इनका मन से प्राप्त

देवी ज्ञान माता देवी हमेशा साथ।
छोड़ दे साथ सारा संसार
न छोड़े किताबें कभी हमारा हाथ।
जानता है यह, ये सारा संसार
कि सच्ची मित्र है हमारी किताब।
किताबें हैं कितनी अनमोल
ज्ञान है इनका बड़ा सर्वश्रेष्ठ
खरीद सकते हो तुम कुछ भी
खरीद नहीं सकते किताबों का ज्ञान।
बुरा है आज का संसार
करता न किताबों का सम्मान
पर्चे फाड़ किताबों के
करता है किताबों का अपमान।

शांति की तलाश

मनीषा
बी.ए.-प्रथम वर्ष

शांति इंसान के अंदर ही
है उसे बाहर तलाश करने
का कोई फायदा नहीं है
आप चाहे कितने भी
पवित्र शब्दों को पढ़
या बोल लें लेकिन
जब तक उन पर
अमल नहीं करते
उसका कोई फायदा नहीं है।
हर इंसान को यह
अधिकार है कि वह
अपनी दुनिया की
खोज स्वयं करे।
मैं कभी नहीं देखती कि
क्या किया जा चुका है
मैं हमेशा देखती हूँ कि
क्या किया जाना बाकी है।
हम अकेले पैदा होते हैं
और अकेले ही मृत्यु
को प्राप्त होते हैं
इसलिए हमारे
अलावा कोई और
हमारी किस्मत का
फैसला नहीं कर सकता।
अगर आप वाकई में
अपने आप से प्रेम
करते हैं तो आप
कभी भी दूसरों को
दु:ख नहीं पहुँचा सकते।
घृणा-घृणा करने से
कम नहीं होती
बल्कि प्रेम से
घटती है यही
शाश्वत नियम है।
अतीत पर ध्यान
मत दो भविष्य का
सपना भी मत देखो
वर्तमान पर ध्यान
केन्द्रित करो।

जीवन बीत चला

शीतल
बी.एससी.-द्वितीय वर्ष

कल कल करते आज
हाथ से निकले सारे
भूत भविष्य की चिंता में
वर्तमान की बाज़ी हारे
पहरा कोई काम न आया
रंग्रशट रीत चला
जीवन बीत चला।

हानि लाभ के पलड़ों में
तुसत जीवन व्यापार हो गया
मोल लगा बिकने वालों का
बिना बिका बेकार हो गया
मुझे हाट में छोड़ अकेला
एक-एक कर मीत चला
जीवन बीत चला

अँधेरी रात

गुरुप्रीत
बी.ए.-द्वितीय वर्ष

अँधेरी ये रात
सपनों की सौगात
हज़ारों इसमें सपने
फिर भी नहीं है अपने
नहीं भाती अँधेरी रात
भोर की किरण करती सौगात
भोर की किरणों को
सहारा बनाकर चलना सीख रही हूँ
अँधेरी ये रात
इसे उधेड़ना सीख रही हूँ।

क्या लिखूँ

रूपा सैनी
बी.ए.-प्रथम वर्ष

महाविद्यालय की पत्रिका छप रही थी
मिला मुझे यह समाचार
सोचा मैं भी लिख डालूँ लेख दो-चार
कविता लिखूँ कहानी लिखूँ या फिर कोई लेख
इसी सोच में बैठी मैं सिर तकिए पर टेक
पूछा भैया विषय बताओ या कोई प्रसंग
जिसे पढ़े मज़े से सब लोग हो न कोई तंग
इन्हीं विचारों से खोकर जब दिमाग होने लगा खाली
तब मैंने टूटे फूटे शब्दों में यह कविता लिख डाली।

भूल

अनिल
बी.ए.-द्वितीय वर्ष

जो भूल कर जाए उसे नादान कहते हैं
जो भूल करता रहे उसे मूर्ख कहते हैं
जो भूल करके मुस्कुराए उसे शैतान कहते हैं
जो भूल कर भूल से सीखे उसे बुद्धिमान कहते हैं
जो कभी भूल न करे उसे भगवान कहते हैं

विश्वास कर्म पर

समता
बी.ए.-प्रथम वर्ष

पावक सा था मन मेरा
फिर भी यूँ ही भटकती रही
नभ की नीड़ पकड़े यूँ ही
मैं चलती रही...
भाग्य का हाथ छोड़ कर्म
को साथ लिए चलती रही
अनजान परिणाम से फिर
भी नभ की नीड़ पकड़े यूँ ही
मैं चलती रही.....
सफलता मिलेगी मुझे यह
विश्वास पा मनको तभी
तो कर्म में विश्वास करती
रही नभ कि नीड पकड़े यूँ ही
मैं चलती रही....

दुनिया का बोझ

शिवानी कपूर
बी.ए.-द्वितीय वर्ष

दुनिया का उठाकर बोझ
खुद एक बोझ कहलाई है
हारकर अपनी खुशी, जीत में दु:ख ही लाई है
होठों पर लाकर हँसी, आँखों की नमी छुपाई है
बीवी बनकर किसी का घर बसाया
तकलीफें सहकर माँ कहलाई है
अँधेरे में रहकर भी रोशनी बनी खुद
फिर भी क्यों ये दुनिया को नही दिख पाई है।
आसमान से ऊँचा है इसका सिर
समंदर से गहरी इसकी गहराई है
फूल से भी नाजुक तन है इसका
पर्वतों से भी कठोर इसकी परछाई है
पहेली है ये अजीब कितनी
सुलझ कर भी नहीं सुलझ पाई है
हाय रे! यह कैसी किस्मत
एक लड़की लेकर आई है।
माँ तूने भगवान को जना है
संसार तेरे ही दम से बना है
तू मेरी पूजा है मन्नत है मेरी
तेरी ही कदमों में जन्नत है मेरी।

आस

दुष्यंत शर्मा
चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

बन्धन दो जीवन भर का
बन्धन का आभास न दो
मृग तृष्णा हो जाए जीवन
ऐसी मुझको प्यास न दो
मुट्ठी भर देदो अपनापन
ये सारा आकाश न दो
बस कुछ क्षण देदो अपने
लोगों का उपहास न दो
क्षण भंगुर है प्यार तुम्हारा
तुम ऐसा विश्वास न दो
सुधापान अधिकार मुझे दो
यूँ निर्जल उपवास न दो
प्रणयदान दे दो मुझे
मुझको झूठी आस न दो
अंतिम हो जाए जीवन
ऐसी कोई साँस न दो

मेरे मन की अभिलाषा

स्वाति
बी.ए.-प्रथम वर्ष

चाहती हूँ मैं इस संसार में
कुछ नाम कमा के जाऊँ
पढ़-लिखकर महान बनकर
सबके मन को भाऊँ।
चाहती हूँ मैं सभी लोगों में
प्रेम भावना लाऊँ
जो अशिक्षित बने हैं
उन्हें शिक्षित बनाऊँ
देख-देखकर मुझे दुनिया वाले
देखते ही रह जायें
और मेरी प्रेम भावना
वो सबको बतलाए
चाहती हूँ मैं नाम कमाना
और ऊँचे पद पर जाऊँ
समाज के सभी बच्चों को
अपने साथ आगे बढ़ाऊँ
चाहती हूँ मैं अपनी इच्छा
पूरी करके जाऊँ
समाज में एक टीचर बनकर
बच्चों को शिक्षा दिलाऊँ।

जीवन में अनमोल वचन

अनु वर्मा
बी.ए.-प्रथम वर्ष

दुनिया का सबसे बड़ा कार्य हमारी व आपकी मेहनत है।
जो हाथ सदा सेवा के लिए उठते हैं, वे प्रार्थना करने वाले हाथों से भी पवित्र होते हैं।
स्वार्थ में अच्छाईयाँ, ऐसे खो जाती हैं जैसे मानो समुद्र में नदियाँ।
दुनिया का सबसे बड़ा ज़ेवर उसका अपना चरित्र होता है।
धन से पुस्तक मिलती है, किन्तु ज्ञान नहीं,
धन से आभूषण मिलते हैं, किन्तु रूप नहीं।
इस तरह न खर्च करो कि कर्ज़ा हो जाए।
इस प्रकार कमाओ कि पाप न हो जाए।

कविता

नुसरत
बी.कॉम-द्वितीय वर्ष

इस जीवन की चादर में
साँसों के ताने बाने हैं
दु:ख की थोड़ी सी सलवट है
सुख के कुछ फूल सुहाने हैं
क्यों सोचें आगे क्या होगा
अब कल के कौन ठिकाने हैं
ऊपर बैठा वो बाज़ीगर
जाने क्या मन में ठाने है
चाहे जितना भी जतन करे
भरने का दामन तारों से
झोली में वो ही आएँगे
जो तेरे नाम के दाने हैं....

भारत के वीर जवान

अमजद
बी.एससी.-प्रथम वर्ष

नाज़ हमें है उन वीरों पर
जो मान बढ़ाकर आए हैं
दुश्मन को घुसकर के मारा
शान बढ़ाकर आए हैं।
मोदीजी अब मान गए हम, 56 इंची सीना है
कुचल मसल दो अब उन सबको,
जिन्होंने चैन हमारा छीना है
और आस है बड़ी वतन की, अरमान बढ़ाकर आए हैं।
नाज़ हमें है उन वीरों पर, जो मान बढ़ाकर आए हैं।
एक मरा तो 100 मारेंगे, अब रीत यही बन जाने दो
लहू का बदला सिर्फ लहू है, अब रीत यही बन जाने दो
गिन ले लाशें जाकर दुश्मन, श्मशान बढ़ा कर आए हैं
नाज़ हमें है उन वीरों पर, जो मान बढ़ाकर आए हैं
अब बारी उन गद्दारों की, जो घर के होकर डरते हैं
भारत की मिट्टी का अन्न खाते हैं, मगर उसी पर हँसते हैं
उनको भी चुन-चुन कर मारेंगे, ऐलान बड़ा कर आए हैं
नाज़ हमें उन वीरों पर, जो मान बढ़ाकर आए हैं
लेंगे बदला दुश्मनों से उनका, जो शहीद होकर आए हैं
नमन है उन वीरों को, जो तिरंगे में लिपटकर आए हैं
नाज़ है हमें उन वीरों पर, जो मान बढ़ाकर आए हैं।

शिक्षक का ज्ञान

मोनिका
बी.ए.-प्रथम वर्ष

नन्हे से कदमों को लेकर बढ़ चले हम ज्ञान की ओर
कभी न रूकेंगे कभी न झुकेंगे बढ़ चले हम ज्ञान की ओर
हम सब उनको शीश झुकाते जिनको ज्ञान की देवी कहते
वो ही ज्ञानी, वो ही महाज्ञानी ले जाती जो ज्ञान की ओर
नन्हे से कदमों को लेकर बढ़ चले हम ज्ञान की ओर
देकर माँ हमको सहृद बुद्धि जीवन को जीना सिखलाती
सत्य झूठ की राह बताती सबको ज्ञान की ओर ले जाती
अच्छी-अच्छी बातें सिखलाती हम सब चलते हैं इस ओर।
नन्हे से कदमों को लेकर बढ़े चले हम ज्ञान की ओर
अँधकार से लेकर जाती हमको उजाले की ओर
कभी गिरकर कभी सँभलकर मंज़िल तक
हमको पहुँचाती आओ बढ़े चले उस ओर।
नन्हे से कदमों को लेकर बढ़ चले हम ज्ञान की ओर
उन तक जो हमको पहुँचाते
ईश्वर की पहचान बताते
उनको कहते हैं हम शिक्षक
जिनको हम सब शीश झुकाते
ले जाते हमें वही इस ओर
नन्हे से कदमों को लेकर बढ़ चले हम ज्ञान की ओर

अडिग मन

श्रेव्या धीमान
बी.ए.-प्रथम वर्ष

तुम धीर बनो
तुम वीर बनो
सागर की भांति
गंभीर बनो।
मन अचल रखो
मन अडिग रखो
पर्वत की भाँति
स्थिर रखो
तुम कर्म करो
तुम धर्म करो
रेशम की भाँति
खुद को नरम रखो

-----x-----

कविता

श्रेव्या धीमान
बी.ए.-प्रथम वर्ष

आ गई है महाविद्यालय की पत्रिका
छा गई है महाविद्यालय की पत्रिका
बच्चों के दिल में समा गई पत्रिका
हर जगह देखो, छा गई पत्रिका
मेरा फोटो आया है
महाविद्यालय की मैग्ज़ीन में छाया है
दिल में खुशियाँ लाया है
दोस्तों को भाया है
मेरे लेखन का सुधार होगा
जीवन का सुधार होता
आ गई है महाविद्यालय की पत्रिका
छा गई है महाविद्यालय की पत्रिका

-----x-----

विचार

उस्मान आलम
बी.ए.-द्वितीय वर्ष

गरीब वह नहीं जिसके पास कम है, बल्कि वह जो अधिक चाहता है।
अँधेरी रात कितनी भी अँधेरी क्यों न हो, सूर्य आने के बाद समाप्त हो ही जाती है।
शिक्षक एवं शिक्षार्थी एक दूसरे के पूरक एवं पहचान हैं।
पुरूषार्थ वह है जो मानव को सप्रयास, प्रयत्नशील व महान बनाता है।
श्रेष्ठ ग्रन्थों को पढ़कर नहीं, जीवन में ग्रहण ही व्यक्ति महान बनता है।
भाषा बुद्धि का उपकरण मात्र है, जिसका सावधानी पूर्वक प्रयोग हो।
समय मूल्यवान है, आज का काम कल पर मत छोड़ो।
अगर सूरज की तरह चमकना है, तो सूरज की तरह जलना सीखो।

कॉलेज की दुनिया

मुनिश्ता अंसारी
बी.एससी.-प्रथम वर्ष

है दिल में जोश साँसों में तूफां
ये है अपनी कॉलेज की दुनिया
पढ़ना-लिखना तो चलता ही रहेगा
ऐसा तो कर कोई कुछ नहीं कहेगा।
यहाँ आके बस बिन्दरा हो जाओ।
ऊपर वाली छत पे गप्पे लड़ाओ।
लंच में कैन्टीन में चाय पीके आना।
इसके बाद लैक्चर में फिर नींद का बहाना।
इकट्ठे होकर एसाइन्मेंट बनाना
लास्ट डेट को सब्मिट कराना।
क्लास में कभी भी ध्यान नहीं
अरे! लैक्चर लगाना आसान नहीं
मच गया शोर हो गई लड़ाई
किसी की शर्ट तो किसी की टाई
अगले ही दिन ये कैसे हुआ ठंडा।
दादागिरी करने का सारा ये फंडा।
मानते हैं ये अपने आप को डॉन।
कॉलेज के बाद इन्हें पूछेगा कौन।
अरे छोड़ो ये झगड़े ध्यान लगाओ
कुछ भी करो बस पास हो जाओ।
दोस्तों में कभी-कभी रूठना मनाना
मिल के सब की खिल्ली उड़ाना।
मैडम भी आए तो उनको सताना
रोज़ लेट आने का नया बहाना
क्या कॉलेज में तू यही करने आता है।
ऐश के साथ-साथ यहाँ पढ़ना भी चाहिए
लाईफ बनानी है तो चमनलाल में आइए
कुछ भी कहो कॉलेज मस्त है
यही तो दिन है, जो याद आयेंगे
सोचो दोस्तों के बिन कैसे जी पायेंगे
लगता है मुझे ये गाना है अधूरा
बैठ के इसे फिर कभी लिखूँगी पूरा।

जिन्दगी की कहानी

साक्षी
बी.ए.-द्वितीय वर्ष

जिन्दगी को इतनी गंभीरता से
मत लेना यारों
यहाँ से जिन्दा बचकर
कोई नहीं जाएगा।

फूलों की तरह महकते रहो
सितारों की तरह चमकते रहो
किस्मत से मिली है ज़िन्दगी
खुद भी हँसो
और, औरों को भी हँसाओ।

शिक्षक वर्ग

बैठे हुये (बाँये से दाँये)– डॉ. मौ. इरफान, डॉ. प्रभात कुमार सिंह, डॉ. देवपाल, श्री राम कुमार शर्मा (अध्यक्ष, प्रबंध समिति), डॉ. सुशील उपाध्याय (प्राचार्य), डॉ. दीपा अग्रवाल, डॉ. तरूण कुमार गुप्ता, डॉ. किरन शर्मा

खडे हुये(बाँये से दाँये)– श्री विमलकान्त तिवारी, डॉ. मीरा चौरसिया, डॉ. अनीता रानी, कल्पना पँवार, डॉ. विधि त्यागी, डॉ. अपर्णा शर्मा, डॉ. ऋचा चौहान, श्रीमति शबनम

द्वितीय पंक्ति (बाँये से दाँये)– श्री विपुल सिंह, श्री विनीत कुमार, श्री राजेश कुमार, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, श्री कुलदीप कुमार, डॉ. नीशू कुमार, श्री आशुतोष शर्मा, श्री नवीन कुमार, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. सूर्यकान्त शर्मा

नवागत शिक्षक एवं कार्मिक

डॉ. अरविन्द कुमार
असिस्टेन्ट प्रोफेसर

डॉ. नीतू गुप्ता
असिस्टेन्ट प्रोफेसर



श्रीमती अनामिका चौहान
असिस्टेन्ट प्रोफेसर

डॉ. हिमाशु कुमार
असिस्टेन्ट प्रोफेसर

डॉ. पुनीता शर्मा
असिस्टेन्ट प्रोफेसर

डॉ. दीपिका सैनी
असिस्टेन्ट प्रोफेसर

श्री विदित कौशल
लेखाकार

श्रीमती मंजूलता
उप सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष

सुश्री वैशाली
प्रयोगशाला सहायक

प्रयोगशाला सहायक वर्ग

बैठे हुये (बाँये से दाँये)– श्री रामकुमार शर्मा (अध्यक्ष, प्रबंध समिति), डॉ. सुशील उपाध्याय (प्राचार्य)
खडे हुये (बॉये से दॉये) प्रथम पंक्ति – श्री अमित बहादुर, कु. सोनिया, प्रणीता भण्डारी, कु दीपाक्षी शर्मा, श्रीमति प्रियंका शर्मा, श्रीमति रीना गुप्ता
(बाँये से दाँये) द्वितीय पंक्ति– श्री नवेद आसिफ, श्री भुवनचन्द ब्रजवासी, श्री अभिषेक, श्री जितेश बगडवाल, श्री गौरव अग्रवाल

बैठे हुये (बाँये से दाँये)— श्रीमति मन्जू रानी, श्री दिनेश कुमार (कार्यालय अधीक्षक), डॉ. सुशील उपाध्याय (प्राचार्य), श्री राम कुमार शर्मा (अध्यक्ष, प्रबंध समिति), श्री अतुल हरित (कोषाध्यक्ष), श्री निशिथ कुमार

खड़े हुये (बाँये से दाँये)— श्री विपिन कुमार, श्री विशाल कुमार, श्री दीपक चौधरी, श्री दिनेश कौशिक, श्री सुमित कौशिक, श्री रविन्द्र सिंह, श्री सचिन शर्मा

बैठे हुये (बाँये से दाँये)– श्री दिनेश कुमार (कार्यालय अधीक्षक), डॉ. सुशील उपाध्याय (प्राचार्य), श्री राम कुमार शर्मा (अध्यक्ष प्रबंध समिति), श्री अतुल हरित (कोषाध्यक्ष)
खडे हुये (बाँये से दाँये) प्रथम पंक्ति– श्री सत्तार, श्री दुष्यन्त शर्मा, श्री अंकुर, श्री फारूख, श्री प्रदीप कुमार, श्रीमति अर्चना
(बाँये से दाँये) द्वितीय पंक्ति– श्री अनुज, श्री अनुराग पाल, श्री अर्जुन, श्री विशाल, श्री अमित

वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह–2018



ENGLISH SECTION

रविना
B.A 1st yr

Anti-reflection Coating

Dr. Arvind Kumar and Mr. Vipul Singh
Assistant Professor, Deptt. of Physics

What is Antireflection Coating

Reflection is a natural phenomenon, which occurs when light passes through one medium to another medium. For instance, ~9% of incident light is lost due to reflection at air/glass interface, which causes a performance deterioration of many optical and electronic devices. Therefore, this reflection loss cannot be ignored and should be minimized. Antireflection (AR) coatings/structures provide a solution to suppress the reflection loss. These AR coating applied to the surface of lenses and other optical elements to avoid the reflection loss (as shown in Fig. 1). For example, in typical imaging and display systems, this improves the efficiency since less light is lost. For solar energy application, efficiency of PV and solar thermal devices can be enhanced by utilizing the AR coatings/structures. In complex systems such as a telescope, the reduction in reflections also improves the contrast of the image by elimination of stray light.

Figure 1: Comparison between plain (left) and AR coated glass(right).

Basic principle of AR coatings

To achieve the AR property, two conditions should be satisfied for zero reflection :

(i) The optical thickness of the coating/structure should be ë/4, where ë is the wavelength of the incident light and (ii) the refractive index of the coating/structure (n_c) should be $\sqrt{n_{air} \times n_{glass}}$, where n_{air} and n_{glass} are refractive indices of air and glass substrates, respectively. Refractive index of glass is approximately 1.53, therefore, the ideal value of n_c would be 1.23 to achieve minimum reflection at glass/air interfaces. However, homogeneous coatings/structures, which satisfy these two conditions, cannot minimize the reflection over a broad range of wavelength. For broadband AR properties the refractive index should change gradually rather than a uniform refractive index in the coatings.

Examples of AR structures exist in nature

There are many motivating examples of sub-wavelength nanostructures present in the natural world, which exhibits excellent broadband AR effect over a wide range of angles of incidence. For instance, hawk moths wings (*Cephonodes* and *Cryptotympana*), *Greta oto* butterfly wing, Cicada wings, moth eyes, have been inspired researchers to mimic these structure on various substrates for optical and electronics applications. To achieve the high quality AR nanostructures, the feature size must be restricted to sub-wavelength or else it would otherwise reduce the transparency *via* light scattering. Additionally, for broadband omnidirectional AR, the aspect ratio of these nanostructures should be as high as possible.

Applications of AR Coatings

AR coating can be used in various optical and electronic applications such as eye glasses, camera lenses, LEDs, sola cells, displays, etc. For example, AR coating on eye glasses improves vision, therefore, reduces eye strain on eyes. In addition, these coating makes eyeglasses look more appealing. By eliminating reflections loss, AR coating also makes your eyeglass lenses nearly invisible so that your eyes and facial expressions can be seen more clearly in all lighting conditions (as shown in Fig. 2). These coatings have also been applied for solar energy application. When these coatings are applied to solar panel glasses, efficiency of solar panel can be improved (right side of Fig. 2). This enhancement is ascribed to the fact that AR glass allows more light to incident on solar cell, and hence generates more photocurrent.



Figure 2: Applications of AR coating for eye glasses (left) and for solar cell (right)

IMPORTANCE OF HOME SCIENCE IN OUR LIFE

Anamika Chauhan
Assistant Professor, Deptt. of Home Science

Home Science is concerned with the home, health and happiness of all the people living in it. As a field of specialization, Home Science draws its content from courses in both science and art. Thus, representing an interdisciplinary field that prepares young learners for the two most important goals in their lives - caring for their home and family as well as preparing for a career or vocation in life. Hence, its scope extends to activities associated with setting home based enterprises as well as consultancies.

Combination of science and art holds true in all the areas of Home Science. Some of these are as follows:

The interpersonal communication amongst family members;
The family that you care for;
The food that you eat;
The house that you live in;
The clothes that you wear;
The resources that you use;
The environment around you and the skills and environment that can lead to successful career.

Home Science is for both Boys and Girls:

- Both have to succeed in an increasingly competitive world.
- Both have to share household responsibilities and tasks.
- Both need to manage resources.
- In case of a problem they have to solve it together with other family members.
- Home Science offers varied vocational and professional avenues for both boys and girls.
- Joint knowledge and skills help to improve the standard of living.

AREAS OF SPECIALIZATION IN HOME SCIENCE

Home Science covers a few areas of specialization such as :-

1.Food and nutrition
2.Communication and Extension
3. Resource Management
4.Human Development
5.Fabric and apparel science.

We learn and develop good interpersonal relationships within and outside the family. We also learn to manage our resources like time, energy and money so that we get maximum satisfaction. Home science also involves learning the skills intending all this useful to our family or community, especially the underprivileged for better life.

CAREER OPPORTUNITIES IN HOME SCIENCE

Before you study the different opportunities available in the subject of Home Science, you must understand the concepts of wage employment and self-employment. To understand these concepts, let us take an example - a tailor who sets up a tailoring shop is self-employed whereas he/she is said to be in wage employment when he/she works in a garment factory and gets a salary or wage. Wage employment means that you work for another person and receive wages or salary for your services. Self-employment means that you are the owner of an enterprise which you run and finance.

You have already read that specializing in Home Science may choose to work in salaried jobs or as self-employed entrepreneurs or as consultants using any of the skills that they may have developed.

A NOTE ON DETERMINISTIC AND PROBABILISTIC MODELS OF THE INVENTORY SYSTEM

ANU SAYAL
PH.D SCHOLAR, DEPARTMENT OF MATHEMATICS,
UTTARAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY,
DEHRADUN-248001. UTTARAKHAND. INDIA.
E-MAIL ID: anu.sayal.07@gmail.com

A. P. SINGH
ASSOCIATE PROFESSOR, DEPARTMENT OF
MATHEMATICS, S.G.R.R.(PG) COLLEGE.
DEHRADUN-248001.UTTARAKHAND. INDIA

DEEPAK AGGARWAL
ASSOCIATE PROFESSOR, DEPARTMENT OF
MATHEMATICS, GRD IMT.
DEHRADUN-248001.UTTARAKHAND. INDIA

I. INTRODUCTION:

Inventory refers to the stock of goods which are preserved by an organisation to fulfil the future requirements. The inventory is primarily made up of raw materials, work in progress goods, finished goods and supplies. The basic motive behind maintaining a proper inventory is that the level of sale, time of production, demand as well as production time are unpredictable. Thus for the smooth functioning of any organisation it is mandatory to maintain proper system of the inventory. The inventory management primarily focuses on the fulfilment of the following objectives:

1. To ensure the independence of the operations.
2. To meet in the variation of the demand of products.
3. To allow a flexible schedule of production.
4. To ensure there is no time lag in supply of raw material.

The proper management of the inventory system serves as a sort of buffer in case of fluctuating demands and non-availability of the raw materials. The primary motive of the inventory management is to minimize the total cost of production of the commodity and to maximize the overall profit of the inventory system.

I.I INVENTORY COSTS:

Following costs are involved in the inventory system:

1. Holding or carrying cost: the cost required to hold the goods, commodities or the other economic resources in an inventory system.
2. Ordering cost: the cost required for ordering the calling, transportation or receiving of the commodities/ raw materials.
3. Shortage cost or the stock out cost: cost incurred due to shortage of goods or specific sales.
4. Setup or production cost: the cost incurred for the production process.
5. Total cost of the commodity.

I. II INVENTORY MODELS:

Depending on the pattern of demand the models of the inventory system can be classified as follows:

1. Deterministic inventory model: in which the rate of demand of the commodity is assumed to be constant.
2. Probabilistic inventory model: the rate of demand of the commodity fluctuates and it is expressed in the form of probabilistic terms.

